आज का मौसम
33.0⁰ अधिकतम तापमान
22.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.33
सूर्यास्त 06.51

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:02 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083
रविवार, 3 मई 2026, वर्ष 7, अंक 30, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

बंद हो गई 34 साल पुरानी स्पिरिट एयरलाइंस, 17 नौकरियों पर संकट-12

गोल्ड में 321 और ईटीएफ में 679 प्रतिशत का जबरदस्त बूम-12

होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध-13

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने अपने करियर की 350वीं जीत दर्ज की-14

बंगाल में मतगणना से नहीं हटेंगे केंद्र के कर्मचारी

मतगणना विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी की याचिका खारिज की कहा- कर्मचारियों की नियुक्ति चुनाव आयोग का विशेषाधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

> निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प खुला है कि मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक केंद्र सरकार के हों या राज्य सरकार के। यदि निर्वाचन आयोग यह भी कहता है कि दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारी नियुक्त किए जा सकते हैं, तब भी हम उन्हें गलत नहीं ठहरा सकते।

242 अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना को 'भयमुक्त और पारदर्शी' बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने शनिवार को अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य में 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात करने का आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। आमतौर पर मतगणना के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक तैनात नहीं किए जाते, लेकिन इस बार सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 77 विशेष पुलिस पर्यवेक्षक बाहर मोर्चा संभालेंगे।

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना में केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। शनिवार को अवकाश के दिन हुई एक विशेष सुनवाई में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के पास मतगणना के लिए केंद्र या राज्य सरकार के किसी भी कर्मचारी को नियुक्त करने का संवैधानिक अधिकार है।

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ढांचे को प्रभावी रूप से बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि चुनाव निकाय का 13 अप्रैल का परिपत्र कानून के विपरीत नहीं है। पीठ ने कहा कि आयोग के पास दोनों समूहों में से किसी भी समूह से मतगणना कर्मचारी को नियुक्त करने का अधिकार है। टीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आयोग के उस पत्र पर कड़ा ऐतराज जताया जिसमें संभावित अनियमितताओं की आशंका का जिक्र था। सिब्बल ने तर्क दिया कि यह राज्य सरकार के कर्मचारियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाने जैसा है। हमें यह क्यों नहीं बताया गया कि केवल केंद्र द्वारा नामित व्यक्तियों को ही नियुक्त किया जाएगा? उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर केंद्र पर पहले से ही माइक्रो-ऑब्जर्वर मौजूद हैं, तो इस नए बदलाव की क्या जरूरत थी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प मौजूद है कि वह मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक के रूप में केंद्र या राज्य में से किसी भी कर्मचारी को चुन सके। पीठ ने कहा कि यदि आयोग दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नियुक्त करने का निर्णय लेता है, तब भी हम उसे गलत नहीं ठहरा सकते, क्योंकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में है। जब सिब्बल ने मांग की कि कम से कम राज्य सरकार के नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, तो अदालत ने चुटकी लेते हुए पूछा, "यदि आप केवल परिपत्र का अनुपालन चाहते हैं, तो आप अदालत में क्यों हैं?

आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने स्पष्ट किया कि रिटर्निंग ऑफिसर राज्य का ही कर्मचारी होता है और उसे किसी भी समूह से कर्मियों को तैनात करने का पूर्ण अधिकार है। आयोग ने अदालत को आश्वस्त किया कि 13 अप्रैल के परिपत्र का अक्षरशः पालन किया जाएगा और मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। अदालत ने टीएमसी की विशेष अनुमति याचिका को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया कि आयोग के आश्वासन के बाद अब किसी और निर्देश की आवश्यकता नहीं है। अब 4 मई को होने वाली मतगणना में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी संयुक्त रूप से जिम्मेदारी संभालेंगे।

मोबाइल फोन पर गूंजा आपातकालीन अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

Wireless emergency alerts
Allow alerts
AMBER alerts
Test alerts
Emergency alert history

आपदा से निपटने की नई तकनीक

- **उद्देश्य** : बाढ़, भूकंप, सुनामी या अन्य आपात स्थितियों में लोगों की जान बचाना।
- **तकनीक** : इसे सी-डॉट (C-DOT) और NDMA ने मिलकर बनाया है, जो बिना इंटरनेट के भी काम करता है।
- **बीप साउंड** : संदेश आने पर फोन में एक तेज विशिष्ट ध्वनि (बीप) और कंपन होता है, भले ही फोन साइलेंट मोड पर हो।

संदेश मिलने पर क्या करें?

घबराएं नहीं : यह देखें कि संदेश परीक्षण है या वास्तविक चेतावनी। यदि संदेश पर परीक्षण है तो कार्रवाई की जरूरत नहीं है।
पूरा पढ़ें : संदेश में दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें कि आपदा किस तरह की है।
निर्देशों का पालन करें : यदि सुरक्षित स्थान पर जाने या सतर्क रहने को कहा गया है, तो तुरंत अमल करें।

केंद्र सरकार ने शनिवार को देश की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली की शुरुआत की। इस लॉन्चिंग के साथ ही देशभर के करोड़ों मोबाइल फोन पर एक विशेष चेतावनी संदेश और तेज बीप की आवाज सुनाई दी, जो इस बात का संकेत है कि अब भारत किसी भी प्राकृतिक आपदा या आपात स्थिति में अपने नागरिकों को सीधे और तुरंत सचेत करने में सक्षम है। यह उन्नत प्रणाली सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ मिलकर विकसित की है। इस प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे किसी इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है। यह सीधे सेल टावरों के माध्यम से क्षेत्र विशेष के सभी सक्रिय मोबाइलों पर संदेश भेज सकती है। दूरसंचार विभाग ने पहले ही सूचित कर दिया था कि यह एक परीक्षण प्रक्रिया है ताकि घबराहट न फैले। मोबाइल पर आए संदेश में स्पष्ट किया गया कि यह एक परीक्षण संदेश है, कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं है। हालांकि, सुरक्षा और चुनावी आचार संहिता के चलते वर्तमान में जिन राज्यों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है, उन्हें इस राष्ट्रव्यापी परीक्षण से बाहर रखा गया।

अंडमान में रचा इतिहास

समंदर के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा

श्री विजय पुरम। अंडमान और निकोबार प्रशासन ने शनिवार को स्वराज द्वीप (हैवलॉक) के राधानगर बीच पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया है। 60 मीटर लंबे और 40 मीटर चौड़े इस तिरंगे को समुद्र की गहराइयों में फहराने के लिए भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल, स्थानीय पुलिस और वन विभाग के गोताखोरों ने एक जटिल और समन्वित अभियान चलाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ऋषि नाथ ने शनिवार सुबह 10 :35 बजे औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और उपराज्यपाल डी. के. जोशी को विश्व रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र सौंपा। प्रशासन अब रविवार को स्वराज द्वीप के 'लाइटहाउस डाइव साइट' पर पानी के भीतर 'सबसे ऊंचा मानव पिरामिड' बनाने का एक और विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा।

22 से पहला चरण, पहली बार डिजिटल व स्वगणना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

जनगणना 2027

- सात से 21 मई तक ऑनलाइन स्व-गणना वैकल्पिक, 22 मई से घर-घर सर्वे
- जनगणना 2027 के संबंधित जानकारी प्राप्त करने टोल फ्री नंबर 1855 स्थापित

अमृत विचार : 'जनगणना 2027' के तहत उत्तर प्रदेश में जनगणना सात मई से शुरू होगी, संपूर्ण जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में आयोजित होगा।

इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जिसमें पहली बार स्व-गणना (सेल्फ इनुमेरेशन) की सुविधा भी दी गई है। इसके तहत आम नागरिक 07 मई से 21 मई 2026 के बीच आधिकारिक पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन भर सकेंगे। शनिवार को जनगणना कार्य निदेशालय, उप्र. की निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, उप्र. शीतल वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी, उनका कहना है कि स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करने पर प्रत्येक परिवार को एक यूनिक एसई आईडी (सेल्फ गणना आईडी) जारी हो जाएगा। इसके बाद जब प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे, तो एसईआईडी साझा करने के बाद ही मकान सूचीकरण की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

न्यायिक अधिकारी ने आत्महत्या की

नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग इलाके में दिल्ली न्यायिक सेवा के एक अधिकारी, अमन कुमार शर्मा का शव मिला है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे आत्महत्या का मामला बताया है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की हर कोण से जांच की जा रही है। रिकॉर्ड के अनुसार, शर्मा ने 19 जून, 2021 को दिल्ली न्यायिक सेवा में अपनी सेवाएं शुरू की थीं।

धोखाधड़ी में भगोड़ा कमलेश पारेख गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने 2,672 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़े कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण के बाद गिरफ्तार कर लिया।कोलकाता स्थित 'श्री गणेश ज्वैलरी हाउस (आई) लिमिटेड' के प्रमोटर पारेख पर 25 बैंकों के संघ से धोखाधड़ी का आरोप है। सीबीआई ने 2016 में इस घोटाले का मामला दर्ज किया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पारेख के खिलाफ 2019 में गैर-जमानती वारंट और 2024 में इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। शुक्रवार को यूएई से प्रत्यर्पण के बाद उसे भारत लाया गया।

धन शोधन में सिद्दीकी की जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। ईडी ने आरोपों की गंभीरता और जांच के महत्वपूर्ण चरण का हवाला दिया। सिद्दीकी पर फरीदाबाद स्थित अपने शिक्षण संस्थान में छात्रों की फीस से अवैध धन जुटाने और संस्थान की मान्यता के बारे में गलत जानकारी देने का आरोप है।

खुदी सड़कें तुरंत नहीं भरीं गई तो ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

जल जीवन मिशन

- मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को दिए स्थलीय निरीक्षण के आदेश, शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

18001212164 पर दर्ज कराएं शिकायत

जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आम लोग 18001212164 टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। राज्य सरकार के अनुसार, उत्तर प्रदेश में करीब 2.5 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत हो रही खुदाई कार्यों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खुदाई के बाद सड़कों और गड्ढों को तत्काल भरा जाए और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी, जल जीवन मिशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और खुदी सड़कों की स्थिति का आकलन कर तत्काल सुधार कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि अधूरे कार्य छोड़ने, समय पर काम पूरा न करने या लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें ब्लैकलिस्ट भी किया जाए। साथ ही जल समाधान पोर्टल पर दर्ज जलापूर्ति, लीकेज और खुदाई से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

कांकेर: आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट, डीआरजी के चार जवान शहीद

कांकेर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर जिला सीमा पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 'जिला रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) के एक अधिकारी सहित चार जवान शहीद हो गए। यह घटना छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के आदनार गांव के पास जंगल में हुई, जब सुरक्षाबल नक्सलियों द्वारा पूर्व में दबाई आईईडी को निष्क्रिय कर रहे थे।

राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी यह पहली बड़ी घटना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाबलों को गश्त और पुराने बारूदी सुरंगों को खोजने व निष्क्रिय करने के अभियान पर भेजा गया था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि आदनार के जंगल में आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। मौके पर ही तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल जवान को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आईजी सुंदरराज के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस लगातार पुराने डंप (छिपाए गए सामान) और आईईडी बरामद कर रही है।

ईंट से कूचकर घर के भीतर चार बच्चों की हत्या, आरोपी महिला फरार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- आईजी रेंज अयोध्या, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, मां पर हत्या का शक

> प्रारंभिक तौर पर प्रॉपर्टी विवाद की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। हत्या का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। फरार महिला की गिरफ्तार के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। - **प्राची सिंह**, एसपी अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जिले के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां घर के भीतर चार बच्चों की ईंट से कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई। आरोप बच्चों की मां पर है। महिला फरार है।

जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद मोहल्ले में नियाज की पत्नी गाजिया खातून(35) अपने चार बच्चों शफीक(14), सउद(12), उमर(10) और बेटी शादिया 8 वर्ष के साथ रहती हैं। पति नियाज सऊदी में है। वह पिछले चार साल से घर नहीं आया है। शनिवार दोपहर घर के अंदर ही आरोपी महिला गाजिया खातून ने चारों बच्चों को मेन गेट अंदर से बंद कर मार डाला। वारदात के बाद फरार हो गई। स्थानीय लोगों के शक की सूचना पर पुलिस पहुंची तो मासूम बच्चों का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। दरवाजा तोड़कर चारों शव पुलिस ने निकाले। पुलिस को शक है कि गाजिया खातून ने ही ईंट से वार कर मासूम बच्चों की हत्या की। वारदात को अंजाम देने के बाद गाजिया बालकनी से कूदकर फरार हो गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। आईजी रेंज अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन वर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मृतक बच्चों की मां गाजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। बताया जा रहा कि गाजिया के पति नियाज ने सऊदी में पाकिस्तानी नाम की महिला से शादी कर ली, इसी बात से महिला तनाव में थी और दो महीने से पूरा परिवार खत्म देने की धमकी देती थीं। वहीं दूसरी ओर प्रॉपर्टी विवाद भी सामने आया है।

स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर | सुरक्षा व गुणवत्ता पर फोकस, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, सेंसर स्कैनिंग से बदलेगा ट्रैफिक प्रबंधन का तरीका

एआई व स्विस तकनीक से स्मार्ट बन रहे एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

वैज्ञानिक तरीके से सड़क का आकलन

इस तकनीक के तहत एक विशेष वाहन का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें सात एक्सेलेरोमीटर सेंसर लगे हैं। यह वाहन एक्सप्रेस-वे की हर लेन पर चलकर सड़क की सतह, ऊंचाई के उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। इससे सड़क की वास्तविक स्थिति का सटीक और वैज्ञानिक मूल्यांकन संभव हो रहा है।

स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम से बढ़ेगी सुरक्षा

सरकार का फोकस केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि संचालन के दौरान भी एआई का उपयोग किया जा रहा है। एआई-सक्षम कैमरे ओवरस्पीडिंग और लेन उल्लंघन जैसी गतिविधियों को स्वत: चिन्हित करेंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है और ट्रैफिक प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा।

एआई से तय होगी गुणवत्ता की श्रेणी

सेंसर से प्राप्त आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रोसेस कर सड़क की गुणवत्ता को 'एक्सीलेंट', 'गुड' और 'पुअर' जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा रहा है। इससे निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही तय हो रही है और छोटी से छोटी खामी भी समय रहते पकड़ी जा रही है।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे निर्माण अब पारंपरिक मॉडल से आगे बढ़कर तकनीक-आधारित 'स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर' की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में जहां एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ, वहीं अब इन परियोजनाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्विस सेंसर तकनीक को शामिल किया गया है।

इस दिशा में उप्र. एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथारिटी ने ईटीएच जूरिच और आरटीडीटी लेबोरेट्रीज एजी के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत सड़क निर्माण को 'डेटा-ड्रिवन' और 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग' आधारित बनाया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे में भी इस तकनीक का उपयोग किया जा चुका है। नई व्यवस्था में सेंसर आधारित मॉड्यूल के जरिए निर्माण के हर चरण पर नजर रखी जा रही है, जिससे खामियों को तुरंत ठीक किया जा सके। यह पहल यूपी को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल से आगे ले जाकर 'स्मार्ट नेटवर्क' की श्रेणी में स्थापित कर रही है। एक्सप्रेस-वे अब केवल कनेक्टिविटी का माध्यम नहीं रहेंगे, बल्कि डेटा, तकनीक और आधुनिक प्रबंधन के समन्वय से संचालित इंटेलिजेंट सिस्टम के रूप में विकसित होंगे।

बीमा क्षेत्र में अब 100% विदेशी निवेश को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बीमा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दिया है। सरकार के इस कदम से अब विदेशी कंपनियां भारतीय बीमा कंपनियों और ब्रोकरेज जैसी बिचौलिया संस्थाओं में बिना किसी सरकारी अनुमति के पूरी हिस्सेदारी रख सकेंगी।

यह बदलाव 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) संशोधन नियम, 2026' के तहत प्रभावी हुआ है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए विदेशी निवेश की सीमा अभी भी 20 प्रतिशत पर ही सीमित रहेगी। संसद ने दिसंबर 2025 में 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक' पारित किया था, जिसने निवेश की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का मार्ग प्रशस्त किया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा फरवरी में दी गई शुरुआती अधिसूचना के बाद अब वित्त मंत्रालय ने इसे अंतिम रूप से लागू कर दिया है।

न्यूज ब्रीफ

दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप, शिकायत

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने मुंहबोले भाई पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धन उगाही के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया जिसपर मुकदमा दर्ज किया गया। शनिवार को मझोला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि आरोपी युवक, जो उसके परिचित के रूप में घर आता-जाता था। 2019 में आर्थिक मदद के बहाने उसके संपर्क में आया। बाद में उसने उसे झूठे संबंधों में फंसाने की धमकी देकर व डराकर दुष्कर्म किया और आभूषण भी ले लिए। हाल ही में आरोपी पत्नी के साथ उसके घर पहुंचा और तमंचा दिखाकर उससे पांच लाख रुपये भी ले लिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवकाश पर आए हेड कांस्टेबल की मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस लाइन बदायूं में तैनात हेड कांस्टेबल नीरज कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह अवकाश पर अपने घर मुरादाबाद आए हुए थे। जानकारी के अनुसार, थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी करीब नीरज कुमार(42) एक अप्रैल को तीन दिन के आकस्मिक अवकाश पर घर आए थे। अवकाश के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते ड्यूटी पर नहीं जा सके और घर पर ही इलाज करा रहे थे। बताया गया है कि 30 अप्रैल को घर में अचानक गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई।

जिलास्तरीय टेबल टेनिस चयन ट्रायल 16-17 को

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला टेबल-टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में 16 व 17 मई को जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव योगेंद्र गौतम ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन सोनकपुर स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रदर्शन के आधार पर जिले की टीम का चयन किया जाएगा, जो बरेली में होने वाली राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

छेड़छाड़ और मारपीट से क्षुब्ध किशोरी ने दी जान

संवाददाता बिलासपुर/ रामपुर

- चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

अमृत विचार: क्षेत्र में एक किशोरी द्वारा विषैला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का बड़ा मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही कुछ युवकों ने घर में घुसकर किशोरी और उसके भाई के साथ मारपीट की थी, जिससे आहत होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रुद्र-बिलास चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति पुलिस को दी तहरीर दी। इसमें बताया आरोपी कैलाश का उनकी 17 वर्षीय बेटी के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर बीते शुक्रवार को कैलाश का उनकी बेटी से झगड़ा हुआ था। आरोप है कि उसी शाम करीब 7:30 बजे आरोपी कैलाश अपने साथी रमेश, उदय और आकाश के साथ उनके के घर में घुस आया। आरोपियों ने घर के भीतर उनकी बेटी और बेटे के साथ बुरी तरह मारपीट की। इस घटना और लोक-लाज के भय से क्षुब्ध होकर बेटी ने घर में रखा विषैला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। शनिवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों द्वारा दी गई मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि आरोपी कैलाश, रमेश, उदय और आकाश के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाना, मारपीट और घर में घुसकर हमला करने जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच रुद्र बिलास चौकी प्रभारी योगेश कुमार को सौंपी गई है।

सत्र 2026-27 के लिए आवेदन और ट्रायल कार्यक्रम जारी, 518 सीटों पर होगा प्रवेश

प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए खुले स्पोर्ट्स कॉलेज के द्वार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद सहित विभिन्न शहरों में होंगे ट्रायल, आवेदन में परमानेंट एजुकेशन नंबर अनिवार्य

अमृत विचार : प्रदेश के प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स कालेजों में अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का सपना देख से युवाओं के लिए अच्छी खबर है। उप्र स्पोर्ट्स कॉलेज सोसाइटी लखनऊ ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के विभिन्न स्पोर्ट्स कालेजों में कक्षा छह, नौ और 11वीं में प्रवेश के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

इस वर्ष 518 रिक्त सीटों पर होनहार खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी सरकार के खेलसाथी पोर्टल के माध्यम से आनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। प्रवेश आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल है। अभ्यर्थी वेबसाइट sportscollegelko.in या https://khelsathi.in पर जाकर फार्म भर सकते हैं। इसके लिए 200 रुपये आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। आवेदन के समय यूडाइस पोर्टल द्वारा निर्गत अभ्यर्थी का पेन (परमानेंट एजुकेशन नंबर) भी भरना अनिवार्य है।

प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया दो चरण प्रारंभिक और मुख्य में होगी। मंडल स्तर पर प्रारंभिक ट्रायल सुबह सात बजे से शुरू होंगे। ट्रायल के बाद मुख्य चयन परीक्षा होगी। प्रारंभिक ट्रायल में सफल अभ्यर्थियों का फाइनल टेस्ट तीन से छह जून-2026 के बीच लखनऊ गोरखपुर और सैफई में होगा। इसमें फिजिकल टेस्ट और स्किल टेस्ट के 50-50 अंक होंगे, जिसके बाद मेडिकल जांच होगी।

एक अप्रैल से होगी आयु सीमा की गणना

कक्षा छह : नौ से 12 वर्ष के बच्चों को मिलेगा प्रवेश। उनका जन्म एक अप्रैल-2014 से 31 मार्च-2017 के बीच होना चाहिए।

कक्षा नौ : 12 से 15 वर्ष के बच्चों को मिलेगा प्रवेश। उनका जन्म एक अप्रैल-2011 से 31 मार्च-2014 के बीच होना चाहिए।

कक्षा 11वीं : 15 से 17 वर्ष के बच्चों को मिलेगा प्रवेश। उनका जन्म एक अप्रैल-2009 से 31 मार्च-2011 के बीच होना चाहिए।

प्रमुख स्पोर्ट्स कॉलेज और उपलब्ध खेल

1 गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ : एथलेटिक्स, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और वालीबॉल (सभी खेलों में बालक)

2 वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर : वालीवॉल, कुश्ती, जिम्नास्टिक। तीनों खेलों में (बालक-बालिका), बैडमिंटन, हॉकी और जुडो (तीनों खेलों में बालिका)

3 मेजर ध्यानचंद स्पोटर्स कॉलेज सैफई : एथलेटिक्स, क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी और तैराकी (सभी खेलों में बालक)।

4 फतेहपुर व सहारनपुर स्पोटर्स कॉलेज : यहां मुख्य रूप से कक्षा नौ के बालकों के लिए एथलेटिक्स, हॉकी, बाक्सिंग, भारोत्तोलन और जूडो जैसे खेलों की सुविधा है।

विभिन्न मंडलों के ट्रायल इन तिथियों में होंगे

15-16 मई : देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, मेरठ, सहारनपुर।

18-19 मई : गोरखपुर, आजमगढ़, मुरादाबाद, बरेली।

21-22 मई : वाराणसी, मिर्जापुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी।

24-25 मई : प्रयागराज, चित्रकूट, लखनऊ व कानपुर।

आवेदन के लिए योग्यता

-बालक या बालिका उत्तर प्रदेश का ही रहने वाला हो। कक्षा छह में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी सत्र 2025-26 में कक्षा-पांच उत्तीर्ण हो। यदि किसी अभ्यर्थी ने सत्र-2024-25 में कक्षा पांच उत्तीर्ण की है और 2025-26 में कहीं शिक्षा ग्रहण नहीं की तो वह इस अंतराल के लिए 10 रुपये के शपथ पत्र पर स्थिति स्पष्ट करते हुए आवेदन करें।

- कक्षा नौ में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी सत्र 2025-26 में कक्षा आठ उत्तीर्ण हो। यदि किसी अभ्यर्थी ने सत्र-2024-25 में कक्षा आठ उत्तीर्ण किया है और 2025-26 में कहीं शिक्षा ग्रहण नहीं की है, तो वह इस अंतराल के लिए 10 रुपये के शपथ पत्र पर स्थिति स्पष्ट करते हुए आवेदन कर सकता है।

-कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी सत्र 2025-26 में कक्षा-10 उत्तीर्ण हो। यदि किसी ने सत्र-2024-25 में कक्षा 10 उत्तीर्ण किया है और 2025-26 में कहीं शिक्षा ग्रहण नहीं की है तो वह इस अंतराल के लिए 10 रुपये के शपथ पत्र पर स्थिति स्पष्ट करते हुए आवेदन कर सकता है। यूडाइस पोर्टल का दायित्व अभिभावक का होगा।

बिजली निगम के मीटर रीडर को एसडीओ ने बनाया मुर्गा

ग्रामीण पकड़ कर लाए, वीडियो वायरल होने पर बचाव में जुटे अफसर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मीटर रीडर ने बकाया के नाम पर उपभोक्ता से ले लिए थे 25 हजार रुपये

अमृत विचारः बकाया के नाम पर उपभोक्ता से पैसे हड़पने वाले मीटर रीडर को एसडीओ ने कार्यालय के बाहर मुर्गा बनाकर सजा दी। एसडीओ के इस बर्ताव का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद यह बिजली विभाग के अधिकारियों के गले की फांस बन गया। हालांकि अधिकारी मीटर रीडर के पैसे हड़पने पर ग्रामीणों की पिटाई से बचाने के लिए इस तरीके की सजा देने की बात कर रहे हैं। साथ ही एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई की बात भी कही जा रही है।

शनिवार को दलपतपुर विद्युत केंद्र पर तैनात एसडीओ आरएन राठौर ने मीटर रीडर रानू कुमार को कार्यालय के बाहर मुर्गा बनाकर सजा दी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं एसडीओ ने अपना सीयूजी मोबाइल नंबर बंद कर लिया। मामले का वीडियो प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में आने बाद उच्चाधिकारियों ने मामले की सच्चाई जानी। पता चला कि मीटर रीडर रानू कुमार ने रसूलपुर नगला के एक उपभोक्ता से बिल की बकाया राशि जमा करने के नाम पर 25 हजार लेकर फर्जी रसीद दे दी थी। कुछ दिन बाद विभाग की ओर से उपभोक्ता को बकाया राशि जमा करने के लिए कहा गया तो उपभोक्ता ने मीटर रीडर की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को उपभोक्ता कई ग्रामीणों के साथ मीटर रीडर को पकड़ कर दलपत विद्युत केंद्र ले आया और एसडीओ को दिए गए पैसे के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद भड़के ग्रामीणों को देख एसडीओ ने मीटर रीडर को कार्यालय के बाहर ही कई घंटे मुर्गा बनाए रखा।

आक्रोशित लोगों से बचाने को किया

मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि मीटर रीडर को दलपतपुर विद्युत केंद्र पर एसडीओ द्वारा मुर्गा बनाने की जानकारी मिली है। एसडीओ का फोन बंद है। जेई से मिली जानकारी में रसूलपुर खैम गांव के एक उपभोक्ता से मीटर रीडर ने बकाया के नाम पर 25 हजार रुपये लेकर नकली रसीद दी। आक्रोशित ग्रामीणों से बचाने के लिए ऐसा किया गया। सही जानकारी के लिए अधिशासी अभियंता द्वितीय को जांच सौंपी है। दोषी सिद्ध होने पर एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मीटर रीडर को हटाने के लिए संबंधित कंपनी को पत्र लिखा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हत्या का आरोप

शाहबाद, अमृत विचारः कस्बे के मोहल्ला भीतरगांव निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। भीतरगांव निवासी सत्यवीर की पत्नी लवनेश (35) ने शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल मुरादाबाद के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मौके पर पहुंचे महिला के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। मामले को लेकर काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी प्रसाद मौर्य और इकबाल महमूद मामले में सुनवाई 30 को

संवाददाता,चंदौसी

- शिव भक्तों व कांवडियों को गुंडा व अराजक तत्व बताए जाने के आरोप
- दिल्ली निवासिनी सिमरन गुप्ता ने एमपी एमएलए कोर्ट में दायर की थी याचिका

अमृत विचारः हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट में स्वामी प्रसाद मौर्य व नवाब इकबाल महमूद के खिलाफ याचिका दायर किया था। इस मामले में सुनवाई 30 मई को होगी। एक दूसरी याचिका में सांसद इमरान मसूद मामले में भी इसी दिन सुनवाई होगी।

दिल्ली निवासी हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने अपर न्यायिक मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत में 21 अगस्त को सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ याचिका दायर की थी। दोनों के खिलाफ कांवड यात्रा के दौरान शिव भक्तों व कांवडियों को गुंडा व अराजक तत्व बताए जाने के आरोप में याचिका दाखिल की गई है।

वहीं दूसरे मामले में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद मामले में सिमरन गुप्ता के बयान हो चुके हैं। जिसमें उन्होंने सांसद के खिलाफ सिमरन गुप्ता कार्रवाई की मांग की गई है। यह परिवाद बहजोई निवासी सिमरन गुप्ता, जो शहीद कर्नल सुरेश गुप्ता के पुत्र हैं, द्वारा 1 अप्रैल को दायर किया गया। दायर परिवाद में कहा गया है कि बीते 28 अक्टूबर 2025 को टीवी और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें जानकारी मिली कि सांसद द्वारा दिया गया एक बयान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह से जुड़ा है, जिसे परिवादी ने आपत्तिजनक बताया है। फिलहाल न्यायालय में दर्ज परिवाद के आधार पर आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है। अब इन दोनों मामलो की सुनवाई 30 मई को होगी।

समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

बिलारी, अमृत विचारः तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने शिकायतें सुनीं, दिवस में 37 में चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित 17, अपूर्ति संबंधी 12, पुलिस से संबंधित सात, विद्युत संबंधी संबंधित एक शिकायत दर्ज की गई।

हाथीपुर चंदू गांव के रोहित कुमार, कमल सिंह आदि अनेक लोगों ने शिकायत देकर कहा गांव में डॉ अंबेडकर पार्क के लिए भूमि आरक्षित है जिस पर कुछ लोगों ने दूसरा बोर्ड लगा दिया है जो हमारे पार्क की जगह छीनना चाहते हैं इस पर रोक लगाई जाए। रसूलपुर हमीर गांव के मोहम्मद हारुन ने पानी निकासी से संबंधित शिकायत की तो एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को जिम्मेदारी सौंपी राजस्व अभिलेखों के अनुसार समस्या का समाधान कराएं। कहा कि किसी को नाजायज परेशान न करें।

स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के संबंध में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा से मिले सपा विधायक

- स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मीटर में परिवर्तित करने का निर्देश जारी करने की मांग

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचारः प्रदेश में बिजली विभाग की ओर से लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर विवाद बढ़ रहा है। जनप्रतिनिधि भी इस व्यवस्था के विरोध में उतर रहे हैं। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक तसलीम अहमद ने सपा के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग) से मिलकर स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड प्रणाली में बदलने की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

सपा के प्रतिनिधिमंडल में मुरादाबाद से विधायक हाजी नासिर कुरैशी, मोहम्मद फहीम इरफान के अलावा मनोज पारस, रफीक अंसारी आदि शामिल हुए।

स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपते सपा विधायक। ● अमृत विचार

यही सभी अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग नरेंद्र भूषण से मिले और अपनी मांगों को लेकर ज्ञानप सौंपा।ज्ञापन में विधायकों ने कहा कि प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं के घरों में लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर परेशानी का कारण बन रहे हैं। उनके अनुसार, मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की औसत मासिक बिजली खपत 100.21 यूनिट बढ़कर 219.15 यूनिट तक पहुंच गई है, जो लगभग 84 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। यह भी आरोप लगाया कि कई मामलों में रिचार्ज करने के बावजूद 2-3 दिन तक बिजली बहाल नहीं हो रही है जिससे भीषण गर्मी में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा अग्रिम भुगतान और यूनिट गणना में गड़बड़ियों की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं, जिसे अधिकारी समय पर दूर नहीं कर पा रहे हैं।

केजीके पीजी कॉलेज के प्राचार्य निलंबित

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- वेतन भुगतान में लापरवाही और वित्तीय अनियमितता का आरोप

अमृत विचारः केजीके (पीजी) कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी को गंभीर प्रशासनिक कदाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई प्रबंधन समिति द्वारा नियुक्त प्रबंधक विवेक खन्ना ने की।

शनिवार को जारी आदेश के अनुसार प्राचार्य पर कर्तव्यों की उपेक्षा, वैध निर्देशों की अवहेलना व वित्तीय मामलों में अनियमितताओं के आरोप हैं। 22 अप्रैल 2026 को देय वेतन बिल एक मई तक न तो तैयार किया गया और न ही जमा किया गया। इसके कारण शिक्षकों और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल सका। प्रथम दृष्टया मामले में गंभीर लापरवाही और वित्तीय पारदर्शिता की कमी सामने आई है। आशंका जताई गई है कि यदि प्राचार्य पद पर बने रहते हैं तो वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। निलंबन आदेश के तहत प्रो. चौधरी को जांच पूरी होने तक मुख्यालय मुरादाबाद में रहना होगा व बिना अनुमति कॉलेज में प्रवेश नहीं मिलेगा। कार्यभार फिलहाल प्रो. विनोद पांडे को सौंपा गया है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि जल्द ही आरोप पत्र जारी किया जाएगा और विभागीय जांच वैधानिक प्रक्रिया के तहत कराई जाएगी।

खैर की लकड़ी तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार, छह फरार

संवाददाता बिलासपुर

- मौके से तीन क्विंटल लकड़ी भी बरामद की गई

अमृत विचारः पुलिस और वन विभाग की टीम ने शनिवार को प्रतिबंधित खैर की लकड़ी चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने आरक्षित वन क्षेत्र ग्राम रवाना बीट संख्या-5 में छापेमारी कर एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया, जबकि उसके छह साथी मौके से भागने में सफल रहे।

शनिवार की तड़के रेंज के वन दरोगा अखिलेश चंदोला और उनकी टीम गश्त पर थी, तभी उन्हें जंगल में अवैध कटान की सूचना मिली। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने मनजीत सिंह निवासी ग्राम बेरखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और लकड़ी काटने वाला इलेक्ट्रिक कटर बरामद हुआ। साथ ही घटनास्थल से पुलिस ने खैर के दो कटे हुए पेड़ 14 बोट लगभग तीन क्विंटल खैर की लकड़ी को भी जब्त किया गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि वन कर्मियों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरोह के छह सिकन्दर, मन्नू, मनदीप सिंह, बाबू, बबली और मोहसिन फरार हैं। जबकि मनजीत सिंह को मौके से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाशी को जगह जगह दबिश दे रही है। बहुत जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बरामद की खैर की लकड़ी।

अभद्रता का विरोध करने पर चाकू मारा

बिलासपुर, अमृत विचारः गाली-गलौज का विरोध करने पर एक व्यक्ति पर चाकू से हमलाकर उसे घायल कर दिया। बाद में घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव हरमतगंज राकेश कुमार प्रजापति द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि बीते गुरुवार की रात नौ बजे पुरानी रंजिश को लेकर चंद्रभान आदि व्यक्ति मोबाइल फोन पर गाली-गलौज करने लगे। जब वह बातचीत करने के लिए मौके पर आया, तो उसे पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया।

प्रवेश प्रारंभ सत्र - 2026-27
LL.B.
यूनिक कॉलेज ऑफ लॉ
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद एवं बार काउन्सिल ऑफ इंडिया से सम्बद्ध
सत्र 2026-27 में नए प्रवेश कॉलेज में रजिस्ट्रेशन द्वारा किये जायेंगे
पता:- CNG पेट्रोल पम्प के सामने निकट चौधरपुर दिल्ली रोड, मुरादाबाद उ. प्र.- 244102
मो.- 9760161756, 9997061170, Email-uclaw@rediffmail.com

बरातियों में चले लाठी डंडे 10 लोग चोटिल

डिलारी अमृत विचारः क्षेत्र के गांव बमनिया पट्टी में बारातियों में लाठी डंडे चलने की घटना से खलबली मच गई जिसमें 10 लोग चोटिल हो गए। गांव निवासी उदय पाल के पुत्र शिवम कुमार की बरात अमरोहा के गांव मझौली कैलसा मे शुक्रवार की शाम को गई हुई थी। बरात चढ़त के दौरान महेशपुर निवासी अमित और अंकित डीजे के ऊपर चढ़कर डांस करने लगे जिसका कुछ बरातियों ने विरोध किया दोनों पक्षों में मामूली कहासुनी होने पर आपस का मामला बताकर दोनों पक्ष शांत कर दिए। शनिवार को बरात लौटकर गांव वापस आ गई लेकिन बेइज्जती का बदला लेने के लिए सचिन, कपिल, अमन,अंकित, जैकी, आदि ने मारपीट शुरू कर दी।

बैठक

सर्किट हाउस सभागार में कुंदरकी क्षेत्र के ग्रामीणों की बिजली की समस्याओं पर हुई चर्चा

गर्मी के चलते बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में बैठक हुई। इसमें कुंदरकी विधायक के अलावा बिजली विभाग के अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी आदि शामिल हुए।

कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में क्षेत्र की बिजली समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति सुचारु और निर्बाध बनाएं। गर्मी के दिनों में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता 25 केवीए से 63 केवीए करने, सात स्थानों पर जर्जर लाइनों की मरम्मत करने और तार बदलने के साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के लिए कहा।

बैठक करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

कुंदरकी नगर में विद्युत लाइन के विस्तार के लिए 40 खंभों के साथ 1000 मीटर तार उपलब्ध कराने के लिए भी उन्होंने अधिकारियों से कहा। निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। विधायक ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में 60 से अधिक ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और 10 स्थानों पर जर्जर तारों को बदलवाने के लिए विभाग के अधिकारियों का आभार जताया। विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और क्षेत्र में बेहतर बिजली व्यवस्था प्रदान करने के लिए और बेहतर कार्य कराएंगे। इस दौरान मुख्य अभियंता विद्युत अशोक चौरसिया, अधीक्षण अभियंता, कुंदरकी के अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी, कनिष्ठ अभियंताओं के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, संजय कश्यप, नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी, संजय दिवाकर, अरविंद ठाकुर आदि मौजूद रहे।

स्मार्ट मीटर को लेकर फैली अफवाहें निराधार विभाग ने बताया कि रीडिंग में नहीं है कोई अंतर

मुरादाबाद, अमृत विचार : स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच चल रही आशंकाओं और खबरों पर विराम लगाते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर के तेज चलने की बात पूरी तरह भ्रामक और निराधार हैं। मुख्य अभियंता (वितरण), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने बताया कि मुरादाबाद, सम्भल और रामपुर जनपदों में कुल 3,42,773 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। इनके साथ ही तुलनात्मक परीक्षण के लिए 12,382 पुराने चेक मीटर भी लगाए गए हैं। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि विभाग द्वारा किए गए परीक्षण में यह पाया गया कि स्मार्ट मीटर और पुराने मीटरों की रीडिंग लगभग समान है। इससे यह स्पष्ट होता है कि स्मार्ट मीटर की सटीकता पर संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को कई प्रकार के लाभ मिल रहे हैं। उपभोक्ता अब घर बैठे अपने मीटर की रीडिंग देख सकते हैं और स्वयं ही बिल का भुगतान कर सकते हैं। इससे बिल बनाने में आने वाली समस्याओं से भी राहत मिल रही है। इसके अलावा, उपभोक्ता अपनी दैनिक बिजली खपत पर नजर रखकर अपने बजट को नियंत्रित कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर की ऑटोमैटिक और पारदर्शी रीडिंग व्यवस्था के चलते अब मीटर रीडर के आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना भी समाप्त हो जाती है। प्री-पेड प्रणाली के तहत रिचार्ज सफल होने और बैलेंस पॉजिटिव होने के बाद सामान्यत: दो घंटे के भीतर विद्युत आपूर्ति स्वत: चालू हो जाती है।

शहर में आज

- आर्य समाज स्टेशन रोड पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग और आर्यवीर दल परीक्षा पुरस्कार वितरण सुबह 8 :00 बजे
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे
- लालबाग स्थित काली माता मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे

न्यूज ब्रीफ

मेड़ काटने का कारण पूछने पर मारपीट, दो पर रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में खेत की मेढ़ काटने का कारण पूछने पर एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना छजलैट के ग्राम चौहरा रसूलपुर निवासी यामीन ने थाना छजलैट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 अप्रैल की दोपहर को समय करीब 2 :00 बजे वह अपने खेत पर गया था तो देखा कि उसकी खेत की मेंड़ कटी हुई थी। गांव के भूरा पुत्र शौकत, तालिब पुत्र बाबू से जब खेत की मेढ़ काटने का कारण पूछा तो दोनों ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। घायल को लेकर उसके परिजन थाना छजलैट पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा प्रबंधन के लिए जागरूक किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर निगम की अनुबंधित आईईसी टीम ने शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों में नागरिक फीडबैक अभियान चलाया। इसमें टीम के सदस्य घर-घर पहुंचे और सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों से स्वच्छता, सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, पेयजल, सड़कों एवं अन्य नगर सेवाओं से सबंधित राय व सुझाव प्राप्त की। उन्हें इसके फायदे बताकर जागरूक भी किया। नगर निगम की संस्था के सदस्यों ने लोगों को बताया सिटीजन फीडबैक का उद्देश्य निगम की नागरिक सेवाओं में सुधार कर उसे ते प्रदेश और देश में स्वच्छ सर्वेक्षण में एक नंबर पर लाना है। बताया कि नागरिकों से मिले सुझाव और शिकायतों के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिससे शहर की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाया जा सके। लोगों से अपील की कि वह इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी महत्वपूर्ण राय साझा करें।

3,000 आशाओं व जन आरोग्य मंदिरों की जांच करेगी टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> जिले में करीब तीन हजार आशा कार्यकर्ता तैनात हैं। इनके अलावा एएनएम और जन आरोग्य मंदिरों को चेक करने के लिए टीमें बनाई गई हैं। जहां भी और जिसकी भी लापरवाही पाई जाएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की तरह आशा कार्यकर्ताओं व जन आरोग्य मंदिरों को भी चेक करेंगे। अब जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, वहां संबंधित कर्मचारी या अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्हें बाहर का रास्ता भी दिखाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

जिले में करीब 3,000 आशा कार्यकर्ता तैनात हैं और 263 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर हैं। इनके अलावा 300 एएनएम भी कार्यरत हैं। अक्सर स्वास्थ्य विभाग अधिकारी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को चेक करते हैं और वहां जो भी डॉक्टर या कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाते हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई भी होती है लेकिन इस बार जिले में तैनात सभी आशा कार्यकर्ताओं और जन आरोग्य मित्रों को भी चेक किया जाएगा। इसके लिए सीएमओ की ओर से टीम गठित की जाएगी।

ये टीमें आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और जन आरोग्य मंदिरों को चेक करेंगी। इस दौरान बिना सूचना अनुपस्थित मिलने या लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

बिना अनुमति लगाई गई प्रचार सामग्री को हटाकर कार्रवाई की चेतावनी दी

अभियान चलाकर निगम की टीम ने हटवाए अवैध होर्डिंग्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

ताड़ी खाना चौराहे पर अतिक्रमण हटवाती यातायात पुलिस और निगम की टीम।

अमृत विचारः नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने शनिवार को महानगर के बाजारों में लगे अवैध होर्डिंग्स हटवाने का अभियान चलाया। टीम ने बिना अनुमति विज्ञापन के लिए लगे अवैध होर्डिंग्स को उतार कर जब्त कर लिया। लगाने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

नगर निगम की टीम ने शहर की सुंदरता, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित शहरी वातावरण बनाए रखने के लिए अवैध रूप से लगाए गए बोर्ड, बैनर एवं होर्डिंग्स के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर प्रवर्तन टीम ने ईदगाह, गलशहीद, भूड़े का चौराहा और आसपास के अन्य प्रमुख स्थानों पर लगे अवैध बोर्ड, बैनर और होर्डिंग्स को हटाया गया। कई स्थानों पर सार्वजनिक स्थलों, बिजली के खंभों और अन्य सरकारी संपत्तियों पर अनधिकृत रूप से लगी विज्ञापन सामग्री हटवाई गई। टीम ने कहा कि इससे शहर का सौंदर्य प्रभावित हो रहा था, साथ ही यातायात व्यवस्था बाधित होने के साथ ही जनसुरक्षा भी प्रभावित हो रही थी। चेतावनी दी गई कि सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार की विज्ञापन सामग्री लगाना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फुटपाथ से भी हटवाया अतिक्रमण

कपूर कंपनी से गुरहट्टी तक चला सड़क की पटरियों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। नगर निगम और यातायात पुलिस की टीम ने फुटपाथ और सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाकर अतिक्रमण करने वाले वाहनों का चालान किया। फुटपाथ पर रखे सामान को भी जब्त कर लिया। इससे दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। कई दुकानदार खुद ही अपना सामान समेटने लगे। टीम ने फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों का सामान जब्त कर सख्त चेतावनी दी। इस दौरान यातायात पुलिस के टीआई और नगर निगम का प्रवर्तन दल भी मौजूद रहा। अभियान कपूर कंपनी से शुरू होकर ताड़ीखाना और गुरहट्टी तक चला।

होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे में महंगा होगा खानपान

आमजन झेलेगा कामर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों की मार , चाय व काफी भी दिखाएगी तेवर

- कई दुकानदार दाम बढ़ने से अनजान, सुनकर चौंके
- कहा कारोबार चौपट करने पर तुली सरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

ढाबों पर लग गई भट्टी। • अमृत विचार

चाय बनाकर छानता दुकानदार • अमृत विचार

अमृत विचारः पश्चिम बंगाल में आखिरी चरण के मतदान बीतने के दो दिन बाद ही कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये बढ़ोत्तरी का चाबुक चला है। इसकी सीधी मार होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों के साथ ही ग्राहकों पर पड़ना तय है। दाम बढ़ने के अगले ही दिन कारोबारियों के चेहरे पर तनाव बढ़ गया है। हालांकि इसकी जद में सड़क किनारे जलपान की दुकानें और ठेले पर फास्टफूड, चाय-समोसा और अल्पाहार बेचने भी आएंगे।

कामर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में 993 रुपये की बढ़ोत्तरी को होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालक अप्रत्याशित और मनमाना बता रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार कारोबारियों के साथ ही ग्राहकों की कमर भी तोड़ना चाह रही है। जाहिर है कि इसकी भरपाई तो कारोबारी उनके प्रतिष्ठान पर आने वाले ग्राहकों से ही करेंगे। सरकारी तेल कंपनियों द्वारा कामर्शियल गैस सिलेंडर में की गई 993 रुपये की बढ़ोतरी के बाद कीमत अब 3,071.50 रुपये हो गया है। जो एक झटके में दो से तीन हजार को पार कर गया। वहीं पांच किलो छोटे गैस सिलेंडर पर भी 261 रुपये बढ़ाने से अब इसका रेट आठ सौ के पार हो गया।

कामर्शियल गैस कनेक्शनधारी 2168

जिले में कामर्शियल गैस कनेक्शन के धारकों की संख्या 2168 है। उन्हें भी अमेरिका-ईरान युद्ध की मार के चलते आपूर्ति संकट झेलना पड़ रहा है। अभी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है, हालांकि विभाग का दावा है कि लगभग सामान्य उपलब्धता है। किसी विशेष अवसर के लिए अधिक सिलेंडर की जरूरत पर अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेनी पड़ रही है।

एजेंसियों से गायब हुए छोटू सिलेंडर

सरकार और पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा गैस एजेंसियों पर मिलने वाले पांच किलो के छोटू गैस सिलेंडर के दाम भी 261 रुपये बढ़ा दिए गए हैं। जिसके बाद इसकी कीमत 810 .50 रुपये हो गया है। कीमतों में बढ़ोत्तरी के अगले दिन ही शनिवार को इसे खरीदने के लिए जब ग्राहक गैस एजेंसी के शोरूम पर पहुंचे तो अधिकांश ने छोटू सिलेंडर उपलब्ध न होने की बात बताई। कांठ रोड के समीप स्थित आशुतोष गैस एजेंसी पर छोटा गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने की जानकारी वहां बैठे कर्मचारियों ने बताई। वहीं एक महिला द्वारा घरेलू गैस कनेक्शन पर डीबीसी सुविधा के लिए कहने पर टका सा जवाब दिया गया कि अभी डीबीसी पर रोक है, जब वितरण का आदेश मिलेगा तो दिया जाएगा।

घरेलू गैस सिलेंडर व पेट्रोल की कीमतें भी बढ़नी संभावित

भले ही अभी घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल की कीमतें सरकार ने नहीं बढ़ाई है। लेकिन लोगों में इसके भी दाम बढ़ने की चर्चा है। आशियाना फेज एक निवासी एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आज 15 बूथों पर पुनर्मतदान हो रहा है, शायद इसीलिए घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल की कीमतें राजनीतिक चतुराई के चलते न बढ़ी हो, लेकिन यह भी बढ़ेंगे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। क्योंकि इस सरकार में हर चीज की कीमतें आसमान छू रही हैं।

बढ़ी कीमतों का बोझ ग्राहकों पर डालना मजबूरी

कांठ रोड पर एक नॉनवेज कॉर्नर संचालक से कामर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के बारे में पूछने पर पहले तो चौंक गया। इसकी जानकारी देने पर दुकान में प्रयोग हो रहे कामर्शियल गैस सिलेंडरों को दिखाया। महंगाई की भरपाई कैसे होगी के सवाल पर कहा निश्चित रूप से सभी खाने की आइटम की कीमतें बढ़ानी पड़ेगी, न चाहते हुए भी ग्राहकों पर ही बोझ डालना पड़ेगा, अन्यथा घाटा होने पर कारोबार ही ठप हो जाएगा। वहीं एक ठेले पर समोसा बेच रहे दुकानदार ने कहा कि कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने के चलते लगता है दुकान बंद करना पड़ेगा, क्योंकि छोटे दुकानदार के दाम बढ़ाने पर ग्राहक उनसे उलझने और लड़ने को तैयार हो जाते हैं। बड़े रेस्टोरेंट और होटल वालों से कोई नहीं लड़ेगा।

> जिले में कामर्शियल गैस सिलेंडर के कनेक्शन दो हजार से अधिक है। बीच में आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन वर्तमान में स्थिति लगभग सामान्य है। शादी विवाह व अन्य मांगलिक कार्य में अधिक कामर्शियल गैस सिलेंडर की जरूरत के लिए कार्ड दिखाकर पूर्व अनुमति लेनी होगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर वास्तविक जरूरतमंद परिवार में किसी विशेष आयोजन का कार्ड देखकर सीमित अनुमति दी जा रही है।
> – अजय प्रताप सिंह, जिलापूर्ति अधिकारी

रुक्मणी अकादमी जीती लिटिल मास्टर कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

एमपीएस के मैदान में आयोजित लिटिल मास्टर कप नाइट टूर्नामेंट में शॉट लगाता।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीएसएस क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से हराया

अमृत विचार : लिटिल मास्टर कप नाइट टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने सीएसएस क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसएस क्रिकेट अकादमी की टीम रुक्मणी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 30 ओवर में 10 विकेट खोकर मात्र 69 रन ही बना पाई।

सीएसएस की ओर से शुएब खान ने 25 गेंदों में 17 रन और हसन शेख ने 13 गेंदों पर नौ रन का योगदान दिया। रुक्मणी क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके, जबकि मोहम्मद उवेश और आतिफ खान ने दो-दो विकेट लेकर विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। जवाब में उतरी रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने 13.5 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से अरमान अली ने 28 गेंदों में 23 रन और वाशु सिंह ने 28 गेंदों पर 19 रन की उपयोगी पारी खेली। सीएसएस अकादमी की ओर से गेंदबाजी में हसन शेख, कामरान और संदीप ने एक-एक विकेट हासिल किया। उत्कृष्ट गेंदबाजी के लिए आयुष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर एमपीएस के प्रधानाचार्य शकील सहित मिर्जा दानिश आलम, पंकज भटनागर, प्रियांशु जोशी, बदरुद्दीन सिद्दीकी, मोबिन मलिक, निजाम अली, गुलजार वाजिद, बादशाह, रोहित, शरीफ शेख, प्रतीक्षा आदि मौजूद रहीं।

सड़क पर हिचकोले से मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आशियाना फेज एक में सड़क का पैचवर्क शुरू, बोले लोग- देर से ही सही कुछ तो हुआ

अमृत विचारः आशियाना फेज एक की मुख्य सड़क लंबे समय से टूटी थी उसे नगर निगम की ओर से मरम्मत कराया जा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों के अलावा अन्य राहगीरों को भी गड्ढों में हिचकोले खाने से राहत मिलेगी।

कांठ रोड को जोड़ने वाली आशियाना फेज एक की सड़क टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई थी। जबकि इस सड़क पर कई नर्सिंग होम, होटल, शिक्षण संस्थाएं भी है। यहां से होकर आशियाना फेज एक, दो और रामगंगा विहार से सुबह से लेकर रात तक वाहनों की आवाजाही रहती है। नर्सिंग होम व क्लीनिक में इलाज कराने के लिए गंभीर मरीज भी एंबुलेंस से आते जाते हैं। सड़क टूटी होने से मर्ज ठीक होने की बजाय और बढ़ जाता था। गड्ढों में स्कूलों के वाहन और निजी वाहन भी गुजरते हैं। एमडीए की आशियाना कॉलोनी में हजारों लोग निवास करते हैं जिनके लिए टूटी सड़क किसी दर्द से कम नहीं थी।

शनिवार को इसकी मरम्मत का कार्य शुरू होने पर आसपास के लोग देखने लगे। गड्ढों को भरकर डामरीकरण होने से अब वाहनों को गड्ढों में होकर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों ने कहा देर से ही सही कुछ ठीक तो हो गया। हालांकि बरसात तक सड़क मरम्मत बनी रही तो हादसे की आशंका भी कम होगी।

सदर तहसील में आई 80 शिकायतें, दस निपटीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनते डीएम अनुज सिंह • अमृत विचार

- डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में हुई सुनवाई अन्य तहसीलों में भी आयोजन

अमृत विचारः शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। सदर तहसील में डीएम की अध्यक्षता में फरियादियों के शिकायतों की सुनवाई अधिकारियों ने की। लंबित शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया गया।

सदर तहसील में डीएम के सामने कुल 80 शिकायतें प्रस्तुत हुईं। जिसमें राजस्व, बिजली विभाग, पुलिस, कृषि व अन्य विभागों से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने शिकायतों को सुनकर मौके पर ही 10 का निस्तारण कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लें। जिससे वह संतुष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण को प्राथमिकता देना जरूरी है। अन्यथा शिकायतकर्ता उच्च फोरम पर पहुंचेंगे। इस दौरान एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना के अलावा अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं इसी क्रम में कांठ तहसील में 78 शिकायतें आईं जिसमें से आठ का निस्तारण कराया गया। बिलारी में 35 शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण अधिकारियों ने कराया। जबकि ठाकुरद्वारा में 31 शिकायतें पंजीकृत हुई थीं जिसमें से तीन को निस्तारित करा दिया गया।

न्यूज डायरी

जटिल जन्मजात हृदय रोग में मरीज को मिली नई जिंदगी

मुरादाबाद, अमृत विचार : एशियन विवेकानंद अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल जन्मजात हृदय रोग के मामले में सफल उपचार कर चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। मथुरा निवासी 39 वर्षीय मरीज लेखराज को बाइकुस्पिड एओर्टिक वाल्व (बीएवी) के साथ एओर्टिक रिगर्जिटेशन, बाएं वेंट्रिकल की कार्यक्षमता मात्र 25 प्रतिशत (एलवी ईएफ) और महाधमनी संकुचन (कोआर्कटेशन ऑफ एओर्टा) जैसी गंभीर समस्याएं थीं।मरीज ने पहले कई बड़े अस्पतालों में परामर्श लिया, लेकिन अत्यधिक जोखिम के चलते उपचार टाल दिया गया था। एशियन विवेकानंद अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. गीतेश मानिक और सीटीवीएस सर्जन डॉ. यतिन की टीम ने जांच के बाद हाइब्रिड प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया। उपचार के दौरान सबसे बड़ी चुनौती कोआर्कटेशन के पार तार को ले जाना रही। टीम ने दाएं फीमोरल, दाएं रेडियल और बाएं रेडियल मार्ग का उपयोग करते हुए सफलता हासिल की। इसके बाद लूप बनाकर एंड्रामेड कवर्ड स्टेंट लगाया गया। करीब साढ़े तीन से चार घंटे चली इस जटिल प्रक्रिया के बाद रक्त प्रवाह में सुधार हुआ और ग्रेडिएंट 95 से घटकर 20 से नीचे आ गया। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रशांत पांडे और रीजनल डायरेक्टर डॉ. हिलाल अहमद ने टीम को बधाई दी। सेंटर हेड शोएब मलिक ने बताया कि भविष्य में भी अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

गोवंशों को लू से बचाने के लिए हर दो घंटे में जूट के पर्दों पर पानी डालें

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने विकासखंड मुरादाबाद के अंतर्गत वृहद गो- संरक्षण केंद्र फाजलपुर और अस्थायी गो- आश्रय स्थल भटावली का शनिवार को निरीक्षण किया। गो संरक्षण केंद्र फाजलपुर में 185 और अस्थायी गो- आश्रय स्थल भटावली में 145 गोवंश सुरक्षित मिले। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान भूसा एवं हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता चेक की। उन्हें बताया गया कि गो- आश्रय स्थल से लिंक तीन हेक्टेयर भूमि पर हरा चारा उगाया जा रहा है। गो- आश्रय स्थल फाजलपुर में चार फीट ऊंचाई वाले प्लेटफार्म का निर्माण कराया जा रहा है जो बारिश के दौरान गोवंशों को संरक्षित करने के लिए उपयोग में लाया जाएगा। संरक्षित गोवंशों को लू से बचाने के लिए शेड के चारों ओर जूट के पर्दे लगाए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जूट के पर्दों को हर दो घंटे में भिगोने के निर्देश दिए जिससे गोवंशों को गर्मी से समस्या न हो। वृहद गो-संरक्षण केंद्र फाजलपुर में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील कराने का उन्होंने निर्देश दिया। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने और केयर टेकरों को नियमित रूप से भुगतान करने के लिए कहा।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने लिया रामगंगा के पानी का नमूना

मुरादाबाद, अमृत विचार : रामगंगा नदी में अचानक बड़ी संख्या में मछलियों के मरने से अफरा तफरी मची थी। शनिवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का परीक्षण किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता ने विभाग के प्रयोगशाला सहायक राजेंद्र लाल और आसिफ अली को कटघर रामगंगा नदी किनारे भेज कर मृत मछलियों का निरीक्षण कराया और रामगंगा के पानी के नमूने एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। प्रारंभिक तौर पर मछलियों की मौत के पीछे पानी में प्रदूषण या ऑक्सीजन की कमी को कारण माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण प्रयोगशाला में जांच के बाद आने वाली रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नदी के पानी का रंग और गंध में बदलाव देखा जा रहा था। वहीं, बड़ी संख्या में मछलियों के मृत मिलने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। क्षेत्रीय अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी प्रकार का प्रदूषण पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों का धरना

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरने पर बैठे अध्यापक। • अमृत विचार

- पुरानी पेंशन समेत कई मांगें उठाई, डीआईओएस से अधिकांश मांगों को पूरा करने की घोषणा की
- पदाधिकारियों व शिक्षकों ने वित्त एवं लेखाधिकारी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, सुधरने की चेतावनी दी

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर पुरानी पेंशन समेत कई मांगों को लेकर एक दिवसीय धरने पर बैठे। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजीव कुमार पाठक ने की। शिक्षकों ने वित्त एवं लेखा अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉ. सुनीत गिरी ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतनमान लागू करने के लिए सेवा आयोग का गठन, तदर्थ शिक्षकों की पेंशन बहाली तथा सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के लंबित देयकों के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। उन्होंने ग्रीष्मावकाश में जनगणना कार्य कर रहे शिक्षकों को उपार्जित अवकाश तथा रविवार को आयोजित परीक्षाओं के लिए प्रतिकार अवकाश देने की मांग भी की।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार पाठक ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों की लगातार अनदेखी की जा रही है,जिसके विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर यह धरना दिया गया है। अन्य वक्ताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के कार्यों में अनावश्यक देरी और लापरवाही पर नाराजगी जताई। संघ के संरक्षक सलिल मोहन ने वित्त एवं लेखाधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सुधारने की चेतावनी दी। एनपीएस के तहत कट रहा अंशदान खातों में प्रदर्शित नहीं हो रहा है और विभिन्न देयकों को बिना कारण लंबित रखा जाता है। शिक्षकों का वेतन प्रत्येक माह की पहली तारीख को उनके खातों में सुनिश्चित रूप से पहुंचाया जाए। धरने में सलिल मोहन,अनिल चौहान,आफताब आलम,अनिल कुमार,राखी रस्तोगी,मयंक त्यागी,अरशद अली,जावेद अनवर,राजीव कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षक नेता शामिल रहे। अंत में जनपद स्तर की समस्याओं एवं अन्य मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। संचालन जिला मंत्री पुष्पेश मिश्रा ने किया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने प्रमुख मांगों पर सहमति जताते हुए ग्रीष्मावकाश कार्य के बदले उपार्जित अवकाश मिलने की घोषणा की। कहा कि नियमानुसार उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

एनएस क्रिकेट अकादमी ने सेंट पॉल्स को हराया

मुरादाबाद,अमृत विचार : एनएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर खेले गए मुकाबले में शनिवार को एनएस क्रिकेट अकादमी ने सेंट पॉल्स क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज की।

बल्लेबाजी करने उतरी सेंट पॉल्स क्रिकेट अकादमी की टीम 38.1 ओवर में 176 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अबुजर उद्दीन ने सर्वाधिक 58 रन बनाए, जबकि प्रीत प्रजापति ने 32 रन। जवाब में उतरी एनएस क्रिकेट अकादमी की शुरुआत संतुलित रही। टीम ने 30.1 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अली शान ने 45 रन, जबकि आलिम ने 39 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। इसके अलावा जावेद अली ने भी 37 रन का योगदान देकर जीत की नींव मजबूत की। एनएस क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

स्मार्ट मीटर पर विरोध, महिलाओं ने सड़क पर लगाया जाम

पुराने मीटर की मांग, दो बिजली घरों पर की नारेबाजी, कहा नये मीटर हटाओ पुराने लगाओ, पुलिस ने किया समझाने का प्रयास, दो घंटे रहा जाम

संवाददाता कुंदरकी

अमृत विचार : नये मीटर लगाने पर काजीपुरा की महिलाओं का सब्र का बांध टूट गया। मोहल्ले की दर्जनों महिलाएं शनिवार सुबह 11 बजे गुलहड़ चौराहा पर एकत्र हुईं। इसके बाद नये मीटर हटाओ, पुराने मीटर लगाओ का नारा लगाते हुए बिजली घर के सामने पहुंच गईं। वहां मुरादाबाद-अलीगढ़ मार्ग पर जाम लगा दिया। दो घंटे तक लगे जाम में सैकड़ों वाहन फंस गए। ऐसे में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को समझाया। इसके बाद वे सड़क से हटीं।

मंगलवार दोपहर को काजीपुरा गांव निवासी ममता,राजवती,मीनाक्षी,रूबी,बबली,पिंकी,कश्मीरी देवी,सूरजमुखी,राजकुमारी देवी,मायावती,अमर सिंह,जलधारा समेत दर्जनों महिलाएं कुंदरकी सब स्टेशन पर पहुंच गईं। यहां उन्होंने विद्युत कटौती और स्मार्ट मीटर के कारण अधिक बिल आने की समस्या उठाई। यहां संविदा कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। सूचना पर चौकी प्रभारी संजय त्यागी मौके पर पहुंच गए। राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं ने घरो पर लगे नए स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने बिजली मीटर लगवाने की मांग को लेकर नारेबाजी करी। आक्रोशित महिलाओ ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि वे अपने घरो मे स्मार्ट मीटर नही लगने देंगी। स्मार्ट मीटर लगने के बाद तीन गुना बिल आ रहा है, जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। पुलिस एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद महिलाएं घर चली गईं। महिलाओं ने कहा यदि ध्यान न दिया तो उग्र आंदोलन होगा।

बिजली विभाग के अधिकारियों व पुलिस कर्मियों से महिलाओं की होती नोंकझोक।

रोड पर जाम लगा रहीं महिलाएं और जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

अहमदनगर में किया बिजली घर का घेराव, जमकर की नारेबाजी

गांव अहमदनगर जैतवाड़ा में भी ग्रामीणों ने बिजलीघर का घेराव का स्मार्ट मीटर हटाने को लेकर प्रदर्शन किया। अहमदनगर जैतवाड़ा से शुरू हुआ गुस्सा अब काजीपुरा तक फैल चुका है, जहां लोगों का सब्र जवाब देता नजर आ रहा है। अहमदनगर जैतवाड़ा के ग्रामीणों का आरोप है कि मीटर में रिचार्ज करने के बावजूद भी उन्हें समय पर बिजली नहीं मिल रही। कई बार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कुंदरकी के एसडीओ दया शंकर समेत अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। गुस्साए ग्रामीणों ने साफ कह दिया अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा और हाईवे जाम किया जाएगा। मौके पर ग्राम प्रधान उबैश पाशा और एआईएमआईएम प्रत्याशी मोहम्मद हाजी बारिश सहित कई लोग पहुंचे और ग्रामीणों का समर्थन किया। सभी ने एक सुर में मांग उठाई स्मार्ट मीटर हटाओ, पुराने मीटर लगाओ। एसडीओ दयाशंकर ने बताया कि स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं द्वारा उठाई समस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत करा दिया। उच्च अधिकारी रविवार को गांव का दौरा कर सकते हैं। देर रात तक धरना और प्रदर्शन जारी रहा, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

स्मार्ट मीटर व विद्युत समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

ठाकुरद्वारा। अमृत विचार : पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल व पदाधिकारियों ने विभिन्न विद्युत समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों और उपभोक्ताओं की परेशानियों का उल्लेख करते हुए जल्द समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं के बिलों में अनियमितता और अधिक खपत की शिकायतें सामने आ रही हैं। व्यापार मंडल ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाकर पुराने मीटर ही लगाए जाएं। इसके अलावा, उद्योग एवं व्यापार से जुड़े उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि उनकी समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो रहा है। अधिकारियों द्वारा सुनवाई न किए जाने से उपभोक्ताओं को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। व्यापार मंडल ने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारियों के फोन अक्सर रिसीव नहीं होते, जिससे समस्याएं और बढ़ जाती हैं। साथ ही, शहर में कई स्थानों पर जर्जर बिजली लाइनें और पोल हादसों को न्योता दे रहे हैं, जिन्हें जल्द ठीक कराया जाए। नगर में दो मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने की मांग की गई ताकि खराबी की स्थिति में तुरंत बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके। चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

दुकान पर दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग में तीन घायल, आठ नामजद

संवाददाता, भोजपुर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र में गांव ताजपुर माफी के निकट चाय की दुकान में पंचायत के दौरान दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट व फायरिंग हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ नामजद एवं कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।

शुक्रवार को दिन में क्रिकेट मैच खेलने के दौरान गांव ताजपुर निवासी तसलीम एवं थाना गलशहीद निवासी अहमद कमाल के बच्चों में विवाद हो गया था। रात को करीब साढ़े नौ बजे भोजपुर क्षेत्र में रसूलपुर नंगला में स्थित एमआरएफ टायर एजेंसी की दुकान के सामने चाय की दुकान पर दोनों पक्षों के लोग सुलह समझौता करने के लिए पंचायत कर रहे थे। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और कुछ ही पलों में मारपीट हो गई। इस दौरान अवैध तमंचे से फायरिंग भी हुई। फायरिंग में एक पक्ष के असद कमाल के सिर में छर्रे लगने की बात कही जा रही है। दूसरे पक्ष से समीर व उसका मामा सैफ अली घायल हो गए। रोड पर गश्त कर रहे चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया की गांव ताजपुर निवासी तसलीम पुत्र मौहम्मद अली की तहरीर पर महमूद कमाल,समीर पहाड़ी,फहाद व हमजा समेत चार-पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ बेटे समीर एवं साले सैफ अली को हमला कर गंभीर रूप से घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने एवं दूसरे पक्ष के थाना गलशहीद के मोहल्ला सिद्दी सराय निवासी अहमद कमाल पुत्र कमाल उद्दीन की तहरीर पर तसलीम, आकिल, मुल्ला कासिम व सैफ अली समेत बीस-पच्चीस अज्ञात के खिलाफ भाई महमूद कमाल के सिर में तमंचे से गोली मारकर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और झगड़े की जानकारी की। एसपी ग्रामीण ने बताया कि क्रिकेट मैच खेलने के दौरान बच्चों में विवाद हो गया था।

बैंक मैनेजर पर रिश्वत मांगने का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बैंक शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने और बार-बार चक्कर कटवाने का गंभीर आरोप लगाते हुए समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम लौंगी कला निवासी कल्लू सिंह पुत्र बलजीत सिंह ने शनिवार को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी मां ओमवती के नाम यूको ग्रामीण बैंक शाखा गोपीवाला में खाता संख्या 89160100047405 है, जिसमें 27,808 रुपये जमा हैं। उनकी माता का निधन 29 दिसंबर 2021 को हो चुका है। पीड़ित का आरोप है कि धनराशि निकालने के लिए औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद शाखा प्रबंधक लगातार उन्हें चक्कर लगवाते रहे। आरोप है कि प्रबंधक ने 5000 रुपये रिश्वत की मांग की और कहा कि बिना पैसे दिए भुगतान नहीं किया जाएगा। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि मां के खाते की धनराशि दिलाई जाए।

शिक्षण कार्य ठप, विद्यार्थियों का प्रदर्शन

- गेट बंद कर की शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला में शिक्षण व्यवस्था को लेकर छात्रों और अभिभावकों में आक्रोश देखने को मिला। अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने अभिभावकों के अनुरोध पर विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने बताया कि इंटर में पढ़ाई लगभग ठप है और केवल हिंदी, गणित व अर्थशास्त्र के ही पीरियड संचालित हो रहे हैं।

कक्षा 6 से 10 तक चित्रकला, गृह विज्ञान और गृह शिल्प जैसे विषयों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित है। इस स्थिति से नाराज छात्रों ने अंग्रेजी विषय के शिक्षक प्रीतम सिंह से नियमित कक्षाएं चलाने की मांग उठाई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 मई 2026 को अभिभावक शिक्षक संघ के नेतृत्व में अभिभावक और छात्र विद्यालय में एकत्र होकर प्रबंधक, प्रधानाचार्य व मंडल आयुक्त मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र भेजेंगे। एक प्रार्थना पत्र विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह गहलोत को भी सौंपा गया।

आक्रोशित बच्चों ने गेट बंद कर प्रदर्शन किया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह चौहान को मौके पर बुलाने की मांग भी की गई।

प्रदर्शन के दौरान राजकुमार, चाहत, रश्मि, संध्या, शाहेनूर, गुलफाम, अनुज, अर्श, सना, इरम, शायबा, अलशिफा, अलफिजा, साहिल, सेवी, मीनाक्षी, अरसान, निकित कुमार, फरदीन, सेजल आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जनता इंटर कॉलेज में प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

45 दिन में पांच बच्चों सहित 7 लोगों पर हमला कर चुका तेंदुआ

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र में पिछले 45 दिन के भीतर तेंदूए पांच बच्चों सहित 7 लोगों को हमला कर जख्मी कर चुके हैं। तेंदुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ने के कारण क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। तेंदुओं के आतंक से किसान व नागरिक अत्यंत त्रस्त हैं।

ग्राम मिश्रीपुर में तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर जख्मी कर दिया था। ग्रामीणों की मांग पर 15 दिन पूर्व गांव में वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया था लेकिन पिंजरे में तेंदुआ आज तक फंस नहीं सका है। वैसे तो तहसील क्षेत्र में तेंदुए की भरमार है। आए दिन अनेक स्थानों पर तेंदुए के शावक भी देखे गए हैं। अब तक तेंदुए 45 दिन के भीतर 5 बच्चों सहित 7 लोगों पर हमला कर जख्मी कर चुके हैं। अनेक ग्रामों में कुत्तों को निवाला बनाए जाने के साथ-साथ अनेक ग्रामों में तेंदुए देखे जाने की शिकायत दिन प्रतिदिन मिलती रहती है। तेंदुओं के भय के कारण किसान जंगल जाते हुए डर रहे हैं। अनेक किसान रात्रि जागरण कर रहे हैं। डिप्टी वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह के अनुसार ग्राम रायपुर, रमपुरा उर्फ रामनगर, राजीपुर खद्दर आदि अति संवेदनशील ग्राम हैं ।जहां पिंजरों की मांग की गई है। जिला वन रेंजर गिरीश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जिस प्रकार से तेंदुओं की जनसंख्या में वृद्धि हो रही है। वह चिंता का विषय है। चिड़ियाघर आदि स्थानों पर लगभग 20 जानवर रखने की कैपेसिटी है।

लापता महिला मामले में पति को धमकी भरा फोन

कुंदरकी, अमृत विचार: क्षेत्र के कमालपुर फतेहाबाद गांव से बाजार गई एक महिला पिछले दो दिनों से लापता है। परिजन और पुलिस तलाश में जुटे हैं। तीन छोटे बच्चे मां की याद में बेहाल हैं। गुरुवार दोपहर महिला घर से कुंदरकी बाजार घरेलू सामान लेने के लिए निकली थी लेकिन देर शाम तक नहीं लौटी और मोबाइल बंद है ।काफी तलाश के बाद भी जानकारी नहीं होने पर देर रात थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। शुक्रवार को पति ने बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर गांव के ही एक युवक का फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसकी पत्नी सुरक्षित है और उसे तलाशने की जरूरत नहीं है, वह अब नहीं मिलेगी। इस कॉल के बाद परिजन और अधिक चिंतित हो गए।

समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने बीईओ से की वार्ता

- बीईओ को सौंपा ज्ञापन, बताईं शिक्षकों की समस्याएं

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही के नेतृत्व में खंड शिक्षाधिकारी शिवम गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने चयन वेतनमान से जुड़े मामलों को प्रत्येक माह समयबद्ध तरीके से निस्तारित कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने की मांग की। साथ ही अंतर्जनपदीय एवं अंतःजनपदीय स्थानांतरण के बाद अभी तक अप्राप्त ऑफलाइन सेवा पुस्तिकाओं की सूची तैयार कर उन्हें संबंधित कार्यालय से उपलब्ध कराने की भी बात रखी गई।

अवकाश संबंधी समस्याओं में मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज गलत एवं अपूर्ण विवरण को ठीक कराने, एनपीएस योजना के अंतर्गत शिक्षकों की पासबुक तैयार कराने तथा ओपीएस योजना के तहत जीपीएफ खातों का संपूर्ण विवरण ऑनलाइन अपलोड कराने की मांग की गई। बीईओ शिवम गुप्ता ने सभी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में दुष्यंत यादव तहसील प्रभारी, सर्मेन्द्र कुमार सिंह, मेघराज सिंह, मोहम्मद रिजवान, भूपेंद्र यादव, गौरव चौधरी, जावेद अख्तर, जुबैर अहमद, प्रभास उज्जवल, विवेक कुमार, धर्मेंद्र सिंह, तनवीर आलम, जुल्फिकार अहमद आदि उपस्थित रहे।

खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधि मंडल ● अमृत विचार

खोखा रखने को लेकर हुआ हंगामा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर पालिका की टीम शनिवार को एक व्यापारी का खोखा हटाने पहुंची। इसके बाद मामला तूल पकड़ गया। व्यापारी ने नगर पालिकाध्यक्ष पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। मामला परख ज्वैलर्स के स्वामी अवनीश कुमार सिंघल की दुकानों के पास खाली पड़ी जमीन से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह नगर पालिका के कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोहे का खोखा लेकर मौके पर पहुंचे और उसे रखने का प्रयास करने लगे। इस पर व्यापारी ने विरोध जताते हुए जमीन को अपनी निजी संपत्ति बताया, जो उनके नाम रजिस्टर्ड है। पालिका प्रशासन इस जमीन को सरकारी बता रहा है। व्यापारी अवनीश ने पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है।

एआई व एमएल का प्रयोग बना रहा जल प्रबंधन को सस्ता व सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कॉफ्रेंस में विद्वानों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर विचार रखे
- कार्यक्रम में कई कॉलेजों के प्रवक्ता रहे मौजूद

अमृत विचार: भारत के अलावा ग्रीस, स्पेन, जर्मनी, यूके, यूएई, सउदी अरब, जॉर्डन, इजिप्ट आदि देशों के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर विशेषज्ञों ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की ओर से हुई मॉडर्न ट्रेंड्स इन कम्प्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में ब्लेंडेड 135 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किया। कॉन्फ्रेंस में विद्वानों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स- आईओटी, वीएलएसआई डिज़ाइन, सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग, एम्बेडेड सिस्टम, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार नेटवर्क आदि प्रौद्योगिकी पर अपना नजरिया व्यक्त किया। तकनीकी सत्रों में ग्राफिक ऐरा यूनिवर्सिटी देहरादून से डॉ. अंकित विश्नोई, जेएसएस एकेडमी ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, नोएडा के प्रो. लवकुश शर्मा, पदमावत सिंघानिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर के डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, एकेजी इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के डॉ. आशीष दीक्षित, गलगोटिया यूनिवर्सिटी नोएडा की डॉ. शिप्रा शुक्ला आदि की मौजूदगी रही। रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को सीओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

स्विट्जरलैंड की ग्रीनीपैथ एजी में दक्षिण एशिया परियोजना निर्माण और विकास निदेशक जय आनंद ने कहा कि एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, एज कम्प्यूटिंग और आईओटी में हो रहे अविष्कार महत्वपूर्ण हैं। यह न केवल साइंटिक एक्सप्लोरेशन को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि प्रभावी तकनीकी समाधान के लिए स्मार्ट डिजाइन की परिकल्पना को भी मूर्त रूप दे रहे हैं। आईआईटी, कानपुर के प्रो. मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि वाटर ट्रीटमेंट में एआई और एमएल का उपयोग जल प्रबंधन को अधिक कुशल, सस्ता और सुरक्षित बना रहा है।

कड़ी मशक्कत के बाद कैद हुआ तेंदुआ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव तरफदलपत और मैसूवाला के जंगलों में कई दिनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग की टीम के हत्थे चढ़ गया। शनिवार को घंटों की मशक्कत के बाद तेंदुए को पिंजड़े में कैद कर लिया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

बीते दिनों तेंदुए की लगातार सक्रियता से गांवों में भय का माहौल बना हुआ था। हालात यह थे कि ग्रामीण खेतों पर अकेले जाने से कतराने लगे थे और समूह में ही बाहर निकलते थे। रात के समय लोग घरों की सुरक्षा के लिए जागकर पहरा देने को मजबूर थे। इस दौरान तेंदुआ तरफदलपत निवासी एक मासूम को घर से उठाकर ले गया था। बच्चे की चीख सुनकर मां ने साहस का परिचय देते हुए तेंदुए का पीछा कर बच्चे को बचा लिया। मां की इस बहादुरी की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
☎ 9412554796
0591 3591634

सूचना
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240605878 का प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र खो गया है। मोहम्मद फैज पुत्र असलम केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

सूचना
मैंने अपने पुत्र सलीम को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं होगा। सरताज पुत्र अन्सार निवासी मातीपुर तह. व जिला सम्भल

रोशन सिंह चौहान स्मारक महाविद्यालय
(सम्बद्ध-गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
ग्राम टाण्डा कोठी, पोस्ट खासपुर वाया पाकबड़ा (असमोली), जिला सम्भल-244102
आवश्यकता
1.बी०एड० विभाग में प्रवक्ताओं के-06 पद
2.एम०ए० -01 - 01 पद
(शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल व गृहविज्ञान)
3.एम०एस०सी० - 01-01 पद
(रसायनशास्त्र व जन्तुविज्ञान)
(वेतन व योग्यता :- एन०सी०टी०ई० एवं यू०जी०सी० मानकानुसार)
4. क्लर्क - 01 पद
(योग्यता- NCC, C-Certificate एवं कम्प्यूटर, MS Office का ज्ञान व हिन्दी टाइपिंग) उम्र 20 से 28 वर्ष
5.एकेडमिक काउंसलर - 01 पद
(फीमेल) उम्र 25 से 35 वर्ष
(योग्यता पी०जी० के साथ एम०एड०)
सम्पर्क करें :- प्रबन्धक मनीष चौहान (एड0), मो0 - 9997746066,
ई-मेल - manish.chauhanmbd@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

साइबर ठगों से वापस कराए 67000 रुपये

रामपुर, अमृत विचार : साइबर फ्रॉड के माध्यम से ठगी गई 67000 रुपये थाना साइबर क्राइम ने पीड़ित को वापस करा दी। जमीर अहमद निवासी सैफनी ने फोन हैक कर 2,64,332 रुपये साइबर फ्रॉड होने के सम्बन्ध में दिया था। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के पर्यवेक्षण में थाना साइबर क्राइम पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए पीड़ित की धोखाधड़ी की 2,64,000 रुपये में से धनराशि 67,000 रुपये वापस करा दिए हैं। टीम में मनीराम प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम रामपुर, उप निरीक्षक माजिद अली, आरक्षी रेशमपाल, महिला कांस्टेबल मालती थाना साइबर क्राइम रामपुर शामिल रहे।

परिवार परामर्श केंद्र में दो जोड़ों का समझौता

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के आदेशानुसार महिला थाना में शनिवार को परिवार परामर्श केंद्र में समस्याओं को सुना गया। जिसमें पति-पत्नी से संबंधित विवादों मे काउंसलिंग कराई गई। 11 प्रकरण समीति द्वारा सुने गए। जिसमें 3 प्रार्थना पत्रों में समिति द्वारा सुलह समझौता कराया गया, 4 पत्रावली निरस्त की गई। 2 पत्रावली विधिक न्यायालय भेजी। जबकि 2 प्रार्थना पत्रों में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनु तोमर, काउंसलर अवतार सिंह, डॉ. किशवर जहां, नीना साहनी काउंसलिंग में उपस्थित रहे।

हादसे में घायल चालक की इलाज के दौरान मौत

सैफनी, अमृत विचार : भट्टे पर ट्रैक्टर ट्राली से कच्ची ईंट भर कर ले जाने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चपेट में आये चालक की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने भट्टा स्वामी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि थाना क्षेत्र के ताजपुर बेहटा गांव निवासी 20 वर्षीय ऋतिकेश पुत्र रामवीर क्षेत्र के ईंट के भट्टे पर अभी ट्रैक्टर-ट्राली से कच्ची ईंट भर कर भट्टे पर पहुंचाने का काम करता था। 29 अप्रैल की सुबह भी ऋतिकेश अपनी ट्रैक्टर-ट्राली से कच्ची ईंट भरकर भट्टे पर जा रहा था इसी दौरान चढ़ाई पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर पलट गया जिससे ऋतिकेश ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन मुरादाबाद के अस्पताल में उसका इलाज करा रहे थे लेकिन उसने शनिवार को चार दिन बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 103 शिकायतें, 25 का मौके पर निस्तारण

सदर तहसील में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने समाधान को दौड़ाए अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

सदर तहसील सभागाार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते डीएम व एसपी।

अमृत विचार: शनिवार को जिले भर की तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलेभर में कुल 103 प्राप्त शिकायों में 25 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने तहसील सदर सभागार में आयेजित संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 37 शिकायती पत्र में से 8 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

प्राप्त शिकायतें राशन, विद्युत, भूमि पैमाइश, आवास, पेंशन तथा खण्ड विकास विभाग से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तलब कर सभी प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा के तहत निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। ग्राम पंचायत रवन्ना में चकरोड पर अवैध कब्जा तथा ग्राम पंचायत बांसनगली में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर स्थलीय जांच के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत दिलपुरा के फरियादियों द्वारा राशन कार्ड न बनने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक को तत्काल पात्र गृहस्थी राशन कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारी को दिशा-निर्देश दिए। वहीं तहसील स्वार में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 08 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी मिलक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें आईं, जिसमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायों में 4 का ही मौके पर निस्तारण कर सके। तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी टांडा की अध्यक्षता में आयेजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी बिलासपुर की अध्यक्षता में आयोजित संम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ, यहां कुल 15 शिकायतों 4 का मौके पर निस्तारण किया गया।

वर्षा जल संचयन तालाब बनवाने पर मिलेगा अनुदान

रामपुर, अमृत विचार: प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत पर ड्रॉप मोर क्रॉप द्वारा संचालित वर्षा जल संचयन के लिए खेत तालाब योजना में चालू वित्तीय वर्ष के लिए 18 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर खेत तालाब योजना में लाभार्थी कृषकों के चयन की प्रक्रिया 30 अप्रैल से प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर शुरू कर दी गई है। योजना के खेत में तालाब के निर्माण पर 50 प्रतिशत अनुदान देय होगा, जिसकी अधिकतम सीमा 52,500 रुपये निर्धारित है। भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि यह अनुदान डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजा जाएगा। अनुदान प्राप्त करने से पूर्व फॉर्मर आईडी बनाना अनिवार्य है। तालाब की निर्धारित न्यूनतम खुदाई पूर्ण होने पर 75 प्रतिशत अनुदान प्रथम किश्त के रूप में तथा शेष 25 प्रतिशत अनुदान पक्का कार्य पूर्ण होने पर द्वितीय किश्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त वाटर लिफ्टिंग डिवाइस के अंतर्गत पंपसेट पर भी अधिकतम 15,000 रुपये प्रति इकाई तक अनुदान प्रदान किया जाएगा।

गरीब कल्याण संघ जल्द खोलेगा आरोग्य सेवा केंद्र

बिलासपुर में आयोजित बैठक में शामिल गरीब कल्याण संघ के कार्यकर्ता।

बिलासपुर, अमृत विचार: शनिवार को राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के तत्वावधान में आयोजित बैठक में बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रेमनरेश वाल्मीकि ने कहा कि उनका संघ जल्द ही गरीब कल्याण आरोग्य सेवा केंद्र की स्थापना करेगा।

उन्होंने कहा कि जहां गरीबों-मजदूर एवं जरूरतमंदों को मात्र दस रुपये में गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराएगा। इससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने ई-रिक्शा चालकों से आग्रह किया कि जल्द ही अपने वाहनों के दस्तावेज पूर्ण कराए। शासन-प्रशासन का सहयोग करते हैं बेवजह सड़कों पर न घूमें, रॉग साइड से जाली लगाकर ई-रिक्शा एक तरफ से बंद करें। इसके अलावा यूनियन का आईकार्ड अवश्य गले में डाले, नाबालिग, बुजुर्ग को रिक्शा न चलाने देने की भी हिदायत दी। वहीं बैठक में स्मार्ट मीटरों से आ रही दिक्कतों का भी मुद्दा उठाया और जल्द ही बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से मिलने की रणनीति तैयार की। इस मौके पर महेश राजा बाबू, परवेश वाल्मीकि, कुलदीप वाल्मीकि, अमानत रजा, बब्लू अंसारी, मुकेश सागर, संजय शर्मा, लक्ष्मण राठौर, आदिल खां आदि मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन 15 मई तक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 18 व 19 मई को होगी प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार: स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश कि लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर एवं स्पोर्ट्स कालेज सहारनपुर में सत्र 2026-27 के लिए 518 सीटों को भरे जाने के लिए कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन 15 मई तक होगा।

जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि स्पोर्ट्स कालेज में प्रवेश लेने के लिए आवेदन साथी पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। आवेदन करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कालेज वेबसाइट SPORESCOLLEGELKO.IN पर उपलब्ध कराए गए लिंक के द्वारा या वेबसाइट http://khelsathi.in पर स्पोर्ट्स कालेज एडमिशन पर क्लिक कर निर्धारित प्रारूप भरकर और आवेदन शुल्क 200 रुपये जमा करके आवेदन किया जा सकता है। आवेदन फार्म में यूडाइस पोर्टल द्वारा निर्गत अभ्यर्थी का पेन नंबर अनिवार्य रूप से भरा जाएगा।

कक्षा	आयु वर्ग	जन्म तिथि
6-	9 से 12 वर्ष तक	1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2017 तक
9-	12 से 15 वर्ष तक	1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2014 तक
11-	15 से 17 वर्ष तक	1 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2011 तक

सर्वश्रेष्ठ रोवर बने फैजान, रेंजर नूर फातमा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

रोवर्स-रेंजर्स शिविर के समापन पर प्रमाण पत्र दिखाते रोवर्स-रेंजर्स। ● अमृत विचार

- राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में रोवर्स-रेंजर्स शिविर संपन्न

अमृत विचार: राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन कॉलेज प्राचार्य प्रो. आरएस गिरि ने ध्वजारोहण किया। रोवर्स-रेंजर्स ने प्रार्थना एवं झंडा गीत प्रस्तुत किया। सर्वश्रेष्ठ रोवर मोहम्मद फैजान और सर्वश्रेष्ठ रेंजर नूर फातमा को प्राचार्य ने सम्मानित किया।

कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि दूरदृष्टि, पक्का इरादा एवं कठोर अनुशासन ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। इस अवसर पर आसमा नूर, गुलनाज, पारुल, संतोष, नीतू और सुशीला को उत्कृष्ट लेखन, अनुशासन एंव शिविर गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। रोवर्स-रेंजर्स को प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह ने स्काउट-गाइड के सिद्धांतों, अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिक कार्यशैली का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने एकजुटता, सामूहिक कार्य, सहयोग की भावना एवं नेतृत्व कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं समरसता की भावना भी परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर रोवर्स प्रभारी डॉ. जोगेंद्र कुमार, रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनीषा रानी, डॉ. बाल मुकुंद वर्मा, कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

ग्रिड सुरक्षा के लिए 31 तक प्रतिदिन ढाई घंटे होगी कटौती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- तहसीलों में सुबह 7 से 8:30 बजे तक और 3 बजे से 4 बजे तक बंद रहेगी बिजली
- नगर पंचायतों में सुबह 6:45 से 7:45 तक और 2:45 से 4:15 तक नहीं होगी आपूर्ति

अमृत विचार: भीषण गर्मी में ग्रिड सुरक्षा के लिए 31 मई तक दिन में ढाई घंटे विद्युत कटौती की जाएगी। तहसीलों में प्रतिदिन सुबह 7 से 8:30 बजे तक और अपराह्न में 3 से 4 बजे तक बिजली कटौती होगी। इसके अलावा नगर पंचायतों में सुबह 6:45 से 7:45 बजे तक और अपराह्न में 2:45 से 4:15 तक बिजली बंद रहेगी।

एसडीओ सिविल लाइंस एमबी सिंह ने बताया कि यह घोषणा अधीक्षण अभियंता प्रणाली नियंत्रक ने तहत की गई है। भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर जलने लगे हैं अब ग्रिड की सुरक्षा के लिए एहतियातन कदम उठाए गए हैं। बताया कि रामपुर में तहसील सदर समेत भी छह तहसीलों में ढाई घंटे की बिजली कटौती प्रतिदिन की जाएगी। तहसीलों में सुबह डेढ़ घंटा और अपराह्न में एक घंटा बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायतों में भी ढाई घंटे बिजली कटौती होगी। नगर पंचायतों में सुबह एक घंटा और अपराह्न में दो डेढ़ घंटे के लिए बिजली बंद रहेगी। कहा कि भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर उबल रहे हैं। दिन और रात में कर्मचारियों से ट्रांसफार्मरों की देखरेख कराई जा रही है। ट्रांसफार्मर के जिस फेज पर लोड ज्यादा होता है उस फेज को दूसरे फेज से जोड़कर लोड कम किया जा रहा है। एसडीओ ने बताया कि पश्चिमी विद्युत वितरण खंड ने ग्रिड की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया है। समय के साथ इसमें फेरबदल भी किया जा सकता है।

अभ्युदय योजना में विशेषज्ञ और अध्यापक करें आवेदन

रामपुर, अमृत विचार: जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत राजकीय रजा इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग कक्षाएं संचालित हैं। वर्तमान में यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट तथा अन्य वन-डे परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षाएं संचालित हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा बाजपेयी ने बताया कि अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन के उद्देश्य से विषय विशेषज्ञों एवं अनुभवी अध्यापकों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी, जो संबंधित विषय में अनुभव रखते हों तथा रामपुर के किसी गैर-सरकारी इंटर डिग्री कॉलेज या मुरादाबाद मंडल के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में अध्यापन कार्य कर रहे हों, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को अपना रिज्यूम, संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र तथा संबंधित कॉलेज की एनओसी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन में 20 मई 2026 तक जमा करें।

प्राप्त आवेदनों का परीक्षण निर्धारित एसओपी के अनुसार किया जाएगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं ट्रायल होंगे। ट्रायल क्लास के फीडबैक के आधार पर चयनित अध्यापकों को प्रति व्याख्यान रुपये 2000 की दर से मानदेय प्रदान किया जाएगा। केवल उन्हीं विषयों के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, जिनकी आवश्यकता है। चयन प्रक्रिया निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जाएगी।

स्मार्ट मीटरों का विरोध, सपाइयों का प्रदर्शन

संवाददाता बिलासपुर

बिलासपुर तहसील में स्मार्ट मीटरों के विरोध में प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता।

- राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर पुरानी मीटर व्यवस्था बहाल करने की मांग

अमृत विचार: शनिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटरों के विरोध में तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में पुरानी मीटर व्यवस्था बहाल करने की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

कार्यकर्ता तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सपा नेता तजिंदर सिंह विर्क के नेतृत्व में तहसील भवन में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने स्मार्ट मीटर के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर व्यवस्था को निरस्त कर पुरानी पोस्टपेड मीटर व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई है। कहा कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था भारतीय जनमानस के विरुद्ध, अव्यवहारिक और विद्युत उपभोक्ता नियमों के प्रतिकूल है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी बनाने की बजाय घर-घर स्मार्ट मीटर लगाकर जनता को लूटा जा रहा है। कहा कि बुलेट ट्रेन चलाने की घोषणा करने वाली सरकार में स्मार्ट मीटर बुलेट से भी तेज चल रहे हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुरानी पोस्टपेड मीटर व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो जनता स्मार्ट मीटरों को उखाड़कर भाजपा नेताओं के घरों के आगे फेंक देगी। उन्होंने यह भी कहा कि नए स्मार्ट मीटर लगाने आने वाले अधिकारियों को खदेड़ा जाएगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अथर अली खां, याकूब खां, प्रेमशंकर दिवाकर, नदीमयार खां, अनस खां, नजीब खां, सद्दाम पाशा, हरदीप सिंह, पंकज यादव आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

न्यूज डायरी

नलकूप चालक की भर्ती के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

रामपुर, अमृत विचार : आईटीआई प्रतियोगी एकता संघ के संयोजक अमित प्रजापति ने शनिवार को प्रतिमंडल के साथ शहर विधायक आकाश सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। मांग है कि सिंचाई विभाग में नलकूप चालकों की अंतिम भर्ती 2015-16 में हुई थी। मांग है कि नलकूप चालकों के 11608 पद रिक्त हैं उन्हें भरवाया जाए। इस मामले में शहर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। नलकूप चालक पद के लिए हाईस्कूल और आईटीआई योग्यता है। नलकूप चालक के 11608 पद रिक्त हैं। लेकिन, सेवा नियमावली में संशोधान लंबे समय से लंबित होने के कारण भर्ती प्रक्रिया लगातार प्रभावित हो रही है। जिसके कारण युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। मांग है कि नलकूप चालकों के खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराईजा सके। जिससे कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके और विभाग में नलकूप चालकों की कमी पूरी हो जाए। इस मामले में शहर विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि वर्तमान में सिंचाई विभाग में नलकूप चालक के 11608 पद रिक्त हैं। यदि नलकूप चालकों की भर्ती कराए जाए तब युवा रोजगार से लग जाएंगे।

लॉर्ड बुद्ध सिटी स्कूल में मनाई बुद्ध पूर्णिमा

मिलक, अमृत विचार : न्यू कपिलवस्तु स्थित लॉर्ड बुद्ध सिटी इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, प्रबंधन समिति और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद भगवान बुद्ध द्वारा पुनर्जीवित की गई भारत की प्राचीनतम ध्यान पद्धति 'विपश्यना' का कुछ समय तक अभ्यास किया गया। विद्यालय के प्रबंधक कपिल देव कोरी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सारे विश्व को करुणा, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता का सबक सिखाया। उन्होंने भारत की ध्यान योग पद्धति से पूरे विश्व को परिचित कराया और युद्ध के विपरीत शांति का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय की सह प्रबंधिका पुष्पा देवी, शिक्षिकाएं दीपशिखा कश्यप, तान्या गुप्ता, सुरभि पांडे, भावना पांडे, भावना गंगवार, तक्षप्रीत कौर, प्रतीक्षा गंगवार, वैशाली देवल, अमृतांशी, महक बी, प्राची गुप्ता, शिवानी गंगवार, तनु गंगवार, रमन गंगवार, कल्पना गंगवार, महेंद्र यादव, सुभाष गंगवार आदि उपस्थित रहे।

किसानों की समस्याओं का करें समाधान

रामपुर, अमृत विचार : नैनीताल रोड बिलासपुर गेट स्थित कार्यालय पर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत हुई। जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समय से निस्तारण नहीं हो रहा है। इसके चलते जल्द बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व में उचित मांगों को लेकर ज्ञापन दिए है अभी तक कोई निस्तारण नहीं हुआ है। जिसके चलते जिले के किसानों परेशान है। उन्होंने कहा तहसील मिलक में हुए धान खरीद घोटाले की अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। कहा जिले की कुछ नहरों में पानी छोड़ा गया है और कुछ में नहीं छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि थाना गंज के सब इंस्पेक्टर हिमांशु सिंघल को हमने प्रार्थना पत्र दिया था, जिसको अनदेखा किया गया। उन्होंने कहा तहसील मिलक तहत जल जीवन मिशन को लेकर कार्य अधूरे हैं। खतौनी में नाम व अंश सुधार को लेकर भी कई बार ज्ञापन दे चुके हैं। बैठक में रामपाल पटेल, फरीद खां, बाबर खां, भूपेंद्र कुमार, उदयवीर गंगवार, मुताहिर खां, मुशीब अली खां, शाहिद खां, फ़ज़िल अंसारी, अबदुल रज्जाक खान सहित किसान मौजूद रहे।

एलपीजी के दामों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस का विरोध

मिलक, अमृत विचार : कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार द्वारा घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों के दामों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की है। इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से भेजा गया। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर 261 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर पर 993 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। कहा कि घरेलू सिलेंडर का उपयोग गरीब, मजदूर, ढाबे व छोटे दुकानदार करते हैं। इस बढ़ोतरी से इन लोगों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं वाणिज्यिक गैस महंगी होने से चाय, नाश्ता, मिठाई तथा खाना भी महंगा हो जाएगा, जिसकी सीधी मार आम जनता पर पड़ेगी। कांग्रेस नेताओं ने बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं। कांग्रेस ने आम जनता को महंगाई से राहत दिलाने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, जीवन सिंह, वेद प्रकाश, सुरेश अग्रवाल, शफी दाला सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

क्रय केंद्रों पर बदहाली का आरोप लगाते हुए किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता बिलासपुर

बिलासपुर की नवीन मंडी में क्रय केंद्रों पर प्रदर्शन करते भाकियू अंबावता के कार्यकर्ता।

- भाकियू अंबावता से जुड़े किसानों ने सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: शनिवार को भाकियू अंबावता के जिलाध्यक्ष सलीम वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ता नवीन मंडी पहुंचे। वहां अधिकतर क्रय केंद्रों पर ताला जड़ा होने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की।

संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर नवीन मंडी में स्थापित क्रय केंद्र पर पहुंचे। यहां उन्होंने गेहूं खरीद केंद्रों पर अव्यवस्थाओं और अधिकारियों की अनुपस्थिति का आरोप लगाते हुए आक्रोश जाहिर किया। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मंडी में सिर्फ एक केंद्र संचालित, बाकी पर ताले लगे हुए हैं। घोषित कार्यक्रमों के बावजूद भी अधिकांश गेहूं क्रय केंद्र बंद पड़े थे। वहां न तो प्रभारी मौजूद थे और न ही कामकाज करने वाले वर्कर। कहा कि अन्नदाता का अधिकारी खुलेआम शोषण कर रहे हैं। जब किसानों के पास गेहूं की भरपूर मात्रा थी, तब बारदाने की कमी का बहाना बनाकर उन्हें टाल दिया गया। नतीजतन, मजबूर किसान ने अपनी फसल निजी हाथों में औने-पौने दामों पर बेच दी। अब केंद्र संचालक बिचौलियों द्वारा सस्ते दामों पर खरीदी गई फसल को महंगे दामों पर सरकार खरीद के दर्शा रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष युवा मुहम्मद आसिम राजा, मुहम्मद अहमद, बलविंदर सिंह, जोरा सिंह, रिजवान अली, करीमुद्दीन, अहकाम मिर्जा, अवतार सिंह, जगतार सिंह, फरीद अहमद, फैसल खां, सोनू सिंह, इमरान खां, साबिर अली, सोनू गुप्ता, बलजीत सिंह और राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

24.96 करोड़ से तैयार बापू मॉल नहीं हुआ चालू, रोष

तिलक नगर कॉलोनी स्थित कार्यालय में बैठक करते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता रामपुर

अमृत विचार: तिलक नगर कॉलोनी स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय में शनिवार को बैठक की गई। इसमें व्यापारियों ने बापू मॉल के संचालन का मुद्दा उठाया। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि बापू मॉल को बने हुए 14 साल बीत गए, 24 करोड़ 96 लाख की लागत से तैयार बापू माल चालू नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा कि लगातार संघर्ष करते हुए व्यापार मंडल नगर पालिका से दुकानों के आवंटन का अनुरोध कर रहा है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना मामून को इस समस्या का हल करना चाहिए। लगभग इस माल में 400 से अधिक दुकानों का आवंटन पूर्ण नहीं हो पाया है। इसी संबंध में हाउस टैक्स का वॉटर टैक्स में 50 प्रतिशत गुना दर बढ़ा दी गई है जो कि गरीब आदमी के बस की बात नहीं है। प्रदेश मंत्री पप्पू खा, मंडल अध्यक्ष अब्दुल वासिक, परवेज खान, शहीद मामू, नवाब युसूफ अली, जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा अरविंद गुप्ता, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

मारपीट मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

मिलक, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के किरा गांव निवासी चिंती लाल ने कोतवाली में तहरीर दी। इसमें बताया कि गांव के लखविंदर हरचरन शैम्पू वीरेंद्र के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर इन चार लोगों ने मेरे साथ गाली गलौज मारपीट की है। आसपास के लोगों को आता देख यह चारों व्यक्ति जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में चिंती लाल ने कोतवाली में नामजद तहरीर दी तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना कराई जा रही है ।

श्री अन्न की मिनी किट के लिए किसान 10 तक करें आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : उपकृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जिले में मिलेट्स श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को निशुल्क मिलेट्स बीज के मिनी किट वितरित किए जाएंगे। बताया कि जिले के किसानों को संकुल ज्वार के 60, कोदो के 150, मडुआ रागी के 150, सांवा के 150 एवं संकर बाजरा के 300 मिनीकिट उपलब्ध कराए जाएंगे। इन मिनी किट्स की ऑनलाइन बुकिंग कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल https://agriculture.up.gov.in पर 10 मई तक की जा रही है। निर्धारित तिथि के बाद किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। कहा कि इच्छुक किसान पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मायके पक्ष लोगों ने पति से की मारपीट

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव धावनी बुजुर्ग निवासी मोहम्मद सुआले द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि उसकी शादी करीब छह माह पहले बरेली के लालूनगला निवासी नाजिस बी के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दोनों में विवाद चल रहा था। बीते शुक्रवार की शाम उनकी पत्नी अपने मायके पक्ष के लोगों को फोन कर घर बुला लिया। पत्नी के बुलावे पर शुएब, जावेद, शानू और आरिफ लाठी-डंडों से लैस होकर सुआले के घर में घुस आए। आरोपियों ने घर में घुसते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए। जब पीड़ित के भाइयों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें भी जमकर पीटा। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। खजुरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन शॉपिंग से दुकानदारों का कारोबार चौपट

शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ा क्रेज, व्यापारियों की सरकार से ऑनलाइन कारोबार रोकने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बोले, जाम और पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से बाजारों से ग्राहकों का हो रहा मोह भंग
- बाजारों में पसर रहा सन्नाटा इससे ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी के मामले भी लगातार बढ़ रहे

अमृत विचारः ऑनलाइन शापिंग से बाजार के दुकानदारों का कारोबार चौपट हो गया है। क्योंकि शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में भी ऑनलाइन शापिंग का क्रेज बढ़ गया है। बाजारों में भीड़, जाम और पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से शहरी लोग बाजारों में जाने से बचते हैं। ऑनलाइन शापिंग से करीब 40 से 50 प्रतिशत तक कारोबार चौपट हो गया है। दुकानें सूनी पड़ी है सहालग चल रहा है और दुकानों में सन्नाटा है।

ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन ने भारत में छोटे और पारंपरिक दुकानदारों के व्यापार को भारी नुकसान पहुंचाया है मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और घरेलू सामानों की ऑनलाइन खरीदारी से स्थानीय रिटेल बाजार सूने हैं जिससे बेरोजगारी का खतरा बढ़ गया है। हर छोटा बड़ा व्यापारी अपने-अपने धंधे में मंदी से परेशान हैं।

बाजार में ग्राहक नहीं होने से सूनी पड़ी चप्पल-जूते की दुकान। ● अमृत विचार

बाजारों में रौनक कम होती जा रही है। मंदी के प्रमुख कारणों में व्यापार का ऑनलाइन होना है। युवा खरीदारी करने के लिए अपना मोबाइल इस्तेमाल कर रहे हैं। बेशक उसमें कोई खरीदने की समझ न हो पर फटाफट ऑर्डर कर देते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में जो चीज बाहर से नहीं मिलती होती, अकेला डिजाइन ही देखने को मिलता है वो भी देखी जा रही है।

खासकर ऑनलाइन में पेमेंट अगर पहले कर दें तो सामान गलत भी भेज देते हैं और बाद में खरीदार को पछताना पड़ता है। या सामान नहीं भेजते हैं और तरह-तरह के बहाने करते हैं और ग्राहक का पैसा हड़प कर जाते हैं। इरम फातिमा बताती हैं कि उन्होंने मोबाइल पर एक सूट का आर्डर किया सूट की कीमत 500 रुपये थी। पैसा पहले भेज दिया इसके बाद कहा गया कि 300 रुपये सूट का भेजने का भेजिए या दो सूट लीजिए इसके बाद इरम फातिमा ने 500 रुपये और भेज दिए इसके बावजूद सूट नहीं भेजे गए। ऑनलाइन ठगी का धंधा भी खूब फल फूल रहा है। लोग लालच में आ जाते हैं और पैसा गवां बैठते हैं।

ऑनलाइन ट्रेडिंग से परेशानी हुई है। दुकान पर कस्टमर बहुत काम आ रहे हैं। हर चीज ऑनलाइन मंगाई जा रही है। आन लाइन शापिंग में लोगों को धोखा भी मिल रहा है।
- नजाकत अली

आनलाइन ट्रेडिंग से कारोबारियों को नुकसान हुआ है कि ग्राहक दुकान पर बहुत काम आता है और इससे दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लोग ठगी का भी शिकार हो रहे हैं।
- सलविंदर विराट

ऑनलाइन शुरू होने के बाद मार्केट में ग्राहक काम आ रहे हैं कारोबार पर काफी फर्क पड़ा है। ऑन लाइन शानदार जूते, मोजे, मसाले, कपड़े, इलेक्ट्रानिक सामान बेचा जा रहा है।
- मोहन

ऑनलाइन ट्रेडिंग बंद होना चाहिए इससे व्यापारियों को 40 से 50 प्रतिशत तक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाजार सूने हो गए हैं और ग्राहक के साथ भी धोखाधड़ी की जा रही है। **- संदीप सोनी**, व्यापारी नेता

जनगणना ड्यूटी के बदले उपार्जित अवकाश की मांग

- उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

रामपुर, अमृत विचारः शिक्षकों के अनुसार परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को जनगणना-2026 के कार्य में लगाए जाने के चलते ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों को उपार्जित अवकाश प्रदान किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रस्तावित है, जबकि परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 15 जून तक निर्धारित है। ऐसे में बड़ी संख्या में शिक्षक अपने अवकाश अवधि में भी पर्यवेक्षक व प्रगणक के रूप में शासकीय कार्य करने को बाध्य हैं, जिससे वे अवकाश के वास्तविक लाभ से वंचित हो रहे हैं। शिक्षक संघ ने सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के 20 फरवरी 1998 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अवकाश अवधि में शासकीय कार्य कराने पर शिक्षकों को उपार्जित अवकाश दिए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। संघ का कहना है कि जनगणना कार्य के दौरान शिक्षकों को लगभग 24 दिन तक लगातार ड्यूटी करनी होगी, जिसमें दैनिक उपस्थिति, क्षेत्र भ्रमण और डाटा संकलन जैसे कार्य शामिल हैं। संघ ने मांग की है कि शिक्षकों को कम से कम 15-16 दिन का उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाए, ताकि वे नियमों के अनुरूप लाभ प्राप्त कर सकें। बिना मानसिक दबाव के जनगणना कार्य को सुचारू रूप से पूरा कर सकें। इस दौरान जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, दिलशाद वारसी, महेंद्र प्रताप सिंह, सतीश गिरोब, आनंद सिंह भंडारी, तहसील आलम खान, राकेश विश्वकर्मा, उमेश यादव, मोहम्मद खालिद खान, मोहित यादव, ताहिर अली, फुरकान मोहम्मद, सत्यपाल सिंह, मनोज कुमार, सागर और संतोष प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आर्द्रता बढ़ने से पूरे दिन लोग रहे पसीना-पसीना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हो सकती है वर्षा

अमृत विचार : शनिवार को सुबह से सूरज निकला आसमान से तपिश बरसने लगी। मई के दूसरे दिन आर्द्रता 49 प्रतिशत हो गई उमस बढ़ने से लोगों का पसीना बहता रहा। हालांकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 3 मई को पुनः सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण 4 से 6 मई तक गरज चमक और तेज हवा के साथ वर्षा की संभावना है। 6 मई के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी के आसार हैं।

पिछले दो दिन आंधी-बारिश के बाद शनिवार को सुबह से सूरज निकला और आसमान से तपिश बरसती रही हालांकि, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा। लेकिन, आंधी-बारिश के बाद आर्द्रता बढ़ने से उमस बढ़ गई और लोग पूरा दिन पसीना-पसीना होते रहे। हालांकि शाम ढले मंद पवन चलने से मौसम खुशगवार हो गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 3 मई को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके कारण 4 से 6 मई तक गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। 6 मई के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी होने का दावा किया गया है। बारिश होने पर आम की फसल को लाभ पहुंचने का कयास जताया जा रहा है।

> पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर गरज चमक तेज हवा के साथ वर्षा की संभावना है। जिससे तापमान में औसतन 4 डिग्री की गिरावट आ सकती है। 6 मई के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी के आसार हैं।
>
> **- डॉ. उदय प्रताप शाही**, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगी 65 वर्ष सेवानिवृत्ति

रामपुर, अमृत विचारः आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन कर 10 सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। मांग है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवा निवृत्त होने की आयु 65 वर्ष की जाए। उन्हें ग्रेच्युटी का लाभ दिया जादया। पोषण ट्रेकर पर ऑन लाइन काम करने के लिए 5 जी मोबाइल की खरीद के लिए 20 हजार रुपये और प्रतिमाह रिचार्ज के लिए 2500 रुपये दिए जाएं। प्रोत्साहन राशि पीएलआई के भुगतान में घपले के मद्देनजर उसे मानदेय में शामिल करा दिया जाए। सभी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निजीकरण और आउटसोर्सिंग व्यवस्था बंद की जाए। आंगनबाड़ी कर्मचारियों पर बीएलओ समेत अन्य विभागों के कार्य जबरन नहीं थोपे जाएं। इसके अलावा एजुकेटर भर्ती को बंद कराए जाने की मांग की गई है।

श्रीराम के चरित्र को जीवन में उतारें: साध्वी जयंती

संवाददाता बिलासपुर

श्रीराम कथा सुनती साध्वी जयंती भारती।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- बिलासपुर में श्रीराम कथा के दूसरे दिन साध्वी जयंती

अमृत विचारः शनिवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने प्रभु श्रीराम जन्म प्रसंग को बहुत ही रोचक व आध्यात्मिक तथ्यों सहित प्रस्तुत किया। साध्वी ने बताया कि श्रीराम का जीवन चरित्र मानव के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। किंतु आज हमारा समाज ऐसे उत्तम चरित्र को भूलकर निकृष्टता का अनुसरण कर रहा है। जिसका परिणाम आप टूटते बिखरते परिवारों के रूप में दिशाहीन युवाओं के रूप में व दम तोड़ती मानवता के रूप में स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए अगर हम एक सुंदर सभ्य व श्रेष्ठ समाज की परिकल्पना को साकार करना चाहते है। तो हमें श्रीराम जी के चरित्र को अपने जीवन में उतरना होगा और ऐसा अध्यात्म ज्ञान की दीक्षा को प्राप्त करके ही संभव हो सकता है। जब एक पूर्ण गुरु का आगमन हमारे जीवन में होता है तो वह हमें ब्रह्मज्ञान की दीक्षा देते है। यही अध्यात्म हमारी भारतीय संस्कृति का भी आधार रहा है। जहां अन्य देशों की संस्कृतियां भोग पर आधारित है। उन्होंने बताया कि प्रभु का जन्म व कर्म दिव्य होता है। जिसे हम साधारण बुद्धि के द्वारा नहीं समझ सकते। प्रभु की प्रत्येक लीला के पीछे आध्यात्मिक रहस्य होते हैं। जिन्हें हम ब्रहमज्ञान के द्वारा ही समझ सकते है। वहीं हमारी भारतीय संस्कृति योग और अध्यात्म से संपन्न है। इसलिए अगर हम जीवन में उत्कर्ष प्राप्त करना चाहते है तो पुनः हमें अपनी संस्कृति के साथ जुड़ना होगा। इसके अतिरिक्त कथा में सुमधुर भजनों का गायन भी किया गया कथा का समापन प्रभु की पावन मंगल आरती के साथ किया गया। इस मौके पर निवेदिता मित्तल, स्नेहा मदान, साक्षी, अनु, मनीषा, सीमा, अल्पना, दीपक, रामफल, राजेश राजपूत, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

गोकशी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता स्वार

स्वार पुलिस की गिरफ्त में गोकशी का आरोपी। ● अमृत विचार

- तमंचा व गोवध करने के उपकरण बरामद

अमृत विचारः पुलिस ने गोकशी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और पशु काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा है। वही पुलिस फरार हुए दुसरे आरोपी को तलाश कर रही है।

दो दिन पूर्व मसवासी चौकी के गांव जमना-जमनी जाने मार्ग पर एक गेहूं के कटे खेत में गोवंशीय पशु का अवशेष मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची गई थी। पशु चिकित्सक की जांच में अवशेष गोवंशीय पशु के पाए गए थे। मामले में अज्ञात गौतस्करो के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम एक्ट में रिपोर्ट दर्ज आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। शनिवार की सुबह मुखबिर ने कोतवाल अनुपम शर्मा को सूचना दी कि गांव मिलक नौखरीद के पास कच्चे रास्ते से नरपत नगर निवासी रिजवान पुत्र अमजद गौवध करने की तैयारी कर रहा है। कोतवाल ने टीम गठित कर पुलिस को छापामार कार्रवाई करने के निर्देश दिये। पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा रस्सी, प्लास्टिक कट्टा, कुल्हाड़ी, छुरी और दाव सहित अन्य उपकरण बरामद कर थाने ले आई। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गांव जमना जमनी मे एक गेंहू के खेत गोवंश वध की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। कोतवाल ने बताया कि गोतस्कर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेजा है।

50 साल से नहीं बनी सड़क ग्रामीणों में आक्रोश, प्रदर्शन

मसवासी, अमृत विचारः तहसील स्वार क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर उत्तरी और मंसूरपुर के ग्रामीणों का वर्षों पुराना आक्रोश शनिवार सुबह उस समय सामने आ गया, जब बदहाल पड़े रास्ते को लेकर लोगों ने खुलकर विरोध जताया। सुबह करीब नौ बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और सड़क निर्माण की मांग को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

ग्रामीणों का कहना है कि धर्मपुर उत्तरी से मंसूरपुर को जोड़ने वाला यह रास्ता पिछले करीब 50 वर्षों से कच्चा पड़ा हुआ है। बारिश के दिनों में रास्ते में पानी भर जाता है और जगह-जगह गड्ढे हो जाने से आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी किसानों, दूध सप्लाई करने वाले लोगों और नौकरीपेशा व्यक्तियों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोज इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। यह मार्ग रहमतगंज, मंसूरपुर और लाड़ पुर होते हुए धर्मपुर उत्तरी को जोड़ता है तथा आगे उत्तराखंड के किशनपुर मौलागढ़ और मुरादाबाद रोड तक संपर्क प्रदान करता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कागजों में इस सड़क को पक्का दर्शाया गया है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान मनप्रीत सिंह, यमन हाजी, रमेश, ओम प्रकाश लक्ष्मी रोहित मौर्य आदि शामिल रहे।

मक्का के होटलों में हाजियों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

Aasaf Al-Qurashi Hostel
मक्का के एक होटल में खड़े आजमीने हज।

- राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने होटल की वीडियो सोशल मीडिया पर की पोस्ट

अमत विचारः आम आदमी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि मक्का के होटलों में रामपुर के हाजियों को बहुत परेशानी हो रही है। होटलों में ठहरे हाजियों ने वहां की वीडियो भेजी है जिसे आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया है। हज यात्रियों से करीब चार लाख रुपये लेने के बावजूद उन्हें साफ शौचालय नहीं मिल रहे हैं। एक-एक कमरे में 16-16 लोगों को ठहराया गया है।

होटलों की स्थिति इतनी खराब है कि मक्का के होटलों में इतनी बदइंतजामी है कि शौचालय का गंदा पानी कमरों में जमा हो रहा है। पानी की निकासी नहीं है। मक्का अजीजिया में भारतीय हाजियों को बहुत परेशानी हो रही है। आसफ अल कुरैश में भी लिफ्ट खराब है यहां भी एक-एक कमरे में दर्जन भर से अधिक लोगों को ठहराया गया है जबकि, कमरे में एक मात्र शौचालय है। इस सम्बंध में आप के प्रदेश प्रवक्ता ने हज कमेटी के चेयरमैन को पत्र लिया है। पत्र में कहा गया है कि इस वर्ष हज कमेटी के माध्यम से मक्का मुकर्रमा हज करने गए आजमीने हज को बहुत परेशानियां हो रही हैं। होटलों में ठहरने की व्यवस्था मानक के अनुरूप नहीं है एक कमरे में 8 से लेकर 16 लोगों को रखा गया है। 16 लोगों के कमरे में एक वाशरूम है।

सफाई, पानी आदि का अभाव है। मांग है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और होटल समेत एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कहा कि शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो हज कमेटी के विरुद्ध यह मुद्दा व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने मक्का के होटलों की वीडियो भी हज कमेटी के चेयरमैन को भेजी है।

महंगाई होटलों और ढाबों पर रोजाना खाना खाने वालों की जेब पर बढ़ा बोझ

कमर्शियल सिलेंडर 993 रुपये महंगा, बढ़े थाली के दाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पांच किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर भी हुआ 261 रुपये महंगा

अमृत विचारः 19 किग्रा. वाले कमर्शिलय एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये की बढ़ोत्तरी से होटल और ढाबों नर भोजन की थाली के दाम बढ़ गए हैं। 70 से 80 रुपये की थाली के दाम 125 से 150 रुपये तक हो गए हैं। इससे होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर रोजाना खाना खाने वालों की जेब पर बोझ बढ़ गया है। पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर की कीमत में भी 261 रुपये बढ़ गए हैं। सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोत्तरी होने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

ईरान, अमेरिका और इजराइल जंग का असर गैस सिलेंडरों पर पड़ने लगा है इसके अलावा कुछ कारोबारी इसे बंगाल चुनाव से जोड़कर भी देख रहे हैं। सिलेंडर की कीमतों में पहली बार 993 रुपये की वृद्धि हुई है।

जिससे छोटे मझोले होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा चलाने वालों को जोर का झटका लगा है। कारोबारी बताते हैं सिलेंडर के दाम बढ़ने से सब्जी, रोटी, दाल सबकुछ महंगा हो जाएगा। जिसका असर लोगों की जेब पर पड़ेगा। कहते हैं कि सरकार को एक दम कमर्शियल गैस सिलेंडर की इतनी कीमत नहीं बढ़ाना चाहिए थी। अब तक के इतिहास में पहली बार कमर्शियल गैस सिलेंडर की इतनी कीमत बढ़ी है। सिलेंडर महंगा होने पर अमृत विचार ने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा कारोबारियों से बातचीत की।

कारोबारी बोले-

गैस सिलेंडर का दाम बढ़ने सेखाने का रेट बढ़ेगा जिससे कारोबार में गिरावट आएगी। महंगा खाना होने पर लोग होटलों पर खाना खाने से बचेंगे और खुद बनाना शुरू कर देंगे। **- राशिद**

गैस के दाम बढ़ने से चीजें महंगी हो जाएंगी, एक साथ 993 रुपए बढ़ा दिए हैं इससे कारोबार पर असर पड़ेगा। सिलेंडर की कीमतों में इतनी बढ़ोत्तरी नहीं करना चाहिए थी। **- हरिओम**

गैस के दाम बढ़ने से छोटे कारोबारियों पर असर पड़ेगा। खाने के रेट बढ़ने से छोटे मझोले लोगों की जेब पर असर पड़ेगा। ज्यादातर गरीब परिवार के लोग खाना खाते हैं।
- बबलू

सिलेंडर के पैसे बढ़ गए हैं इससे कारोबार पर असर पड़ेगा। खाने की थाली महंगी हो जाएगी जिसका असर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की जेब पर पड़ेगा। कारोबार हल्का हो जाएगा। **- मोहसिन खां**

मजदूरों का पसीना ही राष्ट्र की असली पूंजी: प्रो. जहीरुद्दीन

- जौहर विश्वविद्यालय में श्रमिक दिवस पर हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

जौहर विश्वविद्यालय में पोस्टर दिखाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि मजदूरों का पसीना ही राष्ट्र की असली पूंजी है। यदि हम उनकी आंखों में संतोष नहीं ला सके तो हमारी सारी डिग्रियां अधूरी हैं। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए।

विधि संकाय के छात्र मोहम्मद कासिम ने कहा कि कलम से क्रांति लिखने वाले और कुदाल से भविष्य गढ़ने वाले, दोनों ही समाज के निर्माता हैं। श्रम का कोई छोटा-बड़ा दर्जा नहीं होता। डॉ. सदफ खान ने हेमार्केट आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि 1 मई सिर्फ छुट्टी का दिन नहीं है। यह उस आवाज का नाम है जिसने कहा था कि इंसान मशीन नहीं है। सम्मान, सुरक्षा और समान वेतन हर श्रमिक का जन्मसिद्ध अधिकार है। रोशनी तनवीर, इकरा बी ने श्रमिक सुरक्षा पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। मोहम्मद कैफ, मोहम्मद कासिम, लैबा, कहफिशा, सुभाना, ताबिया आदि ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पेंशन, बीमा और स्वास्थ्य सुविधा पर जोर दिया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. एस. एन. सलाम, डॉ. गुलरेज निजामी, मिसेज उजमा, प्रीति यादव, अक्शा, डॉ. निर्भय, डॉ. स्वाति सिंह आदि मौजूद रहे।

युवती के ले जाने के मामले में बदायूं के युवक पर रिपोर्ट दर्ज

मिलक, अमृत विचारः 1 मई को ननिहाल से गांव लौटी अनुसूचित जाति की युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी बदायूं से गिरफ्तार हो गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिलक कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने तहरीर दी कि उनकी बेटी जिला बदायूं में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। कुछ समय पहले वह अपने गांव आ गई थी। 26 अप्रैल को अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन बेटी का पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि जनपद बदायूं निवासी सजत कश्यप उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

न्यूज ब्रीफ

बालिकाओं से बालश्रम कराने का आरोप

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गंभीर अनियमितताओं और उत्पीड़न का मामला सामने आया है। सामने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रसोइए राजेश कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय की वार्डन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राजेश का आरोप है कि वार्डन छात्राओं से झाड़ू-पोछा, नालियों की सफाई, कपड़े धुलवाने और शिक्षकों के बच्चों को संभालने जैसे बाल श्रम करवाती हैं। विरोध करने पर वार्डन ने रसोइए को बिना किसी नोटिस के नौकरी से भी निकाल दिया। पीड़ित ने बताया कि वार्डन के पास जूनियर होने के बावजूद चार्ज है। राजेश ने अपने पास वीडियो साक्ष्य होने का दावा करते हुए उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है।

टूटी सड़क से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले के निवासियों ने गंदगी और सड़क निर्माण की मांग को लेकर मोहल्ले में ही जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिला और पुरुषों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। नगर के मोहल्ला खेवान वासियों ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। नाले के किनारे गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिससे हर समय बदबू और बीमारियों का खतरा बना रहता है। प्रदर्शन करने वालों में रानी, राजकुमारी, देववती, नविता, क्रांति, दीपचंद, प्रिंस, विनोद, हरीश, कृष्ण, जगत सिंह रहे।

समाधान दिवस में स्मार्ट मीटर और मंहगाई को लेकर किया प्रदर्शन

महिलाओं ने स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध, अधिक बिल आने का लगाया आरोप, नारेबाजी की, किसानों ने झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग

- मंहगाई के विरोध में सिर पर सिलेंडर लेकर समाधान दिवस में पहुंचे किसान
- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, गुंडा एक्ट की कार्रवाई पर जताया रोष

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार : तहसील समाधान दिवस शनिवार को प्रदर्शन के विरोध चढ़ गया। किसानों नें जहां मंहगाई को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ये ही नहीं किसान सिर पर सिलेंडर लेकर समाधान दिवस में पहुंच गए और विरोध किया। इसके अलावा झूठे मुकदमों में फंसाने के मामले में जांच की मांग की। वहीं महिलाओं ने बिजली के स्मार्ट मीटर को लेकर समाधान दिवस में विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। आरोप है कि स्मार्ट मीटरों में बिजली का बिल अधिक आता है, जिससे उन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं ने स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुरानी व्यवस्था पर संतोष जताते हुए लागू करने की मांग की।

सिर पर सिलेंडर रखकर समाधान दिवस में पहुंचे किसान : तहसील दिवस में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (बीआर आंबेडकर) के कार्यकर्ताओं ने मंहगाई और झूठे मुकदमों का विरोध किया। किसान तहसील दिवस में मंहगाई का विरोध करते हुए गैस सिलेंडर को सिर पर रखकर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। इसके बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मांगे पूरी करने को कहा।

शनिवार को तहसील दिवस में यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिर पर गैस सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों पर गहरा आक्रोश जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ईंधन के बढ़ते दामों ने खेती की लागत बढ़ा दी है और आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने और सब्सिडी बहाल करने की पुरजोर मांग की। इसके साथ ही, डॉ. भाटी ने अपने ऊपर दर्ज गुंडा एक्ट की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया। उन्होंने इसे आधारहीन बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की और चेतावनी दी कि यदि फर्जी मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे। प्रदर्शन करने वालों में देवेंद्र यादव, अमरजीत, मेवा राम, सौरव और कुलदीप, मंथन,रुम सिंह,सोनू ,धर्म पाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

समाधान दिवस में सिलेंडर सिर पर रखकर प्रदर्शन करते किसान। • अमृत विचार

समाधान दिवस में बिजली के स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं व पुरुष। • अमृत विचार

समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। • अमृत विचार

महिलाओं ने लगाए स्मार्ट मीटर हाय-हाय के नारे

हसनपर, अमृत विचार : शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उस समय गहमागहमी बढ़ गई जब दर्जनों महिलाओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में मोर्चा खोल दिया। महिलाओं ने श्स्मार्ट मीटर हाय-हाय के नारे लगाते हुए तहसील परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं व पुरुषों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। राजबाला ने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण बिल का बोझ उठाना अब मुश्किल हो गया है। वहीं, पार्वती और प्रीति देवी ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मीटर की तेज रीडिंग से वे खासी परेशान हैं। महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी। वह घरों पर लगे स्मार्ट मीटरों को उखाड़ कर अधिकारियों के सामने फेंका जाएगा। प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का त्वरित समाधान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अंजू, प्रीति, उषा ,पार्वती, उर्मि सैनी, मिथिलेश, सुनीता, संतोष, गीता देवी, सरोज, रेनू, प्रेमलता, सत्येंद्री, मीनाक्षी, विजय वती, कुवरवती, सुनीता, कमलेश, राजबाला, वाला, किरन, कैलाशौ, गुड्डी, श्यामवती, राजवती आदि मौजूद रहीं।

70 में से नौ शिकायतों का हुआ निस्तारण

हसनपुर, अमृम विचार : तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित श्संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह ने फरियादियों की फरियाद सुनी। अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी फरियाद रखी। समाधान दिवस में कुल 70 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 26, पुलिस विभाग की 15, विकास विभाग की 10 और अन्य विभागों से संबंधित 10 शिकायतें दर्ज की गईं। संबंधित अधिकारियों ने बारी-बारी से सभी शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए। मौके पर ही 9 शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निस्तारण की प्रक्रिया गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध होनी चाहिए, ताकि फरियादियों को बार-बार तहसील के चक्कर न काटने पड़ें। इस अवसर पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज त्यागी, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, वन रेंजर नरेश कुमार, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, एसडीओ विद्युत मिथिलेश कुमार, एबीएसए उदयवीर सिंह आदि रहे। डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बंटवारे के विवाद में रखा रहा शफीक का शव

- हंगामा और विवाद के बाद पंचायत में बटबारा होने के बाद शफीक को किया सुपुर्द-ए-खाक

संवाददाता डिडौली(अमरोहा)

अमृत विचार: डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर माफी में एक बुजुर्ग किसान के निधन के बाद पारिवारिक विवाद खुलकर सामने आ गया। जमीन के बंटवारे को लेकर बड़े बेटे के विरोध के चलते मृतक का अंतिम संस्कार घंटों तक टल गया, जिससे गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। बाद में पुलिस और ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत हुई, जिसमें समझौते के बाद ही दफन की प्रक्रिया पूरी हो सकी।

यह मामला गांव सलारपुर माफी का है। दरअसल गांव निवासी किसान शफीक सैफी का शनिवार तड़के करीब तीन बजे इलाज के दौरान निधन हो गया। परिजनों के अनुसार वह पिछले करीब नौ वर्षों से सांस की बीमारी से पीड़ित थे। करीब एक माह पहले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी जाफरी, दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दोनों बेटे अलग-अलग रहते हैं। शनिवार सुबह जब परिजन शव को गांव लाकर दफन की तैयारी कर रहे थे, तभी बड़े बेटे आसिफ ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि बड़े बेटे ने कब्रिस्तान में कब्र खोद रहे लोगों को भगा दिया और साफ कहा कि जब तक जमीन का बंटवारा नहीं होगा, वह दफन नहीं होने देगा। बताया जाता है कि मृतक ने अपनी करीब साढ़े छह बीघा जमीन में से लगभग चार बीघा जमीन छोटे बेटे राशिद सैफी के नाम कर दी थी, जो पिता और परिवार की देखभाल करता था। इसी बात से नाराज होकर बड़ा बेटा अड़ गया। मामले की सूचना मिलते ही डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। गांव के प्रधान हरि सिंह व अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई। काफी देर तक चली पंचायत में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया गया। पंचायत में जमीन को बराबर-बराबर बांटने पर सहमति बन गई। इसके बाद माहौल शांत हुआ और मृतक का अंतिम संस्कार संपन्न कराया जा सका। गांव में इस घटना को लेकर देर तक चर्चाएं होती रहीं।

मृतक शफीक।

जलभराव को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

- नगर पालिका के खिलाफ की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार: शहर के मुख्य मार्ग पर नाला नहीं बनने के कारण कई मोहल्लों के सैंकड़ों परिवार बिना बरसात ही जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। पिछले कई महीनों से बनी इस समस्या का समाधान न होने पर शनिवार को नाराज लोगों ने प्रदर्शन कर नगरपालिका परिषद के खिलाफ नारेबाजी की।

शहर के मोहल्ला आजादनगर में नाले का निर्माण नहीं होने के कारण सड़क पर जलभराव होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को मोहल्ले के लोगों ने नाराज होकर नगरपालिका परिषद के खिलाफ नारेबाजी कर जल्दी ही समस्या का समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि करीब एक साल से नाले का निर्माण नहीं होने के कारण लोगों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं स्कूली बच्चे भी कई बार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इसके अलावा मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से हर दिन हजारों वाहन स्वामियों को परेशानी झेलनी पड़ती है।लगातार शिकायतों के बाद भी समाधान न होने से नाराज स्थानीय लोगों ने शनिवार की दोपहर प्रदर्शन कर नगरपालिका परिषद के खिलाफ नारेबाजी की। शिकायत के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहल्लों में जलभराव रहने के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। इसलिए जलभराव और जर्जर सड़क की समस्या का समाधान होना चाहिए। ईओ ललित कुमार आर्य ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वाले जीवन सैनी, धर्मपाल सिंह, डालचंद, सुनिता, मुनेश, पंकज प्रजापति, अनिता, कमलेश आदि मौजूद रहे।

पानी में खड़े होकर प्रदर्शन करते लोग। • अमृत विचार

लापता डॉक्टर पांच घंटे बाद सकुशल मिले

- सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शहर में एक डॉक्टर के अचानक लापता होने से शुक्रवार रात हड़कंप मच गया गया था। प्रकाश हॉस्पिटल के संचालक डॉ. शिव कुमार गुप्ता सुबह करीब 11 बजे अपने घर से अस्पताल के लिए निकले थे, लेकिन काफी देर तक वहां नहीं पहुंचे। उनका मोबाइल फोन भी बंद मिलने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई और मामला पुलिस तक पहुंच गया।

परिजनों ने पहले अपने स्तर पर डॉक्टर की तलाश की। रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया गया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। दोपहर तक स्थिति गंभीर होती देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर थाना अमरोहा देहात में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने तत्काल संज्ञान लिया और डॉक्टर की तलाश के लिए कई टीमें गठित कीं। इसमें स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एसओजी और सर्विलांस टीमों को भी लगाया गया। पुलिस ने डॉक्टर के मोबाइल की अंतिम लोकेशन और संभावित रूटों पर गहनता से जांच शुरू की। शुक्रवार की देर रात ही पुलिस और एसओजी टीम ने उन्हें बरामद कर लिया। करीब पांच घंटे की लगातार मशक्कत के बाद पुलिस को सफलता मिली और डॉ. शिव कुमार गुप्ता सकुशल अपनी कार के साथ मिल गए। उनके सुरक्षित मिलने की खबर मिलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि डॉ शिवकुमार देर रात तक डॉक्टर अपने घर लौट आए।

कन्फेक्शनरी दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग लाखों का नुकसान

- आग लगने के बाद मच गई भगदड़ लोगों ने मशक्कत से बुझाया।
- आसपास के लोगों ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

संवाददाता मंडी धनौरा

अमृत विचार: नगर के शेरपुर चुंगी मार्ग पर शनिवार तड़के एक कन्फेक्शनरी की दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी कि दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का कीमती सामान और मशीनरी जलकर पूरी तरह राख हो गई। हालांकि स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता के चलते आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में बड़ा हादसा होने से टल गया।

शेरपुर चुंगी मार्ग निवासी अशोक सैनी की कन्फेक्शनरी की दुकान है। शनिवार सुबह जब मोहल्ले के लोग टहलने के लिए निकले, तो उन्होंने दुकान के बंद शटर से धुआं निकलते देखा। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए लोगों ने तुरंत दुकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। डायल 112 पुलिस टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। जैसे ही दुकान का शटर खोला, अंदर से आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुआं बाहर निकलने लगा। यह दृश्य देखकर मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों और पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। पानी और रेत की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित दुकानदार अशोक सैनी ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखे चार बड़े फ्रिज, कोल्ड ड्रिंक्स, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए हैं। उन्होंने प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। शुरुआती जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली के शॉर्ट सर्किट को आग लगने की मुख्य वजह माना जा रहा है।

आग लगने के बाद मौजूद लोग। • अमृत विचार

पेड़ गिरने से घायल बाइक सवार युवक की मौत

मंडी धनौरा, अमृत विचार : क्षेत्र के शाहपुर रझेड़ा गांव के पास बीते गुरुवार शाम आए भीषण आंधी-तूफान में गिरे पेड़ से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मेरठ के एक अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। शाहपुर रझेड़ा निवासी 24 वर्षीय शारिक मलिक पुत्र जामिन मलिक गजरौला स्थित एक मारुति कार एजेंसी में मैकेनिक के रूप में कार्यरत था। गुरुवार देर शाम वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह कमेलपुर रोड पर पहुंचा, उसी दौरान अचानक तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया। तेज हवा के झोंकों के कारण सड़क किनारे खड़ा एक भारी-भरकम पेड़ उसकी बाइक पर गिर गया था। इस हादसे में शारिक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद परिजनों ने मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक शारिक।

पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

अमरोहा, अमृत विचार : अमृत विचारः नौगांवा सादात थाना पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। थाना नौगांवा सादात पुलिस के अनुसार, एक मई 2026 को ग्राम रजाकपुर निवासी अमित कुमार ने अपने खेत से स्टार्टर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे धनौरा बाईपास से ग्राम खेतापुर जाने वाली सड़क के किनारे स्थित आम के बाग के सामने से आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर माध्यमिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- आठ सूत्रीय मांगों को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार: प्रदेशीय आव्हान पर शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अमरोहा के बैनर तले जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय पर शिक्षकों ने विशाल धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह ढिल्लों ने की, जबकि प्रदेशीय मंत्री डॉ. जी.पी. सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। बड़ी संख्या में जुटे शिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस डॉ. प्रवेश कुमार को सौंपा।

शनिवार को आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेशीय मंत्री डॉ. जी.पी. सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ शिक्षक अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को चयन बोर्ड की धारा 18 और 21 की बहाली तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था को हर हाल में लागू करना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक ज्ञापन प्रदेश स्तरीय मांगों से संबंधित और दूसरा स्थानीय समस्याओं को लेकर सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह ढिल्लों ने प्रदेश स्तरीय मांगों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षकों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, चयन बोर्ड की धारा 18 व 21 की वापसी, वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, 22 मार्च 2016 की राजाज्ञा से आच्छादित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण तथा व्यावसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक दर्जा देना शामिल है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल कुमार शर्मा ने चेतावनी दी कि स्थानीय स्तर की समस्याएं वर्षों से लंबित हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो जुलाई में व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जिला कोषाध्यक्ष के.पी. सिंह ने कहा कि शिक्षकों की सभी मांगें न्यायोचित हैं और सरकार को इन्हें गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करना चाहिए। धरने में दानिश हबीब खान, आसिम अब्बासी, चारु शर्मा, आनंद कुमार, डॉ. नरेश कुमार, शैलेश पंकज, डॉ. प्रतिभा यादव, शमशेर सिंह, संदीप कुमार, सुनीता सिंह, सिद्धार्थ पांडेय, फरहत नरगिस, कुमकुम, राजवीर सिंह, सतीश कुमार आदि रहे।

प्रदर्शन करते शिक्षक। • अमृत विचार

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Hospital Administration
Qualification:- Master in Hospital Administration
Experience Min. 8 years in relevant field.
PICU Trained Nurse
Qualification:- GNM/B.Sc. Nursing
Clinical Experience : Min. 5 Years in relevant field
Pharmacy Supervisor
Qualification:-B. Pharma/D Pharma
Experience : Min 5 Years in relevant field.
Security Supervisor
Qualification: Min. 5 Years in relevant field.
Computer Operator
Qualification: Intermediate & Good MS Office Knowledge & Good Typing Speed. Experience 1 Year in relevant field.
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
Room No. 1044-A, HR OFFICE, RMCH Hospital Building,
Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

न्यूज ब्रीफ

परामर्श केंद्र पर गले मिले आठ दंपती

बहजोई, अमृत विचार : परामर्श केंद्र पर शनिवार को आठ दंपतियों की काउंसिलिंग की गई। इसके बाद सभी ने गिले-शिकवे भूला दिए और साथ रहने को तैयार हो गए। केंद्र पर कुल 79 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 22 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं 8 परिवारों को आपसी सहमति से पुन: एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। इसके अलावा 6 पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई, जबकि 8 मामलों को आवेदकों द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दिया गया। इस अवसर पर काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य सहित कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत और महिला आरक्षी ज्योति आदि मौजूद रहे।

महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार में घरेलू विवाद के चलते एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुट्टी गैंग के सरगना समेत दो गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : बाइक चोरबा पुट्टी गैंग के सरगना समेत दो सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों का पुलिस ने चोरी की धाराओं में चालान कर कोर्ट में पेश की कोर्ट ने अमृत विचार जेल भेज दिया है। पुलिस पुट्टी गैंग के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर रही है। ठाकुरद्वारा के मोहल्ला फतेह उल्लागंज निवासी मोहम्मद रिहान की 26 अप्रैल को बाइक चोरी हो गई। फुटेज में बाइक चोर की शिनाख्त पुट्टी गैंग के सरगना शरीफ नगर निवासी महफूज उर्फ पुट्टी पुत्र मिस्त्री इकराम के रूप में हुई। उसके साथी की शिनाख्त शहवाज पुत्र फईम के रूप में हुई। बाइक चोरी के आरोपी पुलिस को 6 दिन तक चकमा देते रहे। पुलिस ने किसी तरह दोनों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से रिहान की बाइक बरामद की।

जनता की शिकायतों के निस्तारण में कोताही न बरतें अधिकारी : डीएम

चंदौसी में संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी भीड़, 85 शिकायतें दर्ज, 10 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक व अन्य ।

अमृत विचार : जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में लोग फरियाद लेकर पहुंचे। चंदौसी तहसील सभागार में जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने एक-एक कर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 85 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। इनमें सबसे अधिक 24 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा पुलिस विभाग की 15, चकबंदी विभाग की 9, खाद्य एवं रसद विभाग की 8, विकास विभाग की 6, समाज कल्याण विभाग की 3, शिक्षा विभाग की 1 तथा अन्य विभागों की 19 शिकायतें दर्ज की गईं। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही गंभीरता दिखाते हुए राजस्व विभाग की 4, पुलिस विभाग की 2 और अन्य विभागों की 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है, इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें और तय समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे मामलों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को संज्ञान में लेते हुए उनका शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना भी प्राथमिकता में रखा जाए। जनपद की संभल व गुन्नौर तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उपजिलाधिकारी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी रहे।

फायरिंग व मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बहजोई, अमृत विचार : थाना बहजोई पुलिस ने फायरिंग और मारपीट के एक मामले में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को आनंदपुर चौराहे से पकड़कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, थाना बहजोई में दर्ज मुकदमा के तहत आरोपियों की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तार आरोपियों में रजनेश निवासी ग्राम किरारी थाना बहजोई तथा विकास निवासी ग्राम बरखेड़ा थाना कैलादेवी शामिल हैं। मामले में नरेंद्र निवासी बहादरपुर सराय थाना कैलादेवी ने 27 अप्रैल को तहरीर देकर बताया था कि वह 26 अप्रैल को बहजोई स्थित एक फार्म हाउस में अपनी भांजी के विवाह समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान मोटरसाइकिल हटाने को लेकर उसकी आरोपी विकास से कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। फायरिंग में वादी की जांघ में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया।

शिक्षामित्रों को पांच मई से मिलेगा बढ़ा मानदेय

संवाददाता, संभल

- **मानदेय वितरण का होगा सीधा प्रसारण, जिले में होगा सम्मान**

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5 मई को शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा, जिसमें स्थानीय स्तर पर भी आयोजन होंगे।

जिला प्रवक्ता शिक्षा मित्र संघ रविन्द्र खारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय वितरित किया जाएगा तथा उनका सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रत्येक जिले में किया जाएगा, जिसमें संबंधित जनपद के मंत्रीगण और प्रशासनिक अधिकारी भागीदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले के शिक्षामित्र भी शामिल होकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखेंगे और समारोह में सहभागिता करेंगे। रविन्द्र खारी ने कहा कि यह आयोजन शिक्षामित्रों के लिए सम्मान और प्रोत्साहन का प्रतीक है, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

मामूली विवाद में मारपीट, पथराव

बबराला , अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव केवलपुर तिपेड़ा में मामूली विवाद के बाद हुए हिंसक संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते और पथराव करते नजर आ रहे हैं। विवाद की शुरुआत एक बच्चे को मोटरसाइकिल से चोट लगने के बाद हुई। इस बात को लेकर दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच कहासुनी हुई, जो हिंसक संघर्ष में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के पुरूष हाथों में लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने के साथ ही जमकर ईंट-पत्थर बरसाए।

रैगिंग के मामले में तीन छात्रों समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,संभल

- **रैगिंग का विरोध करने पर आरोपियों ने की थी पिटाई**

अमृत विचार: संभल कोतवाली क्षेत्र के लाड़म सराय स्थित मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में रैगिंग का विरोध करने पर इंटरमीडिएट के एक छात्र की बेरहमी से पिटाई के मामला में पुलिस ने तीन छात्रों सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना हयातनगर क्षेत्र के तुर्कों वाली मस्जिद निवासी रियाजुल हसन के पुत्र मोहम्मद तनवीर इंटरमीडिएट कॉमर्स के छात्र हैं। आरोप है कि 30 अप्रैल को वह स्कूल पढ़ने गए थे, आरोप है कि कक्षा के छात्र दाऊद और कामिल उनसे पुरानी रंजिश रखते थे। रैगिंग का विरोध करने पर दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर तनवीर को स्कूल की लाइब्रेरी में बुलाया और मारपीट की। पीड़ित छात्र किसी तरह बचकर प्रधानाचार्य कार्यालय में पहुंच गया, लेकिन आरोपियों ने वहां भी पीछा कर घुसकर उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद छात्र को चोटें आईं। थाना प्रभारी सुधीर पंवार ने बताया कि दाऊद, आदिल, ईशा और एक अन्य आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले में स्कूल प्रशासन से भी जानकारी ली जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घायल छात्र तनवीर ने बताया कि आरोपित लंबे समय से उसकी रैगिंग कर रहे थे। विरोध करने पर उसे लाइब्रेरी में बुलाकर पीटा गया और बाद में प्रधानाचार्य कार्यालय में भी मारपीट की गई।

टिकट की राजनीति में उलझे नेता, जनता के मुद्दों से दूरी

संभल, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन ने कहा कि वर्तमान समय में कई जनप्रतिनिधि जनता के मूल मुद्दों से दूर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि जनहित के मुद्दों की जगह टिकट की राजनीति हावी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि कोई अपने पिता के लिए टिकट मांग रहा है तो कोई अपने बेटे के लिए, लेकिन जनता की बुनियादी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सवाल यह है कि क्या ये जनप्रतिनिधि बिजली के बढ़ते बिल, गलत बिलिंग और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों जैसी समस्याओं को भी उतनी गंभीरता से उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य बिजली विभाग की अनियमितताओं, बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के खिलाफ प्रभावी तरीके से आवाज उठाना है।

सौधन किले से अतिक्रमण हटाने की समय सीमा पूरी

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौधन


सौधन किला परिसर का जायजा लेते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार। ● अमृत विचार

- **सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण**
- **तीन दिन का अल्टीमेटम समाप्त होने पर बढ़ेगी सख्ती**

अमृत विचार : संभल तहसील क्षेत्र के सौधन मोहम्मदपुर स्थित प्राचीन किले को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रशासन की कार्रवाई के बीच शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और अतिक्रमण कारियों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

सिटी मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी ने देखा कि कितना अतिक्रमण हटा लिया गया है और कितना बाकी बचा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किले की ऐतिहासिक और प्राचीन महत्व को देखते हुए इसे संरक्षित करने की बात कही।

स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि को हर हाल में कब्जा मुक्त कराया जाएगा। बताया गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की करीब साढ़े पांच बीघा भूमि पर यह प्राचीन किला स्थित है, जिसमें से लगभग ढाई बीघा भूमि पर बीते कई दशकों से 30 से ज्यादा लोगों ने मकान बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है। 3600 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने इस किले की भूमि को खाली कराने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। 24 अप्रैल को डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कारवां सराय गेट का निरीक्षण किया था। 26 अप्रैल को राजस्व टीम ने शिवराम और केहर सिंह के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया, जबकि कुछ अन्य लोगों ने स्वयं ही कब्जा हटाना शुरू कर दिया। शनिवार को किला परिसर में बनाये गये मकानों का मलबा हटाने का कार्य जारी रहा।लेखपाल नीरज कुमार के अनुसार, जिन 15-16 लोगों के पास रहने के लिए कोई अन्य स्थान नहीं है, उन्हें गांव में ही 200 गज भूमि का आवंटन किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि निर्धारित समय सीमा के बाद भी कब्जा न हटाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गेहूं बिक्री में राहत, फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता खत्म

संवाददाता, बहजोई

- **अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी क्रय केंद्रों पर बेंच सकेंगे गेहूं**

अमृत विचार : मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं बिक्री के लिए फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। अब किसान पूर्व वर्षों की तरह बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर उपज बेच सकेंगे।

शासन ने इस संबंध में सभी जिलों को तत्काल प्रभाव से नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 70 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। नई व्यवस्था लागू होने से उन किसानों को विशेष राहत मिलेगी, जो तकनीकी कारणों या अन्य समस्याओं के चलते फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा सके थे और अपनी उपज बेचने को लेकर परेशान थे। डिप्टी आरएमओ संजीव कुमार राय ने बताया कि शासन से स्पष्ट निर्देश प्राप्त हुए हैं कि यदि किसी किसान की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है, तब भी उसका मौके पर पंजीकरण कर गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार साफ-सुथरा और सूखा गेहूं लेकर केंद्रों पर पहुंचें, ताकि खरीद प्रक्रिया पारदर्शी हो।

वोटर लिस्ट सत्यापन में जुटने का आह्वान

- **घर-घर जाकर लिस्ट का मिलान कराने के दिए निर्देश**

संवाददाता, बहजोई

सपा की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिला संभल में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक कैंप कार्यालय बहजोई में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और 2027 के चुनावी लक्ष्य को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की।

जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने पदाधिकारियों, बीएलए, जोन व सेक्टर प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 10 अप्रैल को जारी अंतिम मतदाता सूची का अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मिलान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के निर्देशानुसार कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों और 2027 के प्रस्तावित मेनिफेस्टो की जानकारी दें। उन्होंने बताया कि मेनिफेस्टो में महिलाओं को सालाना 40 हजार सहायता और प्रदेश के प्रत्येक घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा शामिल है। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो पदाधिकारी लगातार बैठकों की अनदेखी कर रहे हैं, उन्हें हटाकर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने विचार रखे। इस दौरान ताहिर उल्ला खान, उमेश कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष शोभित कुमार काका, उमेश गुप्ता, सद्दाम कुरैशी आदि रहे।

न्यूज डायरी

छात्र व छात्राओं को दिलाई गई विभिन्न पदों की शपथ

INVESTITURE CEREMONY
School Code: 81959

चंदौसी, अमृत विचार : न्यू सत्यम अकादमी, कैथल गेट में शनिवार को विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न पदों की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष विद्यालय की प्रबंधक नमिता चौधरी, प्रधानाचार्य एससी गंगवार, उप-प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर श्वेता मनचंदा और दामोदर सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी, कल्चरल सेक्रेटरी एवं डिसिप्लिन इंचार्ज, हाउस कैप्टन जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व सौंपा गया । संचालन जय गोपाल शर्मा के ने किया।

जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे : बर्क

संभल, अमृत विचार: सार्वजनिक भूमि पर नमाज पढ़ने की अनुमति से जुड़ी याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि न्यायालय के आदेश का सभी को सम्मान करना चाहिए, लेकिन सार्वजनिक स्थान सभी वर्गों के उपयोग के लिए होते हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर नमाज पढ़ने की अनुमति से जुड़ी याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया था कि सार्वजनिक भूमि पर किसी एक धर्म को धार्मिक क्रिया कलाप की इजाजत नहीं दी जा सकती। शनिवार को थाना नखासा क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय स्थित अपने आवास बर्क मंजिल पर बातचीत के दौरान सपा सांसद ने कहा कि वह इस मामले में अपने वकीलों से सलाह लेकर रणनीति तय करेंगे।

कांशीराम कॉलोनी में देखे अवैध कब्जे

- **कहा अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

संवाददाता,चंदौसी

चंदौसी में कांशीराम आवासीय योजना में हालात देखते डीएम व एसपी।

जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया ने एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ शनिवार को कांशीराम आवासीय योजना का निरीक्षण किया। कहा कि अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ कार्रवाई होगी ।

बसपा शासन में मोहल्ला नखासा वेयर हाऊस के पास कांशीराम आवासीय योजना के तहत 108 आवास बनाए गए थे। जब तक पूरी तरह से बनकर तैयार हो पाते तब तक बसपा सरकार चली गई। पूरी तरह से तैयार न होने के कारण इनका आवंटन नहीं हो सका।

जिसके चलते एक समुदाय के लोगों ने इस पर अवैध कब्जा कर लिया। कई बार अवैध कब्जा हटवाया गया, लेकिन दोबारा कर लिया जाता है। एक एनजीओ ने भीख से सीख योजना के तहत जिलाधिकारी को अवगत कराकर ऐसे लोगों को इन आवासों में ठहरा दिया जो सड़क किनारे रहते है और भीख आदि मांगकर गुजारा करते है, लेकिन वहां अवैध कब्जा धारकों ने इन लोगों का रहना दुश्वार कर दिया। एनजीओ संचालक के अवगत कराए जाने पर उन्हें हटा दिया गया। हाल ही में एक अपराधी प्रवृति के युवक ने आवासों में जाकर लोगों को हड़काया। जब इस बात की जानकारी डीएम को हुई तो वह एसपी केके विश्नोई के साथ शनिवार को कांशीराम आवासीय योजना पहुंचे। उन्होंने संबंधित युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। साथ ही कहा कि अवैध कब्जा धारकों को द्वारा बार-बार कब्जा कर लिया जाता है । अब ऐसे लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आवास में रह रहे लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस को भी तैनात किया जाएगा।

बंदर ने गिराई छत से बच्ची के ऊपर ईंट, गंभीर

चंदौसी, अमृत विचार : चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम आवासीय योजना में रह रहे परिवार की एक बच्ची के ऊपर शुक्रवार की सुबह छत से बंदर ने ईंट गिरा दी। काशीराम आवासीय कॉलोनी निवासी चार वर्षीय शिवानी शुक्रवार सुबह अपने घर के बाहर सड़क पर चाय-बिस्किट खा रही थी। वह मूलरूप से बांदा जिले की रहने वाली है। इसी दौरान तीसरी मंजिल पर मौजूद बंदर ने दो ईंट नीचे गिरा दीं। इनमें से एक ईंट सीधे शिवानी के सिर पर आ गिरी, जबकि दूसरी कुछ दूरी पर जाकर गिरी। ईंट लगने से बालिका के सिर में गंभीर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन फौरन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वैश्य महासम्मेलन की सदस्यता बैठक आयोजित

बहजोई, अमृत विचार : अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से नगर इकाई के तत्वावधान में पालिका सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन एवं अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन यूपी के उपाध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने की। बैठक में लखनऊ के विधायक डॉ. नीरज बोरा के 25 लाख डिजिटल सदस्य बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उपस्थित लोगों की सदस्यता कराई गई। युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित डीआर ने संगठन की सदस्यता के लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमित सर्राफ, वैभव, अमित मोदी, आकाश, उमेश, प्रयाग दादा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



मूट कोर्ट से विधि छात्रों ने सीखी कानून की बारीकियां

चंदौसी, अमृत विचार : मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज, चंदौसी में शनिवार को मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी हासिल करते हुए कानून की बारीकियों को समझा। कार्यक्रम का शुभारंभ चंदौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, पैनल अधिवक्ता सगीर सैफी, चन्द्रेश गुप्ता, रंजना शर्मा, विनयराज, राजीव कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. अजीत सिंह ने फीता काटकर किया। अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मूट कोर्ट विधि विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे वास्तविक न्यायालय की कार्यप्रणाली को समझ पाते हैं। इस मौके पर अधिवक्ता रंजना शर्मा, सगीर सैफी, चन्द्रेश गुप्ता और राजीव शर्मा ने जानकारी दी।

कंपोजिट विद्यालयों का होगा जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण

बहजोई, अमृत विचार : जनपद में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दो पूर्व से संचालित कंपोजिट विद्यालयों के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण को मंजूरी दी गई है। इसके तहत विकास खंड बहजोई के कंपोजिट विद्यालय बेहटा जयसिंह तथा पंवासा के कंपोजिट विद्यालय धुरेटा को शामिल किया गया है। परियोजना के अंतर्गत बेहटा जयसिंह विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष, एमडीएम शेड तथा गार्ड रूम के निर्माण के लिए 65 .080 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। वहीं, कंपोजिट विद्यालय धुरेटा में एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष, एमडीएम शेड एवं गार्ड कक्ष के निर्माण हेतु 40 .830 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस प्रकार दोनों विद्यालयों के लिए कुल 105 .91 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। डीसी निर्माण सचिन सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर से कार्यदायी संस्था यूपीसीडको को स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 95 प्रतिशत यानी 100 .615 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। बीएसए अलका शर्मा के अनुसार, कार्यदायी संस्था द्वारा शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर नियमानुसार निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

गर्मी में राहगीरों को शर्बत पिलाया

कुंदरकी, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम चक फाजलपुर गांव में दावते इस्लामी इंडिया के जीएनआरएफ (गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन) कार्यकर्ताओं ने गर्मी से त्रस्त राहगीरों को शर्बत पिलाकर प्यास बुझाई ।क्षेत्रीय अध्यक्ष अरकान कादरी ने अपील की कि इंसानों के साथ बेजुबान परिंदों का भी ख्याल रखें । गर्मी में ऐसी मानवीय पहल से राहगीरों को काफी राहत मिली । इस मौके पर कासिम अत्तारी, हसन पाशा, शहजान अत्तारी, अशरफ कादिर अत्तारी, शारिक कादरी, सय्यान अब्दुल रहमान आदि उपस्थित रहे ।

चार युवकों का शांति भंग में चालान

भोजपुर, अमृत विचार : पुलिस ने गांव गजरौला सैद निवासी शकील पुत्र भूरा, नासिर व शाहिद रजा पुत्र शमशाद हुसैन और अनस पुत्र दिलशाद हुसैन को शांति भंग करने के आरोप में हिरासत में लिया । उप जिला मजिस्ट्रेट ठाकुरद्वारा की अदालत को चालान कर दिया । आरोपियों के खिलाफ गांव धारक नगला निवासी वेदप्रकाश ने दूकान में घुसकर तोड़फोड़ करने, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है ।

हाईटेंशन लाइन गिरने से दो की मौत, कई बाल-बाल बचे

बरेली के अलीगंज थाना क्षेत्र के सूदनपुर गांव में बड़ा हादसा

संवाददाता,बरेली/अलीगंज

मृतक सुभाष। मृतक कुंवरपाल।

- **करंट लगने से एक महिला झुलसी, ई-रिक्शा जला**
- **पीड़ित परिवारों को 5-5 लाख मुआवजे का ऐलान**

अमृत विचार : थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव सूदनपुर में हाईटेंशन लाइन सप्लाई लाइन पर टूटकर गिरने से टूटने से जमीन में घरों में करंट दौड़ गया और कई गांववाले चपेट में आ गए। हादसे में स्कूल जा रहे एक छात्र और एक दिव्यांग की दो लोगों की जान चली गई। बचाने दौड़ी छात्र की मां भी गंभीर रूप से झुलस गई। ई रिक्शा जल गया।

लापरवाही के आरोपों के बीच पावर कारपोरेशन की ओर से पीड़ित परिवारों को 5-5 लाख के मुआवजे के साथ नौकरी देने का भी ऐलान किया है।

सूदनपुर गांव में हादसा सुबह साढ़े 7 बजे के करीब हुआ। लोग उस समय खेतों पर आ जा रहे थे। अचानक 11 केवी हाईटेंशन लाइन टूट कर गांव की सप्लाई लाइन पर आ गिरी। इसकी वजह से पूरे मोहल्ले के अंदर जमीन, मकान हर जगह करंट दौड़ गया। कॉलेज जाने को ऊदल सिंह के 16 वर्षीय पुत्र सुभाष ने घर का गेट खोला तो वह करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटे को बचाने दौड़ी मां सुनीता (45) भी झुलस गईं।

गांव के दिव्यांग कुंवरपाल (24) भी चारपाई से जमीन पर पैर रखा तो उसे करंट लग गया और उसकी भी लगने से जान चली गई। दिव्यांग और छात्र को गांववाले अस्पताल लेकर दौड़े, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मोहल्ले में एक ई-रिक्शा में भी करंट से जल गया। कई लोग मौत के मुंह में जाते-जाते बचे। सूचना पर पुलिस, प्रशासन के साथ बिजली निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचगए।

संयुक्त टीमें हादसे की जांच में जुटी है। चीफ इंजीनियर बिजली ज्ञान प्रकाश ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा, घायल महिला के बेहतर इलाज और आश्रितों को नौकरी देने का आश्वासन दिया है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी जर्जर बिजली के तार नहीं बदले गए, जिसकी वजह से अनहोनी हो गई।

हाईकोर्ट के फैसले का मौलाना शहाबुद्दीन ने किया समर्थन

बरेली, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। कोर्ट ने निजी जगह पर भीड़ में नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है। जिसका शहाबुद्दीन रजवी ने स्वागत किया है। उन्होंने विवाद वाली जगह पर नमाज न पढ़ने की अपील की है।

- **नमाज के लिए ऐसी जगह का चयन करें जहां टकराव न हो**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक जगह पर नमाज पढ़ने के संबंध में जो फैसला दिया है, वो सही और दुरूस्त है।

मौलाना ने कहा कि सार्वजनिक जगह पर नमाज पढ़ने से बचें, शरियत का नजरिया है कि विवाद होने पर ऐसी जगह जहां पर नमाज पढ़ने से किसी को आपत्ति हो सकती है, तो वहां नमाज न पढ़ें।

रेलवे की खाली जमीनों का होगा व्यावसायिक उपयोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कॉम्प्लेक्स निर्माण के साथ पार्किंग की व्यवस्था विकसित की जाएगी**
- **सर्वे व रिकॉर्ड सत्यापन का काम तेज, इंजीनियरिंग विभाग करेगा पैमाइश**

अमृत विचार : शहर के भीतर वर्षों से खाली पड़ी रेलवे की बेशकीमती जमीनों को अब व्यावसायिक उपयोग में लाने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे इन भूखंडों को निजी एजेंसियों को लीज पर देकर राजस्व बढ़ाने की योजना बना रहा है। बरेली समेत कई स्थानों पर जमीनों का सर्वे और रिकॉर्ड सत्यापन का कार्य तेज कर दिया गया है।

बरेली जंक्शन के सुभाषनगर सेकेंड एंट्री क्षेत्र में खाली जमीन चिह्नित की गई है। यहां कॉम्प्लेक्स निर्माण के साथ पार्किंग की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा चौपुला और बरेली सिटी स्टेशन के आसपास भी बड़े भूखंड खाली पड़े हैं, जिन्हें विकसित करने की योजना है। मुख्य मार्गों से लगी कुछ रेलवे कॉलोनियों में भी खाली जमीन का व्यावसायिक उपयोग प्रस्तावित है।

इज्जतनगर मंडल के मॉडल टाउन, शहदाना, जनकपुरी और कुदेशिया क्षेत्रों में कई हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जे की स्थिति भी सामने आई है। इन जमीनों को मुक्त कराकर व्यावसायिक उपयोग में लाया जाएगा। बड़े भूखंडों को रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) को सौंपा जाएगा, जबकि स्टेशन और बाजार से सटी जमीनों पर कॉमर्शियल विभाग खुद परियोजनाएं विकसित करेगा।

चीफ कॉमर्शियल इंस्पेक्टर मोहम्मद इमरान खान के अनुसार सुभाषनगर सेकेंड एंट्री पर कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना प्राथमिकता में है।

इंजीनियरिंग विभाग के पैमाइश के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रेलवे को उम्मीद है कि इस पहल से खाली जमीनों से भी बेहतर राजस्व प्राप्त होगा।

बांद्रा-गोरखपुर के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन कल से

बरेली, अमृत विचार : गर्मी के मौसम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने बांद्रा टर्मिनस से गोरखपुर के बीच एक जोड़ी अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन लंबी दूरी के यात्रियों, खासकर मजदूरों और सामान्य श्रेणी में सफर करने वालों के लिए राहत पहुंचाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 09157 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित विशेष ट्रेन तीन मई को रात 00:30 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी। यह ट्रेन बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, सीतापुर, गोण्डा, बस्ती और खलीलाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों से होते हुए अगले दिन शाम 5:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 09158 गोरखपुर-बोरीवली टर्मिनस अनारक्षित विशेष ट्रेन 4 मई को रात 8:30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन लगभग उन्हीं स्टेशनों से होकर गुजरते हुए तीसरे दिन सुबह 11:30 बजे बोरीवली पहुंचेगी।

झारखंड से अफीम की तस्करी का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

कार्यायल संवाददाता, बरेली

पकड़े गए तस्कर।

- **राजधानी दिल्ली ले जाई जा रही थी अफीम**
- **पुलिस के साथ एएनटीएफ ने कसा शिकंजा**

अमृत विचार: एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बरेली पुलिस के साथ मिलकर झारखंड से अफीम तस्करी का भंडाफोड़ किया गया है। थाना इलाके से दो तस्करों को दबोचा गया, ड्रग्स की खेप दिल्ली में सप्लाई करने ले जा रहे थे। उनके पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई।

पुलिस व एएनटीएफ ने तस्करों के बारे में सटीक सूचना पर छापेमार की। किला इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात उनकी टीम दौली रघुवरपुर दयाल स्थित गश्त कर रही थी। इसी बीच वहां पर स्थित गंगा मंदिर के पास दो लोग संदिग्ध दिखे जो पुलिस को देखकर छुपने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। जब उनकी तलाशी ली गई तो पुलिस को उनके पास से चार किलो अफीम और 275 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों में महेंद्र कुमार झारखंड के चतरा जिले स्थित कांस गांव का रहने वाला है। वहीं दूसरा आरोपी लोकपाल सिंह बदायूं के बजीरगंज का रहने वाला है। उन्होंने पूछताछ में बताया कि वह लंबे समय से यह काम कर रहे है। पहले वह डिलीवारी का काम करते थे। बाद में वह अपना काम करने लगे। वह लोग झारखंड से यह नशीला पदार्थ लेकर आते है और फिर इसे दिल्ली ले जाते है।

वहां पर हेरोइन और अफीम की अच्छी कीमत मिलती है। पुलिस ने आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

मौलाना तौफीस का ऑडियो वायरल, सिर की चोट से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **ट्रेन में मारपीट के दौरान पत्नी से बातचीत का बताया जा रहा वायरल ऑडियो**

अमृत विचार: रेलवे ट्रैक किनारे मृत हालत में मिले बिहार के मौनाला तौसीफ की मौत का मामला गर्माता जा रहा है। वायरल हुई ऑडियो के अनुसार तौसीफ का ट्रेन में झगड़ा हुआ और वह अपनी पत्नी से शाहजहांपुर पुलिस को फोन करने मदद की बात कह रहे थे। वहीं, पीएम रिपोर्ट के अनुसार,मौलाना की मौत मौत सिर में चोट लगने और अधिक खून बहने से हुई है।

मौलाना तौसीफ रज़ा मजहरी बिहार मं किशनगंज जिले के ठाकुरगंज के रहने वाले थे। परिजनों के मुताबिक, वह बरेली में 24-25 को आयोजित उर्स-ए-ताजुश्शरिया में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह ट्रेन से किशनगंज लौट रहे थे। आरोप है कि जब ट्रेन कैंट स्टेशन पहुंची, तो जनरल डिब्बे में मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके साथ लूटपाट की कोशिश की, विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और बाद में उन्हें ट्रेन से धक्का दे दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। शुक्रवार से उनकी एक ऑडियो वायरल हुई है।

जिसमें वह अपनी पत्नी से बात करते हुए ट्रेन में मारपीट होने की बात कहते हुए शाहजहांपुर पुलिस को फोन करने की बात कह रहे है। इसी बीच यह भी बताया जा रहा है कि ट्रेन में उनकी गला घोटकर हत्या के बाद शव को बाहर फेंका गया है।

वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार तौफीस की मौत सिर में चोट लगने के बाद अधिक रक्त बहने के कारण हुई है।

ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं, गंदगी की भरमार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

फ्रीजर से निकल रहा गर्म पानी।

- **रोडवेज परिसर में गहराया जल संकट, भीषण गर्मी में यात्रियों को हो रही परेशानी**

अमृत विचार: भीषण गर्मी में रोडवेज परिसर में पेयजल की किल्लत यात्रियों के लिए समस्या बन रही है। दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को प्यास बुझाने के लिए बोतलबंद महंगा पानी कैंटीन से खरीदना मजबूरी बन गया है।

शनिवार को मुरादाबाद डिपो परिसर में लगाए गए वाटर कूलर निष्क्रिय मिले। स्थिति यह है कि इनमें ठंडा पानी तो दूर, सामान्य पीने योग्य पानी भी उपलब्ध नहीं है। पानी की टोटी के नीचे गंदगी पसरी रही।

मेरठ से बरेली जा रहे यात्री अमन बजाज ने बताया कि काफी देर से बस के इंतजार में परिसर में बैठे हैं। गर्मी में प्यास लगी तो परिसर में लगे वाटर कूलर और पानी टंकियों में ठंडा पानी नहीं आ रहा था, साथ ही गंदगी देखकर पानी पीने का मन नहीं किया।

बिजनौर से बरेली जा रहे श्याम सरन रस्तोगी ने बताया कि परिसर में गर्मी को देखते हुए प्यास बुझाने के लिए रोडवेज की ओर से कोई सुविधा दिखाई नहीं पड़ी।

यात्रियों का कहना है कि रोडवेज परिसर जैसे सार्वजनिक स्थान पर पानी जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव लापरवाही को दर्शाता है। पीतल नगरी डिपो पर पानी की टोटी में बूंद बूंद पानी निकलने से यात्रियों को असुविधा हुई।

बोतलबंद महंगा पानी खरीदने को मजबूर हो रहे यात्री

प्यास बुझाने के लिए उन्हें इधर-उधर भटकने के बाद मजबूरी में डिपो परिसर में स्थित निजी कैंटीन से महंगा बोतलबंद पानी खरीदना पड़ा। वह भी नकली ब्रांड की मिली। आर्थिक रूप से कमजोर यात्रियों के लिए यह अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कुछ यात्रियों का यह भी आरोप है कि इस स्थिति का फायदा उठाकर कैंटीन संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं।

धूप व उमस से लोग परेशान अस्पतालों में बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दोपहर में इस तरह निकलीं युवतियां।

अमृत विचार : इन दिनों मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सुबह से ही तेज धूप तेवर दिखा रही है तो घरों में लोग उमस से बेहाल हैं।

शनिवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में तेज धूप और शाम के समय हल्की नमी के कारण उमस का स्तर बढ़ गया है। इस तरह का अस्थिर मौसम स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रहा है। मौसम में इस बदलाव से जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या में बढ़ रही है। सबसे ज्यादा मरीज सर्दी-जुकाम, वायरल फीवर, डिहाइड्रेशन और त्वचा संबंधी समस्याओं से ग्रसित होकर पहुंच रहे हैं। मौसम का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ रहा है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह के अनुसार दिन में तेज गर्मी और रात में हल्की ठंडक शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करती है, जिससे लोग जल्दी बीमार पड़ रहे हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है कि अभिभावक ध्यान दें कि बच्चे बाहर फास्ट फूड खाने न खाएं। इलाज के साथ सलाह दी जा रही है कि दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्का भोजन करें।

सैकड़ों तबादलों पर निगम में रार, मेयर स्वास्थ्य अधिकारी में खिंची तलवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **200 सफाईकर्मियों को इधर से उधर करने से मेयर नाराज**
- **एससी आयोग के सदस्य कठेरिया ने भी जताई नाराजगी**

> सभी ट्रांसफर नियमानुसार हुए हैं। मेयर ने फोन पर जानकारी मांगी थी, उनको भी स्पष्ट कर दिया गया है। पांच वार्डों से हटाए जाने के बाद दूसरे वार्डों में सफाई कर्मियों की तैनाती किए जाने की जानकारी अपर नगर आयुक्त के संज्ञान में भी है। -**डा. भानु प्रकाश**, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

अमृत विचार: नगर निगम में 200 सफाई कर्मचारियों के तबादले किए जाने को लेकर घमासान मच गया है। पांच वार्ड की सफाई व्यवस्था ठेके पर दिए जाने के बाद इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारी इधर से उधर किए जाने को लेकर मेयर डॉ. उमेश गौतम ने मनमानी बताते हुए सवाल उठाते हुए पत्र दौड़ा दिए हैं। ट्रांसफर मामले में एससी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया भी नाराज बता जा रहे हैं।

मेयर का कहना है कि आयोग सदस्य व राष्ट्रीय सफाई संघ के प्रदेश महामंत्री उमेश कठेरिया की बात भी नहीं मानी गई। जब उन्होंने इसे लेकर निर्देश दिए, तो भी मनमनी की गई। उन्होंने नगरायुक्त को पत्र लिख स्वास्थ्य अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। मेयर डॉ. गौतम ने बताया कि पांच वार्डों में सफाई व्यवस्था ठेके पर किए जाने के बाद यहां तैनात कर्मचारियों को दूसरे जगह भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.भानु प्रकाश ने मर्जी से ट्रांसफर लिस्ट जारी कर दी, जो सीधे तौर पर अनुशासनहीनता है। दूसरी ओर, सफाई कर्मचारियों ने भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर तानाशाही रवैय्या अपनाने का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। सफाई संघ ने उनके ही तबादले की मांग उठा दी है। वहीं, नगर स्वास्थ्य नियम के तहत भी तबादले की बात कह रहे हैं।

वहीं मेयर डा. उमेश गौतम का कहना है कि कुछ समय पहले शहर के पांच वार्डों की सफाई ठेके पर दी गई थी। इसके बाद यहां तैनात सफाई कर्मचारियों को दूसरी जगह शिफ्ट करना था।

इनमें कुछ लोगों को दूसरे वार्ड में भेजने के लिए कहा गया था, लेकिन नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देश नहीं माने। फोन पर जानकारी ली तो अपर नगर आयुक्त के पाले में गेंद डाल दी गई।

नव-नामांकित छात्र छात्राओं का स्वागत

हसनपुर, अमृत विचारः गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवीन शैक्षणिक सत्र में कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले नन्हे छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था।

प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने छात्र-छात्राओं का आत्मीयता से स्वागत किया। उन्होंने प्रत्येक नव-नामांकित छात्र छात्राओं को फूल-मालाएं पहनाईं। स्वागत पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनमें शिक्षा के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने कहा, ष्बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा की नींव मजबूत होना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित श्स्कूल चलो अभियानश् के तहत हम घर-घर जाकर नामांकन प्रक्रिया को गति दे रहे हैं।

स्पा की आड़ में चल रहा देह व्यापार, फिर फूटा ऑडियो बम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **हिन्दू संगठनों ने की शिकायत कार्रवाई की मांग**

अमृत विचार: स्पा की आड़ में अवैध गतिविधियों का शहर में फिर शोर उठाया है। हिन्दू संगठनों ने कथित रूप से एक स्पा सेंटर में बातचीत का ऐसा ऑडियो पुलिस को भेजा है, जिसमें देह व्यापार को लेकर बातचीत रिकॉर्ड बताई गई है। हिन्दूवादियों ने अफसरों से अवैध क्रियाकलापों में लिप्त स्पा सेंटर्स पर कार्रवाई की मांग उठाई है।

शहर में इस तरह से अनैतिक गतिविधियों को लेकर पहले भी शिकायतें होती रही हैं। हिन्दू जागरण मंच(युवा) जिलाध्यक्ष हिमांशु पटेल सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर फिर मोर्चा खोला है। अफसरों को भेजा गया ऑडियो कथित रूप से स्टेडियम रोड के एक स्पा का बताया जा रहा है। एक मिनट के ऑडियो में स्पा स्टाफ अपने सेंटर में मसाज के साथ देह व्यापार की बात कह रहा है और पैसों की सौदेबाजी करता सुना जा रहा है।

हिंजाम नेता हिमांशु पटेल का कहना है कि शिकायतों के बाद शहर में इस तरह की गलत गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई जा रही। पूर्व में इसे लेकर शहर में विवाद भी होते रहे हैं और अवैध वसूली के खेल भी सामने आते रहे हैं। शिकायतों पर कुछ समय पहले पुलिस ने चेकिंग अभियान भी चलाया था मगर बाद में मामला ठंडा पड़ गया। उनका कहना है कि सिविल लाइंस, डोहरा रोड, स्टेडियम रोड पर संचालित स्पा सेंटर्स में गलत काम होने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। वायरल ऑडियो इसका स्पष्ट प्रमाण है। स्पा सेंटर्स पर मारपीट की घटनाएं भी हो चुके हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

संवाददाता, कांठ

फरियादियों की समस्या सुनते अधिकारी। • अमृत विचार

- **78 फरियादी शिकायतें लेकर पहुंचे, आठ निस्तारित**

अमृत विचारः तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 78 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों की निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उनका निस्तारण किया जाए।

इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ग्राम समाज की भूमि और सार्वजनिक चक रोड पर जिन लोगों के अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर तत्काल हटवाए जाएं। किसी को भी बेवजह प्रताड़ित न किया जाए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में हुए पिछले कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक अमित मलिक, तहसीलदार राजकुमार सिंह नायक, तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह, पूर्ति विभाग से अनुज कुमार, सीडीपीओ अनीता सिंह, वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बच्चे को चाकू की नोक पर बंधक बनाकर महिला से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः नागफनी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म और लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवक जबरन घर में घुस गए और दो साल के बच्चे को चाकू की नोक पर बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया।

शनिवार को नागफनी प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि नवाबपुरा चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने एक मई को अपने दो पड़ोसियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि 25 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह अपने दो साल के बच्चे के साथ घर में अकेली थी, जबकि उसका पति काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला कन्हैया साथी मोनू के साथ घर में घुस आया। आरोप है कि मोनू ने बच्चे की गर्दन पर चाकू रखकर महिला को धमकाया, जबकि कन्हैया ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी घर में रखी करीब 15 हजार रुपये की नकदी और बच्चे के गले में पड़ी सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। जाते समय उन्होंने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने शिकायत की तो उसके पति और बच्चे को जान से मार देंगे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शनिवार को थाना नागफनी पुलिस ने मुख्य आरोपी कन्हैया को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

परसाखेड़ा के प्लाईवुड गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

संवादाता, सीबीगंज

- **दो घंटे मशक्कत के बाद चार दमकल गाड़ियों ने पाया काबू**

> आग लगने के कारणों की गहन जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। दमकल की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। -**मनु शर्मा**, सीएफओ

अमृत विचार : औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में रोड नंबर-4 स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के पास बने प्लाईवुड गोदाम में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। आसपास के इलाकों में अफरातफरी फैल गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। थाना व परसाखेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने करीब दो घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपये का नुकसान होने का दावा किया गया है।

ज्वलनशील सामग्री बनी आग फैलने की वजहः दमकल अधिकारियों के अनुसार गोदाम में प्लाईवुड निर्माण में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी, सूखे पत्ते और अन्य ज्वलनशील सामग्री भारी मात्रा में रखी थी। इसी कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। हालात बिगड़ते देख सिविल लाइंस फायर स्टेशन से अतिरिक्त दमकल वाहन भी मौके पर बुलाए गए। टीम ने चारों ओर से मोटर फायर इंजनों और होज पाइप के जरिए पानी की तेज धार से आग बुझाने का अभियान चलाया। अग्निकांड में गोदाम में रखा लाखों रुपये का प्लाईवुड और अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की अन्य फैक्ट्रियां भी इसकी चपेट में आ सकती थीं।

आग से बचाव के उपकरणों की कमी, साजिश की भी जांच: प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोदाम में आग से बचाव के पर्याप्त उपकरण मौजूद नहीं थे, जिससे दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, हाल ही में जीएसटी और आयकर विभाग की छानबीन के बाद फैक्ट्री को सील किया गया था। ऐसे में इस घटना को लेकर साजिश की आशंका भी जताई जा रही है।

काागा का को धन हरे,
कोयल का को देय।
मीठे वचन सुना के, जग
अपना कर लेय।।

कबीर दास कहते हैं, कौआ किसी का धन नहीं चुराता, फिर भी कौआ लोगों को पसंद नहीं। वहीं कोयल किसी को धन नहीं देती, लेकिन सबको अच्छी लगती है। ये फर्क है मीठी बोली का। कोयल मीठी बोली से सबका मन हर लेती है।

एकात्म चिंतन की जन्मभूमि है भारत

> आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है– जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों–करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्राय: उसी विवेक को आधार बनाया गया है।

हम सब सोंचते हैं। अनेक प्रश्न उठते हैं। प्रश्न स्वयं को जानने का भी है। संसार और स्वयं का बोध जरूरी है। प्रश्न बड़ा है- कैसे जानें इस असीम संसार को। समझ छोटी अति अल्प और संसार बड़ा। प्रश्न और भी हैं। जैसे सृष्टि क्या है? सृष्टि का कोई निर्माता भी है क्या? यह सृष्टि नहीं थी तो क्या था? जो था वह क्या था? क्या शून्य था? क्या सृष्टि ऊर्जा का खेल है? पृथ्वी जल, अग्नि और आकाश प्रत्यक्ष है। इनका सारभूत क्या है? सूर्य चंद्र और तारागण कहां से प्रकाश पाते हैं? सृष्टि निर्माण का आदि तत्व क्या है? कोई परमतत्व है क्या? क्या एक तत्व से ही यह सृष्टि बनी? या सबका साझा प्रयास यह सृष्टि है? सृष्टि और हमारे संबंध क्या हैं? आदि।

आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है- जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों-करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्रायः उसी विवेक को आधार बनाया गया है। इस समझ को प्राप्त करने का दुनिया का सबसे पुराना ग्रंथ है ऋग्वेद। भारत के लोगों ने ऋग्वेद की रचना के पहले से ही वैज्ञानिक चिंतन प्रारंभ कर दिया था।

ऋग्वेद में इसी सोच-विचार के दर्शन हैं। चिंतन की यह दृष्टि निर्णयात्मक नहीं है। दर्शन और विज्ञान निर्णयात्मक नहीं होते। जहां तक जान लिया, वहीं रुक जाना उचित नहीं होता। सामान्य धारणा है कि विश्व किसी शक्ति द्वारा बनाया गया है। सृष्टि निर्माण 'विश्वकर्म' है। सृष्टि निर्माता को विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक दार्शनिक सूक्त (10.81) के देवता विश्वकर्मा हैं। ऋषि पूछते हैं, 'सृष्टि निर्माण के पहले वे कहां पर बैठे?' प्रश्न उचित है। जब पृथ्वी, आकाश आदि थे ही नहीं तो विश्वकर्मा ने कहां बैठकर यह सृजन कर्म पूरा किया? पूछते हैं कि 'सृष्टि निर्माण का मूल द्रव्य क्या था? वह वन, वृक्ष कौन सा था? जिससे विश्वकर्मा ने सामग्री ली और विराट विश्व बनाया? यह सब मनीषी लोग जानने का प्रयास करें।' स्तुति है कि 'वे विश्वकर्मा मित्र भाव से हमें ज्ञान दें।'

ऋग्वेद के एक ऋषि देवताओं के भी पहले का विचार करते हैं कि 'देवताओं के पहले युग समय में असत् से सत् का जन्म हुआ।' (10.72) यह युग विचारणीय है। तब देवता भी नहीं हैं, लेकिन 'समय' है। ऋग्वेद में सत् का अर्थ व्यक्त है और असत् का अव्यक्त। नासदीय सूक्त (10.129) में प्रकृति सृष्टि के संबंध में और भी गहन-चिंतन हैं 'तब न सत् था और न असत्। आकाश से परे भी कुछ नहीं था- नो व्योमा परो यत्। अंधकार था।' यहां अंधकार प्रकाश का अभाव नहीं है। अंधकार का अस्तित्व है। इसी तरह एक और महत्वपूर्ण अस्तित्व 'वह एक' था।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

ऋषि के अनुसार वह एक-तत् एकं अपनी शक्ति के दम पर वायुहीन दशा में भी प्राण ले रहा था। ऋग्वेद का 'वह एक' सृष्टि के पहले भी है। उस समय जल भी है- अप्रकेत सलिलं। फिर काम उत्पन्न हुआ। इसके बाद प्रकाश की दीप्ति चारों ओर फैल गई। फिर विसृष्टि हुई।' फिर कहते हैं, 'क्या पता ऊंचे आकाश में बैठा सृष्टि का अध्यक्ष सृष्टि रचना की बात जानता है? या वह भी न जानता? यह विवरण रोमांचक है। यहां शुद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

क्या अंधकार होता है? या प्रकाश के अभाव का नाम ही अंधकार है। अंधकार सृष्टि के पूर्व भी है। संभवतः आकाश या प्रकाश का सूक्ष्म रूप। 'वह एक' बिना वायु ही प्राण ले रहा था। क्या प्राण का विकास वायु हो सकती है। काम का जन्म भी सृष्टि के साथ हुआ। यह ताप या अग्नि ऊर्जा का सूक्ष्म रूप हो सकता है। सबसे अंत में है- विसृष्टि। विसृष्टि-सृष्टि है, इसमें पृथ्वी भी है। भारतीय चिंतन में आकाश सूक्ष्मतम है। आकाश से वायु, वायु के बाद अग्नि, इसके बाद जल और फिर पृथ्वी। सृष्टि का विकास किसी एक तत्व से हुआ है। यहां आकाश प्रमुख तत्व है। कपिल के सांख्य दर्शन में आकाश प्राचीनतम है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों में से प्रथम।

भारतीय दर्शन में असीम आकाश का गुण शब्द है। आकाश का अस्तित्व है। छांदोग्य उपनिषद् के अनुसार 'सभी भूत आकाश से पैदा होते हैं और आकाश में ही विलीन हो जाते हैं।' आकाश से आना और आकाश में ही लौटना विचारणीय है। ऋग्वेद में ठीक ही आकाश पिता है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में 'पुरुष' का वर्णन है। यह 'पुरुष' देश-काल की सीमा का अतिक्रमण करता है। उसका सिर आकाश है और सहस्त्रशीर्षा है। इस पुरुष के प्राण का विस्तार वायु है। पुरुष समूचे अस्तित्व को घेरता है।

दश अंगुल इसके बाहर भी हैं। संपूर्ण संसार इसका एक चरण है। इसके तीन चरण अन्य लोकों में हैं। यहां जो कुछ चेतन या अचेतन मनुष्य, पशु, कीट, पतिंग, नदी, समुद्र या वन है। पुरुष सब में व्याप्त है। यहां तक हुआ दिक् या दिशा का अतिक्रमण। अब काल। बताते हैं कि यह पुरुष ही सब कुछ है- पुरुष एवेदं सर्वं। जो भूतकाल में हो गया है और जो आगे भविष्य में होगा वह सब पुरुष ही है- यद् भूतं यच्च भव्यं।

ऋग्वेद के एक देवता हैं अदिति। अदिति भी सर्वस्व धारण करते हैं। वह अंतरिक्ष है, पृथ्वी हैं। पिता-माता और पुत्र है। वे पांच जन हैं। अब तक जो हो चुका है और जो भविष्य में होगा वह सब अदिति ही हैं। समूचे अस्तित्व को एक देखना और स्वयं को उसी का भाग जानना भारतीय चिंतन की मूल भूमि है। यहां अस्तित्व या सृष्टि का कोई निर्माता नहीं। प्रकृति के गोचर प्रपंच गतिशील हैं। सम्यक गति से प्रगति होती है। प्रकृति का वैज्ञानिक अध्ययन भी मूलतः गति का ही अध्ययन है। प्राचीन यूनानी दार्शनिक थेल्स (लगभग 500 ई. पूर्व) जल को सृष्टि का आदि तत्व मानते थे। इसके हजारों वर्ष पहले ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में 'अप्रकेत सलिल'- जल है। जल से सृष्टि का जन्म हुआ, तो जल को माता कहना ही चाहिए।

ऋग्वेद में जल को 'बहुवचन रूप में आपः मातरम्-जल माताएं कहा गया है। स्थावर जंगम को जन्म देने वाली यही जल माताएं ही हैं।' थेल्स जल संबंधी चिंतन ऋग्वेद के संगत है। वैसे ऋग्वेद में अनेक विचार हैं। एक यूनानी दार्शनिक अनक्सिमेनेस 'वायु' को सृष्टि का मूल तत्व बताते थे। ऋग्वेद (10.168) में ऋतावा-नियम वायु है। यहां वायु जलों के मित्र कहे गए हैं- अपां सखा। ऋग्वेद के जल और वायु आदि तत्व इसी रूप में उपनिषदों में भी हैं। हिराक्लिटस अग्नि को प्रधान तत्व जानते थे। अग्नि ऋग्वेद के प्रधान देवता हैं। अग्नि सब जगह हैं। वे जलों में हैं। मनुष्य के भीतर हैं। यत्र तत्र सर्वत्र हैं। कठोपनिषद् में यम ने नचिकेता को अग्नि विज्ञान समझाया था। यहां अग्नि ही प्रत्येक जगह उपस्थित होकर रूप-रूप प्रतिरूप होते हैं- अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपों वभूवाः। जानने और गहराई से देखने समझने के एकात्म चिंतन की जन्मभूमि भारत ही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

एमपी की सरकार का नारी सशक्तिकरण का संकल्प

महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हो गई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए। इसमें प्रावधान है कि 2021 की जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कानून लागू होगा, किंतु कोरोना के चलते 2021 की जनगणना टालनी पड़ी। अब जनगणना के पहले चरण की शुरुआत हुई है, जिसके अंतिम परिणाम 2028 तक आएंगे, इसलिए केंद्र सरकार विधेयक के पारित हो चुके प्रारूप में संशोधन के लिए प्रस्ताव लाई थी, जो संसद में पारित नहीं हो सका। 2023 में पारित हुए इस विधेयक में संशोधन किए बिना 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इसे लागू नहीं किया जा सकता है। परिसीमन से तात्पर्य निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निधारण से है।

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

देश की महिलाओं को निर्वाचन में भागीदारी का उचित लाभ दिलाने की दृष्टि से मध्य प्रदेश सरकार ने विधानसभा में नारी शक्ति वंदन संकल्प पर आठ घंटे चर्चा की और उसे ध्वनि मत से पारित भी कर दिया। इस विधेयक के अनुसार सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की जानी है, परंतु विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र विशेष में समा जाएं।

विधेयक पास होने पर मध्य प्रदेश विधानसभा की सदस्य संख्या 230 से बढ़कर 345 हो जातीं। इनमें से 114 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित हो जातीं। इस समय देश में करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन्हीं में से 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं उम्मीदवार बनाई जातीं। 2034 में क्या स्थिति बनेगी, यह भविष्य के गर्भ में है।

जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।

> महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हुई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए।

विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली थी। इसी को लेकर मोहन यादव ने तार्किक उत्तर देते हुए विधानसभा में कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग सर्वथा अनुचित है। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबीसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

हैप्पी हार्मोन और मोबाइल की लत

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है।

भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, लगभग 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। लगभग 95 प्रतिशत युवाओं के पास स्मार्टफोन हैं और 70 से 75 प्रतिशत प्रतिदिन यूट्यूब का उपयोग करते हैं। इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म सबसे लोकप्रिय हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3-5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं।

रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं, जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। यह सक्रियण वेंट्रल टेगमेंटल क्षेत्र यानी वीटीए में होता है, जो हमारे पुरस्कार प्रणाली को निर्धारित करने वाले प्राथमिक मस्तिष्क क्षेत्रों में से एक है। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं, जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं।

हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं।

साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न के मामले भी बढ़ रहे हैं। लगभग 30 से 35 प्रतिशत किशोर किसी न किसी रूप में साइबर बुलिंग का शिकार हो चुके हैं। इससे युवाओं में आत्मविश्वास कम होता है और मानसिक तनाव बढ़ता है। फ़िल्टर की गई तस्वीरें और संपादित सामग्री सुंदरता के झूठे मापदंड स्थापित करती हैं, जिससे युवा खुद की तुलना दूसरों से करने लगते हैं और खुद को कमतर समझने लगते हैं।

फोमो (एफओएमओ) यानी कुछ छूट जाने का डर, भी एक बड़ी समस्या बन गया है। लगभग 65-70% युवा अपनी खुशी को सोशल मीडिया से जोड़ते हैं। लाइक्स और कमेंट्स से जुड़ी मनोवैज्ञानिक निर्भरता उन्हें ऑनलाइन रहने के लिए मजबूर करती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आर्थिकी को गति देने वाला एक्सप्रेस-वे

> पिछले तीन दशकों के कालखंड में सड़कों का विस्तार हुआ है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस–वे, आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे और अब गंगा एक्सप्रेस–वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

उत्तर प्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। यह देश की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। गंगा-यमुना का मैदानी भाग होने से कृषि उत्पादन के मामले में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य का आधारभूत ढांचा नित्य नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले तीन दशकों के कालखंड में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत सड़कों का विस्तार एवं चौड़ीकरण हुआ, जिससे लॉजिस्टिक की लागत नियंत्रित रहने के साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और अब 549 किमी का गंगा एक्सप्रेस-वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

इस एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से राज्य की अर्थिकी को एक नई गति मिलने की पूरी संभावना है। यह परियोजना केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि विकास, निवेश और रोजगार का बहुआयामी इंजन साबित होगा, क्योंकि यह मेरठ से प्रयागराज तक कई जनपदों और गांवों से होते हुए पूरब और पश्चिम को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण परिपथ भी है। इसके कारण कृषि विज्ञान और औद्योगिक निर्माण को गति मिलेगी।

प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

आर्थिक विकास के लिए सुगम और तेज परिवहन व्यवस्था अत्यंत आवश्यक होती है। गंगा एक्सप्रेस-वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कृषि प्रधान इलाकों से जोड़ता है। मेरठ से प्रयागराज तक फैला यह मार्ग राज्य के लगभग एक दर्जन जिलों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने का कार्य करेगा। इस एक्सप्रेस-वे के चालू होने से यात्रा का समय कम होगा, परिवहन लागत घटेगी और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आर्थिक संतुलन स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इस एक्सप्रेस-वे के विकसित होने से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होगा, क्योंकि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी निवेशकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र होती है। यह समय की बचत के साथ-साथ परिवहन की लागत को भी नियंत्रित करती है, जिससे वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों और मैन्युफैक्चरिंग हब के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। इससे न केवल बड़े उद्योगों को लाभ होगा, बल्कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भी नई ऊर्जा मिलेगी। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी इससे मजबूती मिलेगी।

गंगा-यमुना, घाघरा जैसी बड़ी नदियों का मैदान होने के कारण उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि आधारित है। गंगा एक्सप्रेस-वे किसानों के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आएगा। बेहतर सड़क व्यवस्था से किसान अपनी उपज को तेजी से मंडियों तक पहुंचा सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिल सकेगा। काश्तकारों द्वारा उत्पन्न उत्पाद जैसे फल, सब्जियां और दुग्ध उत्पाद समय पर बाजार तक पहुंचने के कारण खराब होने से बचेंगे। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स के विकास की राह खुलेगी, जो कृषि उत्पाद के मूल्य संवर्धन को प्रेरित करेगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

इस परियोजना के निर्माण और संचालन से लाखों लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से लेकर लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और सेवा क्षेत्र तक, हर स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे के आसपास नए शहरों और टाउनशिप का विकास भी संभव है, जिससे शहरीकरण को गति मिलेगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सेवाओं का विस्तार होगा, जो समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

मार्ग में आने वाले अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों तक भी पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा। होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योग को गति मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विकास और आर्थिकी का द्वार खोलने के साथ ही यह पर्यावरण संतुलन स्थापित करने एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने, हरित पट्टियों के विकास और जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

संतान के मोह में अक्सर पिता बन जाते हैं 'धृतराष्ट्र'

पुत्र-मोह में राष्ट्रीय हितों की परवाह न कर महाभारत युद्ध करा देने में धृतराष्ट्र का नाम यद्यपि लिया जाता है, लेकिन गौर करें तो पुत्र के हितों के लिए प्रायः ज्यादातर समर्थ एवं सक्षम पिता धृतराष्ट्र की तरह अंधे हो जाते हैं। धृतराष्ट्र का अर्थ राष्ट्र को धारण करने वाला होता है। आज गहराई से देखा जाए, तो समाज और राष्ट्र-हित की परवाह न कर पिता अपनी संतानों के लिए अनीतिपूर्वक संसाधन एकत्र करने में लगा है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी भी क्षेत्र पर नजर डाली जाए तो यही प्रतीत होता है कि पिता हर हालत में संतानों को इतना अधिक समृद्ध कर देना चाहता है कि संतान को कुछ करना न पड़े और वह समाज में ऐश्वर्यपूर्ण जीवन जी सके। धृतराष्ट्र की स्थिति जन्म से अंधे की थी, लेकिन उनकी पत्नी गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली, ताकि पुत्र दुर्योधन द्वारा किए जा रहे अन्याय को वह भी न देख सके।

जब माता और पिता अपनी संतानों के हर गलत आचरण में उसका बचाव करते हैं, तो वे कहां से धृतराष्ट्र और गांधारी से ऐसे पिता को कम माना जाए। देखने में आता है कि हर पिता अपने साम्राज्य की डोर अपने अयोग्य ही क्यों न हो, पुत्र को सौंपना चाहता है। वह योग्य व्यक्ति का चयन नहीं करता है। एक तो पिता की अनीतिपूर्वक एकत्र किए गए संसाधनों को जुटाने का काम पुत्र देखता है, तब वह भी अनीति के रास्ते को ही अपनाता है।

चाहे कारपोरेट सेक्टर हो, राजनीति का क्षेत्र हो, फ़िल्म जगत और प्रशासनिक सेवा आदि ही क्यों न हो हर जगह येन-केन-प्रकारेण संसाधनों का दुरुपयोग परिवार के लिए जो करते हैं, वे अपने पुत्र को दुर्योधन ही बना रहे हैं। जब अनीति की कमाई के बीच पला पुत्र बड़ा होगा, तो उससे उम्मीद शायद ही की जा सके कि वह नीति के रास्ते पर चल सकेगा।

हर पिता को चाहिए कि वह अपनी संतानों को संस्कार दे तथा स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दे न कि अनीतिपूर्वक सार्वजनिक धन का उपयोग अपने पुत्रों के लिए न करे। अनीतिपूर्वक धन का मतलब किसी न किसी का हिस्सा छीनना है। अतः श्रेष्ठ पिता वही है, जो नीतिपूर्वक धन से पुत्रों का पालन करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सहेजनी होगी पारंपरिक चिकित्सा की विरासत

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के आधार पर अनपढ़ वैद्यों द्वारा साध्य-असाध्य रोगों के उपचार से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट ध्यान आकर्षित करती है। वहां नारायणपुर के पास एक वैद्य बांस की छड़ी के सहारे रोग की पहचान करता है। जड़ी-बूटियों से दवा तैयार करता है। जब इस तरह के उदाहरण बार-बार सामने आते हैं, तो हैरानी पैदा करते हैं। हम भले ही छत्तीसगढ़ के एक इलाके की बात कर रहे हों, लेकिन यह मुद्दा किसी एक वैद्य या किसी एक पद्धति तक सीमित नहीं है। यह उस पूरे ज्ञान तंत्र का प्रश्न है, जिसे हमने आधुनिकता की अंधी दौड़ में हाशिए पर डाल दिया है।

देश के जंगलों, गांवों और आदिवासी इलाकों में सदियों से विकसित हुआ पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान आज भी जीवित है, लेकिन उसकी मौजूदगी को हम या तो नजरअंदाज करते हैं या फिर उसे अंधविश्वास कहकर खारिज कर देते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन यह भी सच है कि हर ज्ञान प्रणाली की अपनी सीमाएं होती हैं।

अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे सामने ऐसे अनेक उदाहरण आते हैं, जब डॉक्टर किसी मरीज को जीवन के अंतिम पड़ाव पर मानकर परिजनों को उसकी 'सेवा' करने की सलाह देते हैं, लेकिन वही मरीज पारंपरिक उपचार के सहारे अपेक्षा से अधिक समय तक जीवन जी लेता है। ऐसे मामलों को संयोग कहकर टाल देना आसान है, लेकिन इसे वैज्ञानिक दृष्टि नहीं कहा जा सकता। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ किसी संभावना को नकारना नहीं होता, बल्कि उसे जांचने, समझने और परखने की प्रक्रिया से गुजरना होता है।

बस्तर के जंगलों में काम कर रहीं एक शोधकर्ता देवयानी शर्मा का प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों वैद्यों को चिन्हित किया है, जो बिना औपचारिक शिक्षा के भी चिकित्सा की गहरी समझ रखते हैं। यह केवल दावों तक सीमित नहीं है। वहां के ट्रांस डिसिप्लिनरी हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय और आयुष विभाग ने उनके इलाज के तरीकों को सटीक मानते हुए प्रमाणित भी किया है। यह इस बात का संकेत है कि पारंपरिक ज्ञान को पूरी तरह खारिज करना न तो न्यायसंगत है और न ही विवेकपूर्ण। जिस पारंपरिक चिकित्सा को हम आज नजरअंदाज करते दिखाई देते हैं, वह केवल रोग के उपचार तक सीमित नहीं है बल्कि मरीज के साथ एक मानवीय संबंध भी स्थापित करती है।

बस्तर के उदाहरण के आधार पर हर पारंपरिक उपचार को चमत्कारी मान लेना भी उचित नहीं होगा। ऐसा करना उतनी ही बड़ी भूल होगी, जितना पारंपरिक उपचार को पूरी तरह अवैज्ञानिक मान लेना है। आवश्यकता इस बात की है कि अनुभवजन्य ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित किया जाए। इसके लिए पारंपरिक उपचारों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण, उनका वैज्ञानिक परीक्षण और उपयोगी विधियों का व्यापक प्रसार आवश्यक है।

हमारा देश पहले ही जनसंख्या के दबाव से जूझ रहा है। अस्पतालों में सीमित संसाधन और डॉक्टरों की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर रही है। ऐसे में यदि पारंपरिक चिकित्सा को समुचित महत्व दिया जाए, तो यह एक सहायक विकल्प के रूप में उभर सकती है। यदि हम अपने जैविक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित नहीं करेंगे, तो यह विरासत धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि उस ज्ञान संपदा का भी नुकसान है, जो इन्हीं प्राकृतिक परिवेशों में पनपी है। अफसोसनाक है कि जिस भारत देश में आयुर्वेद और लोक चिकित्सा की इतनी समृद्ध परंपरा रही है, उसी देश में आज इन विधाओं को बिसराया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

न्यूज ब्रीफ

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर साधा निशाना

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में पहले से ही कमर्शियल सिलेंडरों की कमी के बीच करीब 993 रुपये की एकमुश्त बढ़ोतरी से आम जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही सरकार से मांग की कि वह पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के संभावित प्रभाव का आकलन कर ही नीतिगत निर्णय ले, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। बसपा प्रमुख ने आशंका जताई कि कमर्शियल गैस के बाद जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे लोगों में बेचैनी का माहौल है। उन्होंने कहा कि कीमतों में वृद्धि के पीछे अंतरराष्ट्रीय कारण, जैसे अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव हो सकते हैं, लेकिन सरकार को जनहित को प्राथमिकता देते हुए मूल्य नियंत्रण की नीति जारी रखनी चाहिए।

माटीकला कारीगरों को नि:शुल्क प्रशिक्षण मिलेगा मानदेय

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण लखनऊ के डालीगंज स्थित मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र में संचालित होगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पारंपरिक माटीकला को आधुनिक बाजार से जोड़ना और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय होगा, जिसमें प्रतिभागियों के रहने और भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 250 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय भी दिया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से भी सहयोग मिलेगा। इच्छुक कारीगर और माटीकला से जुड़े अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

रोडवेज कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी धरना

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारियों ने अपनी लंबित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापक धरना-प्रदर्शन किया। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर 115 डिपो, कार्यशालाओं, बस स्टेशनों और प्रशासनिक कार्यालयों की 233 प्राथमिक शाखाओं में कर्मचारियों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष गिरिजा शंकर तिवारी और महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने संयुक्त बयान में बताया कि 15 मार्च 2026 को शासन और निगम प्रबंधन को आंदोलनात्मक नोटिस दिया गया था। इसके तहत धरना-प्रदर्शन और 19 मई तक मांगें पूरी न होने पर 20 मई को प्रदेश के क्षेत्रीय मुख्यालयों पर रैली, धरना और आम सभा आयोजित करने की चेतावनी दी गई है। मुख्य मांगों में डग्गामारी पर रोक, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, वेतन कटौती बंद करना, रिक्त पदों पर भर्ती, भत्तों में वृद्धि और वेतन विसंगतियों का समाधान शामिल हैं। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई गई है। नेताओं ने कहा कि परिवहन निगम और उसके कर्मचारी स्वयं संकट में हैं, जिससे वे आंदोलन के लिए मजबूर हैं।

विपक्ष के खिलाफ निकाला मशाल मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **'नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान' के संकल्प के साथ सड़क पर उतरी भाजपा की महिला ब्रिगेड**

अमृत विचार : नारी शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान को लेकर विपक्ष के खिलाफ भाजपा की महिला ब्रिगेड ने महिला आक्रोश मशाल मार्च निकाला। शनिवार को "नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान" के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर एवं जिला इकाई की ओर से मार्च निकाला गया। राजधानी के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करती हुई यह यात्रा लोक भवन से प्रारंभ होकर अटल चौक, हजरतगंज चौराहा पहुंची। जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाली समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित समस्त विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में ऐतिहासिक अधिकार प्रदान किया गया है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जैसे दल, जो वर्षों तक सत्ता में रहे, उन्होंने कभी भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। आज जब भाजपा सरकार महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम कर रही है, तब यही दल इसका विरोध कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति रही। मशाल यात्रा में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी, प्रतिभा शुक्ला, रजनी तिवारी, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं जिला अध्यक्ष विजय मौर्य सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

कोई ठगा नहीं
विपक्ष ने ठगा नहीं
Bumchums

महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर विपक्ष के खिलाफ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालतीं पार्टी की महिला ब्रिगेड। अमृत विचार

मिशन मोड में पूरे हों इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स

मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश : 31 मई तक एक्सप्रेस-वे के लिए 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को मिशन मोड में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। शनिवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रक्रियागत बाधाओं को प्राथमिकता पर दूर कर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद लिंक, चित्रकूट लिंक और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 31 मई तक 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य तय किया। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि भूमि स्वामियों से सीधे संवाद कर उचित मुआवजा दिलाएं और रजिस्ट्री प्रक्रिया में अतिरिक्त मानवबल लगाकर कार्य में तेजी लाएं। साथ ही आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल लिंक, झांसी लिंक और मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे की प्रगति भी तेज करने को कहा गया।



अपने सरकारी आवास पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

डिफेंस कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार : बैठक में जानकारी दी गई कि डिफेंस कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की इकाई का जल्द शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री ने परियोजना से जुड़ी वित्तीय और तकनीकी औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

लॉजिस्टिक्स हब बनेंगे बदलाव की धुरी : ग्रेटर नोएडा में विकसित हो रहे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और ट्रांसपोर्ट हब को मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए "गेम-चेंजर" बताया। 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण पूरा होने से इन परियोजनाओं के तेजी से आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

शिक्षा और उद्योग दोनों पर फोकस : मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल योजना के तहत 75 जिलों में 150 विद्यालय बनाए जाने हैं। इनमें से 59 का निर्माण शुरू हो चुका है, जबकि 67 की निविदा प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने निर्माण में तेजी लाने और उपयुक्त स्थान चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीड पार्क, टेक्सटाइल और बायो ऊर्जा पर जोर: लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क और टेक्सटाइल पार्क को निवेश और रोजगार सृजन के लिए अहम बताते हुए इनके विकास में तेजी लाने को कहा गया।

लखनऊ में जल्द बनेगा कन्वेंशन सेंटर

राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर के लिए लेटर ऑफ अवार्ड जारी हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इसके शीघ्र शिलान्यास के निर्देश दिए। साथ ही निवेश को बढ़ावा देने के लिए मॉडल बिल्डिंग उपविधियों को निवेश अनुकूल बनाकर जल्द लागू करने पर जोर दिया।

मई के अंत तक नई बिजली दरों की हो सकती है घोषणा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **विद्युत नियामक आयोग ने 18 मई को अंतिम बैठक बुलाई**

अमृत विचार: प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए नई दरों का ऐलान मई के अंत या जून के पहले सप्ताह में हो सकता है। विद्युत नियामक आयोग ने 18 मई को अंतिम बैठक बुलाई है, जिसमें जनसुनवाई के बाद टैरिफ से जुड़े सभी मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा।

आयोग की ओर से जारी होने वाले टैरिफ आदेश में बहुमंजिला इमारतों से जुड़े बिजली प्रावधान, निजी नलकूपों के कनेक्शन, अनियोजित कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति के नियम और घरों में छोटी दुकान संचालित करने से संबंधित मामलों को भी शामिल किया जाएगा। इस बीच, राज्य सरकार ने राज्य सलाहकार समिति के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग को भेजे प्रस्ताव में स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग व्यवस्था को बैठक के एजेंडे में शामिल करने की मांग की है। उनका आरोप है कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिना सहमति प्रीपेड मोड में बदले जा रहे हैं, जो विद्युत अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। बताया जा रहा है कि लगभग 75 लाख उपभोक्ता इस व्यवस्था से प्रभावित हैं, जिसके चलते प्रदेशभर में असंतोष और विरोध की स्थिति बनी हुई है। 18 मई को होने वाली बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार करेंगे।

झूठे हलफनामे पर अवमानना व मिथ्या साक्ष्य की कार्रवाई एक साथ अनिवार्य नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **वैवाहिक मामलों में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को किया स्पष्ट**

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वैवाहिक विवादों में झूठे हलफनामे दाखिल करने के मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी स्थिति स्पष्ट की है। न्यायालय ने कहा है कि भले ही सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश में झूठे हलफनामे पर अवमानना और मिथ्या साक्ष्य के तहत कार्रवाई के लिए कहा गया है, लेकिन अदालतों के लिए दोनों कार्यवाहियां एक साथ शुरू करना अनिवार्य नहीं है, विशेषतः उन मामलों में जहां शपथ पत्र देते समय अनजाने में या कोई महत्वहीन त्रुटि हुई हो।

यह निर्णय न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ़ व न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने वैवाहिक विवाद से संबंधित एक मामले में पति की ओर से दाखिल विशेष अपील को निरस्त करते हुए पारित किया है। मामला प्रशासनिक अधिकारी पति व न्यायिक अधिकारी पत्नी के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद का है। पति का आरोप था कि उसकी पत्नी, जो बिहार न्यायपालिका में सिविल जज के पद पर कार्यरत हैं, ने घरेलू हिंसा के मुकदमे में दाखिल हलफनामे में अपनी आय और संपत्तियों के संबंध में एन/ए (लागू नहीं) लिखा है। पति ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका, यह तर्क देते हुए दाखिल की कि पत्नी ने 'रजनीश बनाम नेहा' मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी अनिवार्य दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। उक्त अवमानना याचिका के निस्तारित होने के विरुद्ध उसने विशेष अपील दाखिल किया। पत्नी की ओर से विशेष अपील का विरोध करते हुए, अधिवक्ता चंदन श्रीवास्तव ने दलील दी कि प्रश्नगत प्रविष्टि शपथ पत्र में अनजाने में की गई त्रुटि थी, जो एक मानवीय भूल थी तथा उसी शपथ पत्र में पत्नी ने स्वयं को 'सिविल जज, बिहार न्यायिक सेवा' स्पष्ट रूप से लिखा है। यह भी दलील दी गई कि अवमानना अधिनियम की धारा 10 के परंतुक के तहत अपीलार्थी की अवमानना याचिका ही पोषणीय नहीं थी। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि कानून किसी व्यक्ति को एक साथ दोनों क्षेत्राधिकारों का उपयोग करने की अनुमति तो देता है, लेकिन कोर्ट दोनों प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य नहीं हैं। खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि अवमानना अदालत ने मामले के तथ्यों पर कोई टिप्पणी नहीं की थी लिहाजा विशेष अपील भी पोषणीय नहीं है।

करोड़ों की बैंक डकैती का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हजारीबाग की बैंक में करोड़ों की लूट का खुलासा, तीन आरोपी पकड़े गए, सोना व नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : झारखंड के हजारीबाग जिले में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्रा की बरही शाखा में 24 अप्रैल को हुई करोड़ों रुपये की डकैती का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र से गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 912 ग्राम सोना, 20 लाख रुपये नकद, एक कार, स्कॉर्पियो और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नवादा निवासी मो. अफजल, गोरखपुर के पंकज सिंह उर्फ रौनक सिंह और मऊ के सौरभ यादव उर्फ सोनू शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 24 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे इन आरोपियों ने बैंक में घुसकर हथियारों के बल पर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बना लिया और करीब 4 किलो सोना व 4.22 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे।

सीसीटीवी और सर्विलांस से मिला सुराग: घटना के बाद झारखंड पुलिस ने एसटीएफ से मदद मांगी। मौके और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की लोकेशन वाराणसी के सारनाथ स्थित सिंहपुर में ट्रेस की गई। इसके बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

रेकी के बाद चुना बैंक ऑफ महाराष्ट्रा : आरोपियों ने बताया कि ओडिशा में बैंक ऑफ महाराष्ट्रा की शाखा में हुई डकैती की खबर देखने के बाद उन्होंने इसी बैंक को टारगेट करने की योजना बनाई। इसके लिए अफजल और उसके साथियों ने कई दिनों तक रेकी की और बैंक के अंदर की गतिविधियों की जानकारी जुटाई। व्हाट्सएप के जरिए लगातार संपर्क में रहकर योजना को अंतिम रूप दिया गया।

वारदात के बाद गया में बंटवारा, फिर वाराणसी पहुंचे: डकैती को अंजाम देने के बाद आरोपी गया पहुंचे, जहां लूट के सोने और नकदी का बंटवारा किया गया। इसके बाद तीनों वाराणसी आ गए और दिल्ली भागने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, हथियार सप्लायर और पूरे नेटवर्क की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई अंतरराज्यीय बैंक अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।

पकड़े गए बैंक लूटने के तीन आरोपी। अमृत विचार

एक के बाद एक बड़ी लूट की वारदात

2015 : कोलकाता में आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी से 14 किलो सोना
2019 : उत्तराखंड के रुड़की में डकैती का प्रयास, लॉकर न खुलने से नाकाम
2021 : कोलकाता के मण्णापुरम गोल्ड फाइनेंस से 26 किलो सोना
2021 : बिहार के गया में 2 किलो सोना लूटा
2022 : पटना के गर्दनीबाग में 8 किलो सोना

जेल में बना गिरोह, बाहर आकर शुरू की वारदातें

अमृत विचार : पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना मो. अफजल वर्ष 2008 में कोलकाता में एक कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में जेल गया था। वर्ष 2008 से 2012 तक जेल में रहने के दौरान उसकी मुलाकात अन्य अपराधियों से हुई और वहीं गिरोह का गठन हुआ। जेल से बाहर आने के बाद सभी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से बैंक डकैती की घटनाओं को अंजाम देना शुरू किया।

आधा दर्जन बैंकों में डकैती, डेढ़ अरब का सोना लूटा

अमृत विचार : अंतरराज्यीय बैंक डकैतों का गिरोह पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में आधा दर्जन से अधिक बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को निशाना बनाकर अब तक करीब 90 किलो, यानी लगभग डेढ़ अरब रुपये का सोना लूट चुका है। एसटीएफ की पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना मो. अफजल 2008 में कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में जेल गया था। जेल के भीतर ही उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गिरोह तैयार किया और 2013 में बाहर आने के बाद योजनाबद्ध तरीके से बैंक और गोल्ड फाइनेंस कंपनियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

15 मिनट में 36 किलो सोना लूटने का रिकॉर्ड

अमृत विचार : गिरोह ने 2013 में पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित मुथुट्ट फाइनेंस कंपनी में दिनदहाड़े धावा बोला। हथियारों के बल पर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाकर महज 15 मिनट में 36 किलो सोना लूट लिया गया। इसके बाद सभी आरोपी धनबाद के निरसा पहुंचे, जहां लूट के माल का बंटवारा किया गया।

सिर्फ 10 प्रतिशत सोना ही बरामद

अमृत विचार : पुलिस के अनुसार, अब तक हुई डकैतियों में लूटे गए सोने का केवल करीब 10 प्रतिशत ही बरामद हो पाया है। बाकी सोना गिरोह ने अवैध बाजार में खपाकर ठिकाने लगा दिया।

प्रॉपर्टी में लगाते थे काली कमाई

अमृत विचार : पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि लूटे गए सोने को बड़े कारोबारियों को चोरी-छिपे बेच दिया जाता था और उससे मिली रकम को जमीन, मकान और रियल एस्टेट में निवेश कर दिया जाता था, ताकि अवैध कमाई को वैध रूप दिया जा सके।

पूरे नेटवर्क की जांच जारी

अमृत विचार : एसटीएफ अब गिरोह के अन्य सदस्यों, उनके आपराधिक इतिहास और संपत्तियों की गहन जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि लूट का पैसा किन-किन कंपनियों और शहरों में लगाया गया है। यह कार्रवाई देशभर में सक्रिय संगठित बैंक अपराध के बड़े नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है।

अमूल, ज्ञान, शुद्ध समेत कई दुग्ध इकाइयों में मिली खामियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **14 टीमों ने मारा छापा, 388 टन खाद्य सामग्री सीज, कई नामी ब्रांड्स को नोटिस**

अमृत विचार : प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के विशेष अभियान के तहत डेयरी उत्पादों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई नामी ब्रांड्स की इकाइयों में गंभीर अनियमितताएं पकड़ी गईं। 14 विशेष टीमों ने लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर और कानपुर देहात में छापेमारी कर 56 नमूने लिए और करीब 388 टन खाद्य सामग्री सीज की, जिसकी अनुमानित कीमत 15.8 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

जांच के दौरान अमूल की इकाइयों में स्किम्ड मिल्क पाउडर की लेबलिंग में खामियां पाई गईं। बिना विटामिन मिलाए हेल्थ क्लेम करने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। वहीं ज्ञान के सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स, लखनऊ में घी और मिल्क पाउडर की लेबलिंग में कमियां सामने आईं। यहां इंडस्ट्रियल प्रिज़र्वेटिव्स के इस्तेमाल की आशंका पर 108 टन सामग्री (करीब 58 लाख रुपये) सीज की गई। इसी तरह शुद्ध ब्रांड (स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट) में बिना फूड-ग्रेड एडिटिव्स के उपयोग और बटरमिल्क में संदूषित मसालों की आशंका पर उत्पाद सीज कर नोटिस जारी किया गया। नमस्ते इंडिया यूनिट में भी स्वच्छता मानकों में कमी पाई गई। कानपुर देहात की भोले बाबा डेयरी में सबसे बड़ी गड़बड़ी सामने आई, जहां एक्सपायरी डेट बदलकर उत्पाद बेचने का मामला उजागर हुआ। यहां से 227 टन स्किम्ड मिल्क पाउडर (करीब 15.2 करोड़ रुपये) सीज किया गया। इस अभियान के तहत कुल नौ इकाइयों पर कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

राजस्व निस्तारण में लखनऊ अव्वल

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त निगरानी में चल रहे अभियान से प्रदेश में राजस्व मामलों के निस्तारण में उल्लेखनीय तेजी आई है। आरसीसीएमएस की अप्रैल रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रदेश में 3,37,708 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें लखनऊ ने 18,861 मामलों के साथ पहला स्थान हासिल किया। प्रयागराज 12,036 मामलों के साथ दूसरे, बाराबंकी 9,139 के साथ तीसरे और आजमगढ़ 8,483 मामलों के साथ चौथे स्थान पर रहा। जनपद स्तर पर जौनपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक मामलों का निस्तारण कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

मंथन

विधानसभा में आयोजित युवा संसद के दूसरे दिन 180 युवाओं ने रखा विजन

युवाओं ने दिया राष्ट्र चिंतन को स्वर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **विधानसभा में गूंजा 'विकसित भारत 2047' का संकल्प**
- **75 जिलों के 375 प्रतिभागी केंद्रीय बजट पर कर रहे चर्चा**

अमृत विचार : विधानसभा में चल रही राज्य स्तरीय "विकसित भारत युवा संसद 2026" के दूसरे दिन 180 युवा वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्टस के 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश के 75 जिलों से चयनित 375 युवा भाग ले रहे हैं।

दूसरे दिन प्रतिभागियों ने "केंद्रीय बजट 2026: विकसित भारत 2047 की ओर युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना" विषय पर गहराई से चर्चा की। वक्ताओं ने रोजगार, स्टार्टअप इकोसिस्टम, डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और हरित अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों को जोड़ते हुए अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद राजीव तारारा ने अमरोहा के युवाओं से संवाद कर उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागियों ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का रोडमैप है, जो युवाओं को अवसर देने के साथ जिम्मेदारी भी सौंपता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी संभव है, जब विकास समावेशी और सतत हो।

युवा वक्ताओं के प्रस्तुतिकरण में गांव की जमीनी समझ, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का संतुलित समन्वय देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर पहुंचे प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी, जिससे पूरा सदन तालियों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का खास पहलू यह भी रहा कि अधिकांश प्रतिभागी पहली बार विधानसभा पहुंचे। उन्होंने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव बताते हुए कहा कि यहां उन्होंने लोकतंत्र को करीब से समझा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का समापन 3 मई को होगा। राज्य स्तर पर चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान लैबोरेटरीज और स्टील ट्यूब्स व पाइप विनिर्माता आरके स्टील मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 3 मई 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

कोटक महिंद्रा बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 5,423 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 4,933 करोड़ रुपये था। चौथी तिमाही में एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 4,027 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय आठ प्रतिशत बढ़कर 7,876 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले 7,284 करोड़ रुपये थी।

अप्रैल में 7 फीसदी बढ़ी टीवीएस मोटर की बिक्री

नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 4,73,970 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,43,716 इकाई थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 4,55,333 इकाई रही, जो अप्रैल 2025 में 4,30,150 इकाई थी। घरेलू बाजार में 3,48,545 दोपहिया वाहन बिके। वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 37,771 इकाई रही। तीन-पहिया वाहनों की बिक्री 18,637 इकाई रही। कंपनी ने बताया कि उसका कुल अंतरराष्ट्रीय कारोबार तीन प्रतिशत बढ़कर 1,20,008 इकाई रहा, जो अप्रैल 2025 में 1,16,700 इकाई था।

नहीं रहे डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक दीनदयाल गुप्ता

कोलकाता। होजरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और मानद चेयरमैन दीनदयाल गुप्ता का शनिवार को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। हरियाणा के भिवानी जिले के मानहेरू गांव में 13 सितंबर, 1937 को जन्मे गुप्ता 1962 में कोलकाता आ गए थे। उन्होंने 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज की नींव रखी और पांच दशकों से अधिक समय तक इसे एक साधारण शुरुआत से आगे बढ़ाते हुए देश के अग्रणी होजरी और परिधान निर्माताओं में से एक बनाया। इसका राजस्व 1,700 करोड़ रुपये से अधिक है।

सीडीएसएल को 455 करोड़ रुपये का मुनाफा

मुंबई। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 80 करोड़ रुपये रह गया। सीडीएसएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 100 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के अनुसार, इस तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 268 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले 256 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 455 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2024-25 में यह 526 करोड़ रुपये था।

कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी से देश भर में नाराजगी

बढ़ेगी महंगाई और कालाबाजारी, कटेगी पब्लिक की जेब

कारोबार डेस्क

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साइड इफेक्ट दिखायी देने लगे हैं। इस मूल्यवृद्धि को लेकर देश भर के लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश और समूचे उत्तर प्रदेश में हालात एक जैसे हैं। होटल रेस्तरां संचालक इससे महंगाई बढ़ने की आशंका से ग्रस्त हैं।

बता दें कि एक दिन पहले सरकार द्वारा वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के बीच लगातार तीसरे महीने कीमतों में इजाफा किया गया है।

नई दिल्ली में नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मानद कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि रेस्तरां पहले से ही आपूर्ति संबंधी चुनौतियों और बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं। सिलेंडर की उपलब्धता में कठिनाई है और कई असंगठित क्षेत्रों में कालाबाजारी भी बढ़ रही है। कहा कि जो कीमत पहले करीब 1,600 रुपये थी और छूट के साथ 1,300 रुपये तक आ जाती थी, वह अब बढ़कर 3,000 से 4,000 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

मध्यम आकार के एक रेस्तरां को रोजाना दो से पांच सिलेंडर की जरूरत होती है, जिससे लागत पर भारी दबाव पड़ रहा है। सिंह ने कहा कि छोटे प्रतिष्ठानों के लिए स्थिति और कठिन हो सकती है।

एसोसिएशन ने रेस्टोरेंट्स को दीर्घकालिक समाधान के रूप में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) कनेक्शन की ओर जाने की सलाह दी है।

पश्चिमी दिल्ली के एक रेस्तरां संचालक ने कहा कि यह स्थिति लंबी चली तो मेन्यू की कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी। उत्तरी दिल्ली के एक अन्य संचालक ने कहा कि सिर्फ खर्चों में कटौती से काम नहीं चलेगा और ईंधन कीमतें ऊंची रहीं तो व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला में वाणिज्यिक एलपीजी कीमतों में भारी बढ़ोतरी की आलोचन हो रही है। यहां 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत बढ़कर अब 3,071 रुपये हो गई है, जबकि पांच किलोग्राम सिलेंडर का दाम 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये हो गया है, जो करीब 48 प्रतिशत वृद्धि है।

होटल, रेस्तरां या फिर मिष्ठान भंडार संचालक, सभी का कहना कि पिछले दिनों मूल्य बढ़ने से पहले हम इसी कीमत में पहले दो सिलेंडर ले लेते थे। इसका असर सिर्फ ग्राहकों पर ही नहीं बल्कि पर्यटकों पर भी पड़ेगा क्योंकि कीमतों का बोझ अंततः उपभोक्ताओं की जेब पर ही डाला जाएगा। इससे कारोबार पर भी असर पड़ेगा।

रेस्टोरेंट और अन्य उत्पदों पर होगा असर

कानपुर। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में की गयी बढोतरी शहर के फूड सेक्टर सहित अन्य उद्योगों को प्रभावित करेगी। बाजार विशेषज्ञ रेस्टोरेंट और दुकानों में मिलने वाले पकवान भी महंगे होने की संभावना जता रहे हैं। फिलहाल माना जा रहा था कि कॉमर्शियल सिलेंडर की कमी के दूर होने पर दामों में वृद्धि कम होगी, लेकिन सिलेंडर के रेट बढ़ने के बाद अब यह उम्मीद भी टूट गई है।

निवेश की पाठशाला

पार्टनर कैसे बिगाड़ सकता है आपका CIBIL स्कोर

कारोबार डेस्क

शादी के बाद जब दो लोग एक होते हैं तो उनकी संपत्ति और विपत्ति भी आपस में जुड़ जाती है, लेकिन पति-पत्नी की क्रेडिट रिपोर्ट अपने आप गठबंधन नहीं करती। दोनों का वित्तीय इतिहास तब तक अलग-अलग ही रहता है, जब तक वे दोनों मिलकर कोई ज्वाइंट अकाउंट नहीं चलाते या संयुक्त रूप से कोई ऋण या क्रेडिट कार्ड साझा नहीं करते हैं। यदि करते हैं तो एक का खराब फाइनेंसियल विहैवियर दूसरे क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करता है। आईए समझते हैं-

FAIR
POOR
GOOD
VERY POOR
EXCELLENT

अच्छा क्रेडिट स्कोर क्यों जरूरी

क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच की वह संख्या है जो कर्ज देने वाली संस्था को आपके वित्तीय व्यवहार की जानकारी देती है। लेकिन विशेष बात ये कि ये स्थिर नहीं रहता। अपने वित्तीय व्यवहार में बदलाव कर आप खराब क्रेडिटस्कोर से सुधार सकते हैं। इसके लिए आपको 6 माह से एक साल पर अति अनुशासित रहना होता है।

शादी के बाद क्रेडिट इतिहास जुड़ने की शर्त

- शादी का गठबंधन आपकी क्रेडिट रिपोर्ट को आपस में नहीं जोड़ता। यह कब एक-दूसरे पर असर डालता है, इसके लिए कुछ विशेष परिस्थितियां होती हैं। कुछ यहां दी जा रही हैं-
- **अलग खाते** : अगर पति-पत्नी अपने खाते और लोन अलग रखते हैं, तो एक-दूसरे की वित्तीय गतिविधियों का परस्पर क्रेडिट रिपोर्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
- **शादी से पहले का ऋण** : शादी से पहले लिया गया कोई भी ऋण केवल लेने वाले के नाम पर ही रहता है, जब तक कि उसे संयुक्त रूप से दोबारा फाइनेंस न किया जाए।
- **ज्वाइंट लोन** : जब आप कोई ज्वाइंट लोन लेते हैं, वह दोनों की रिपोर्ट में दिखने लगता है।
- **गारंटर या को-साइनर बनना** : जब आप किसी के लोन में को-साइनर बनते हैं, तो आप उस कर्ज के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी बन जाते हैं। इससे आपके स्कोर पर सीधा असर पड़ता है।

क्रेडिट स्कोर का 5 'C' फॉर्मूला :

- बैंक आपकी साख को मापने के लिए अक्सर 5 चीजों पर ध्यान देते हैं :

1- Character (चरित्र) : यह आपके पुराने पुनर्भुगतान इतिहास और अनुशासन से तय होता है।
2- Capacity (क्षमता) : आय और रोजगार की स्थिरता के आधार पर कर्ज चुकाने की ताकत।
3- Capital (पूंजी) : आपकी बचत, निवेश और व्यक्तिगत संपत्ति का आकलन।
4- Collateral (गारंटी) : वह संपत्तियां जिन्हें आप ऋण के लेते समय गिरवी रख सकते हैं।
5- Conditions (शर्तें) : लोन का उद्देश्य और स्थितियां जो अदायगी को प्रभावित कर सकती हैं।

काम की बात

- शादी के बाद अपनी वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखते हुए संयुक्त लक्ष्यों को प्राप्त करना एक आर्ट है। पति या पत्नी का खराब सिबिल स्कोर यूं ही आपका खाता नहीं बिगाड़ता। जब आप संयुक्त रूप से ऋण लेते हैं तो इसकी अदायगी में अतिरिक्त सावधानी जरूरी हो जाती है। किसी एक की चूक दूसरेका क्रेडिट स्कोर बिगाड़ सकती है। इसलिए अपनी मुफ्त क्रेडिट रिपोर्ट जरूर चेक करते रहे, ताकि शारीरिक, मानसिक के साथ वित्तीय सेहत भी सही रहे।



यूपी के स्वास्थ्य विभाग को 12 अरब का बजट

सुधरेगी अस्पतालों की व्यवस्था, सेवाओं को मिलेगी मजबूती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (सार्वजनिक स्वास्थ्य) के अंतर्गत प्रावधानित बजट में विभिन्न योजनाओं और मदों में व्यय के लिए 12 अरब 4 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस बजट से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों की कार्यप्रणाली सुधारने और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने में मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग में सचिव रितु माहेश्वरी द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी आदेश के अनुसार, कार्यालय व्यय के लिए 25 करोड़ 48 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए 18 करोड़ 61 लाख 41 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य तथा खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग के लिए सबसे अधिक 11 अरब 11 करोड़ 11 लाख 79 हजार रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 31 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण योजनाओं के लिए 8 करोड़ 70 लाख 19 हजार रुपये तथा जन्म-मरण पंजीकरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए 9 करोड़ 1 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के लिए भी 22 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक का मानना है कि इस बजट से प्रदेश में अस्पतालों की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी, दवाओं की उपलब्धता में सुधार आएगा और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र को मजबूत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।

- **कार्यालय व्यय के लिए 25 करोड़ 48 लाख**
- **परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए 18 करोड़ 61 लाख**
- **वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 31 करोड़ 50 लाख का प्रावधान**
- **खाद्य एवंऔषधि प्रशासन के लिए 22 लाख रुपये**

एक्सिस बैंक की पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा शुरू

नयी दिल्ली, एजेंसी। निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। एक्सिस बैंक ने बयान में कहा कि यह शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है।

इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। इस शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया।

बयान के अनुसार, भारत में सुरक्षित जमा लॉकर की उपलब्धता और मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में। अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2030 तक देश में लगभग छह करोड़ संपन्न लोगों को बैंक लॉकर की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान में करीब 60 लाख लॉकर ही उपलब्ध हैं। यह अंतर बड़े शहरों में और अधिक स्पष्ट है, जहां शहरी आवास तेजी से 'गेटेड' रिहायशी परिसरों पर केंद्रित हो रहा है।

'मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड' पर न्यूनतम आयात मूल्य 30 सितंबर तक बढ़ा

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने 'वर्जिन मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड (वीपीबी)' के आयात पर लागू न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को 30 सितंबर, 2026 तक बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (एमआईपी) की ओर से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है।

34 साल पुरानी स्पिरिट एयरलाइंस बंद, 17 हजार नौकरियों पर संकट

खत्म हुआ बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित कंपनी का सफर

वेस्ट पाम बीच, एजेंसी

तत्काल प्रभाव से सभी उड़ानें रद्द

अमेरिका की प्रमुख किफायती विमानन सेवा प्रदाता 'स्पिरिट एयरलाइंस' ने शनिवार को अपना कारोबार पूरी तरह बंद करने की घोषणा की। अपने अनूठे विज्ञापनों और बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित इस कंपनी का सफर 34 साल बाद समाप्त हो गया है।

चमकीले पीले रंग के विमानों का संचालन करने वाली इस कंपनी ने बताया कि उसने तत्काल प्रभाव से अपने परिचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस एयरलाइन में लगभग 17,000 कर्मचारी काम करते थे।

एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि उसकी सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कंपनी ने कहा कि हमें पिछले 34 वर्षों के दौरान उद्योग पर अपने 'अति-निम्न लागत मॉडल' के प्रभाव पर गर्व है। हमें उम्मीद थी कि हम आने वाले कई वर्षों तक यात्रियों की सेवा करते रहेंगे। यात्रियों से कहा कि वे धन वापसी की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन दूसरी एयरलाइन में यात्रा के लिए कोई सहायता नहीं दी जाएगी। शुक्रवार को सरकार की ओर से कोई वित्तीय पैकेज न मिलने के बाद से ही कंपनी के बंद होने की आशंका जताई जा रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी सरकार ने इस बजट एयरलाइन को सरकारी धन से बचाने के लिए अंतिम प्रस्ताव दिया था, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। ईरान युद्ध के कारण विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच एयरलाइन दो साल से भी कम समय में दूसरी बार दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही थी। एयरलाइन के वकील मार्शल ह्यूब्नर के अनुसार, इस बंदी से लगभग 17,000 नौकरियों पर असर पड़ सकता है।

कोविड के बाद से संकट से जूझ रही थी एयरलाइन

स्पिरिट एयरलाइंस कोविड-19 महामारी के बाद से ही बढ़ती परिचालन लागत और कर्ज के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही थी। नवंबर 2024 में जब इसने पहली बार 'चैप्टर 11' (दिवालिया संरक्षण) के लिए आवेदन किया था, तब तक इसे 2020 की शुरुआत से 2.5 अरब डॉलर से अधिक का घाटा हो चुका था। अगस्त 2025 में कंपनी ने दोबारा दिवालिया संरक्षण के लिए आवेदन किया। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, उस समय कंपनी पर 8.1 अरब डॉलर का कर्ज था।

चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों के लिए फेमा एफडीआई नियमों में ढील, अधिसूचना जारी

नई दिल्ली,एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से उन विदेशी कंपनियों को फेमा के तहत स्वचालित मार्ग से भारत में निवेश करने की अनुमति देने के फैसले को अधिसूचित किया है, जिनमें चीन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च में डीपीआईआईटी के 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधनों को मंजूरी दी थी।

इन संशोधनों के अनुसार, जिन विदेशी कंपनियों में चीन या हांगकांग की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है, वे उन क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश कर सकती हैं, जहां एफडीआई की अनुमति है, जो क्षेत्रीय शर्तों के अधीन होगा।

हालांकि, यह रियायत चीन, हांगकांग या भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने मार्च में प्रेस नोट 2 (2026 श्रृंखला) के माध्यम से इसे अधिसूचित किया था। आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की अधिसूचना के अनुसार, लाभकारी स्वामी अभिव्यक्ति का वही अर्थ होगा जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (एफए) में दिया गया है।

पीएमएलए नियम के अनुसार नियंत्रणकारी स्वामित्व हित का अर्थ कंपनी के 10 प्रतिशत से अधिक शेयरों या पूंजी या लाभ पर स्वामित्व या पात्रता से है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 तक भारत में आए कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में केवल 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ चीन 23वें स्थान पर है।

रूफटॉप सोलर में यूपी ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पांच लाख से ज्यादा संयंत्र लगे, 65 हजार से अधिक लोगों को मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश ने रूफटॉप सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नया रिकॉर्ड कायम करते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में अब तक 5,00,115 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

इस अभियान के तहत कुल 8,94,217 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में संयंत्रों की स्वीकृति और स्थापना पूरी की गई। इससे राज्य में 1,696.68 मेगावाट की क्षमता तैयार हुई है, जो ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार ने 3,038.08 करोड़ रुपये और राज्य सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी प्रदान की है। अधिकारियों के अनुसार, इन संयंत्रों से प्रतिदिन करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य की बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की लागत घटी है और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई है।

रोजगार के मोर्चे पर भी योजना का सकारात्मक असर दिखा है। करीब 5,000 कंपनियों के माध्यम से 65,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं।

साथ ही, छतों पर संयंत्र लगाने से लगभग 6,500 एकड़ भूमि का संरक्षण भी संभव हुआ है।

स्थापना की रफ्तार ने बनाया रिकॉर्ड

अप्रैल 2026 में महज 30 दिनों के भीतर 51,882 संयंत्र स्थापित किए गए, जो अब तक का सबसे तेज प्रदर्शन है। इस दौरान औसतन 1,729 संयंत्र प्रतिदिन लगाए गए, जबकि मार्च में यह औसत 1,700 था। ऊर्जा क्षेत्र में इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश ने देश में अपनी अग्रणी स्थिति और मजबूत कर ली है।

इंवेस्टमेंट

प्रदेश ने सोना-चांदी निवेश में लगाई लंबी छलांग

गोल्ड में 321 और सिल्वर ईटीएफ में 679 प्रतिशत का जबरदस्त बूम

कारोबार संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सोने-चांदी के आसमान छूते भाव, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) निवेशकों का पंसदीदा सेक्टर बनकर उभरा है। एसोशिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड (एम्फी) के पिछले एक साल के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ में जबरदस्त बूम आया है।

गोल्ड में 321 फीसदी और सिल्वर में 679 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया है। इस अप्रत्याशित निवेश से बाजार के जानकार भी हैरान हैं। ईटीएफ निवेश में लखनऊ प्रथम तो कानपुर दूसरे स्थान पर है। आगरा तीसरे, वाराणसी चौथे और प्रयागराज पांचवें स्थान पर है। एम्फी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में अब तक गोल्ड ईटीएफ में 178521.79 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार इसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 2703.37 करोड़ रुपये है, जो 1.15 प्रतिशत है। सिल्वर व अन्य ईटीएफ में कुल निवेश 930915.21 करोड़ रुपये है। इसमें प्रदेश का हिस्सा 0.67 प्रतिशत है। देश स्तर पर ये आंकड़ा भले ही कम हो लेकिन मार्च 2025 के मुकाबले मार्च 2026 में यूपी में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 642 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,703 करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह सिल्वर ईटीएफ में 167 करोड़ से बढ़कर 1,299 करोड़ रुपये तक निवेश हो चुका है।

Exchange
Traded
Funds

इसलिए बढ़ रहा ईटीएफ में निवेश

इस तेजी के पीछे कई कारण हैं। पहला, गोल्ड और सिल्वर को सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है, लेकिन सोने-चांदी की तेजी ने छोटे निवेशकों की पहुंच से दूर कर दिया है। इसलिए छोटे निवेशक ईटीएफ के माध्यम से सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। इससे उनको सोने-चांदी के बराबर ही रिटर्न मिलता है। दूसरी वजह डिजिटल युग में ऑनलाइन खरीद-बिक्री आसान है। बाजार का जोखिम भी कम रहता है।

प्रदेश में ईटीएफ निवेश (करोड़ रुपये में)

योजना	मार्च-26	मार्च-25	वृद्धि	प्रतिशत
गोल्ड	2,703	642	2,061	321%
सिल्वर	1,299	167	1,132	679%
अन्य	6,234	4,075	2,159	53%

टॉप 5 शहरों में मार्च तक निवेश (करोड़ रुपये में)

शहर	गोल्ड	सिल्वर	अन्य ईटीएफ
लखनऊ	394	189	909
कानपुर	268	129	619
वाराणसी	126	60	290
आगरा	131	63	303
प्रयागराज	108	52	250

> सोने और चांदी की गिनती अब सिर्फ गहनों के तौर पर नहीं होती है, ये निवेश पोर्टफोलियो का हिस्सा बन चुके हैं। इसी वजह से छोटे और मझोले शहरों के भी निवेशक ईटीएफ के माध्यम से सोना और चांदी तेजी से खरीद रहे हैं। प्रदेश में इस तरह की तेजी अप्रत्याशित है।
>
> **-राजीव सिंह,** आर्थिक विशेषज्ञ।

वर्ल्ड ब्रीफ

घाना का अमेरिकी समझौता नामंजूर

अकरा। घाना ने डेटा की गोपनीयता संबंधी चिंताओं के कारण अमेरिका के साथ प्रस्तावित स्वास्थ्य समझौते को ठुकरा दिया है और अब वह एक नए समझौते पर बातचीत करना चाहता है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले भी कई अफ्रीकी देश डेटा साझा करने को लेकर चिंताओं के कारण इस समझौते से पीछे हट चुके हैं। घाना के डेटा संरक्षण आयोग के कार्यकारी निदेशक अर्नोल्ड कावारपुओ के अनुसार, इस समझौते में ऐसे प्रावधान हैं जिनसे अमेरिकी संस्थाओं को जरूरी सुरक्षा उपायों के बिना घाना के स्वास्थ्य संबंधी संवेदनशील आंकड़ों तक पहुंच मिल सकती है। कावारपुओ ने कहा कि समझौते के तहत डेटा तक जिस स्तर की पहुंच मांगी गई थी, वह जरूरी मानी जाने वाली सीमा से कहीं अधिक थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय द्विपक्षीय वार्ता का ब्योरा सार्वजनिक नहीं करता।

ऑस्कर ट्रॉफी को एयरलाइन ने खोजा

लंदन। जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने कहा कि उसने रूसी फिल्म निर्माता पाशा तालनकिन की ऑस्कर पुरस्कार प्रतिमा का पता लगा लिया है, जो न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा संभावित हथियार के रूप में चिह्नित किये जाने के बाद गुम हो गई थी। इस साल मार्च में अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म "मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन" के सह-निर्देशक तालनकिन बुधवार को न्यूयॉर्क से फ्रैंकफर्ट की अपनी यात्रा के दौरान ट्रॉफी के गायब हो जाने के बाद सदमे में थे। शुक्रवार शाम को एयरलाइन ने कहा कि ट्रॉफी मिल गई है और इसे जितनी जल्दी हो सके तालनकिन को लौटा दिया जाएगा।

आइकॉन्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी शुरू

लंदन। मैडम तुसाद संग्रहालय ने इस सप्ताह अपने लंदन मुख्यालय में आइकॉन्स ऑफ इंडिया नाम से एक उत्सव की शुरुआत की, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट जगत की भारतीय हस्तियों के मोम के पुतलों को एक साथ प्रदर्शित किया गया। सीमित समय के लिए आयोजित यह प्रदर्शनी में भारतीय अभिनेताओं और क्रिकेटरों की मोम की 13 मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। मई और जून के महीनों के लिए, इस क्षेत्र को भारतीय संस्कृति से प्रेरित एक जीवंत स्थान में रूपांतरित किया गया है, जहां आगंतुक अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर सहित कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों की मोम की मूर्तियों को देख सकते हैं।

राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक पर पंजाब में दो प्राथमिकी दर्ज

चंडीगढ़, एजेंसी

- **हाल ही में पाठक ने आप छोड़कर थामा था भाजपा का दामन**

हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब पुलिस ने प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पाठक के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। हालांकि इन प्राथमिकियों के बारे में अभी कोई और विवरण सामने नहीं आया है। पाठक उन सात राज्यसभा सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने आप छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। आप को 24 अप्रैल को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके 10 राज्यसभा सदस्यों में से सात- पाठक, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजिन्दर गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी अपने सिद्धांतों, आदर्शों से भटक गई है।

गुजरात में छात्र पढ़ेंगे मोदी तत्व और आरएसएस का इतिहास

वडोदरा, एजेंसी

- **बड़ोदरा के एक विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम में शामिल किया**

गुजरात के वडोदरा स्थित एक विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर आधारित पाठ मोदी तत्व और आरएसएस के इतिहास संबंधी पाठ को अपने समाजशास्त्र के पाठ्यक्रम में शामिल किया है, ताकि समाज पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया जा सके।

समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में देशभक्ति का समाजशास्त्र नामक नए पाठ्यक्रम को जोड़ा है, जिसका उद्देश्य 'मोदी तत्व' और छत्रपति शिवाजी महाराज व सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय जैसे समाज सुधारकों के कार्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण करना है। उन्होंने कहा कि चाहे आप इसे पसंद करें या न करें, आपको राजनीतिक क्षेत्र और नेतृत्व की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चर्चा करनी ही होगी। वह एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जो लंबे समय तक प्रभावी रहेंगे। हम समाजशास्त्री मैक्स वेबर के करिश्माई नेतृत्व का अध्ययन करना चाहते थे, जो महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग में देखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी में भी उसी तरह का करिश्माई नेतृत्व दिखाई देता है। यह एक वैज्ञानिक विषय है जिसका विश्लेषण आवश्यक है।

सिंह नीति आयोग की सार्वजनिक परियोजनाओं की निगरानी से जुड़े 'प्रोजेक्ट' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि 'मोदी तत्व' में मीडिया और डिजिटल राष्ट्रवाद, नागरिकता और असहमति, और वैश्वीकरण और पहचान की राजनीति जैसे विषयों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। सिंह ने कहा कि ये तीनों भाग मोदी तत्व की अवधारणा पर वैज्ञानिक रूप से काम करेंगे और इस बारे में अध्ययन करेंगे कि वह इतने प्रसिद्ध क्यों हो रहे हैं, उनकी स्वीकार्यता इतनी व्यापक कैसे है, और भारत में सबसे लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के पीछे उनमें क्या खास बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियां, जैसे कि नोटबंदी, डिजिटल क्रांति, फास्टैग, जल शक्ति मंत्रालय आदि, यह दर्शाती हैं कि वे लोगों की इच्छाओं को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, और शायद यही कारण है कि उन्हें लोगों का इतना समर्थन मिलता है।

सिंह ने बताया कि देशभक्ति का समाजशास्त्र मॉड्यूल में चार प्रश्नपत्र होंगे, जिनमें से प्रत्येक के लिए 15 घंटे का शिक्षण कार्य होगा। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रम का विचार तब आया जब विभाग के एमए के छात्र नीति आयोग द्वारा सार्वजनिक नीतियों की निगरानी के हिस्से के रूप में दूरदराज के गांवों में सर्वेक्षण कर रहे थे।

होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध

होर्मुज पर नियंत्रण के लिए जारी टकराव के बीच अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेताया

दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करने पर उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव के बीच अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) द्वारा शुक्रवार को दी गई चेतावनी ने दबाव और बढ़ा दिया है। आम तौर पर शांति के समय दुनिया के तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद जहाजों पर हमले की धमकियां देकर और हमले करते हुए जलडमरूमध्य को सामान्य यातायात के लिए लगभग बंद कर दिया। बाद में उसने कुछ जहाजों को अपनी तटरेखा के करीब वैकल्पिक मार्गों से मोड़कर सुरक्षित मार्ग प्रदान करना शुरू किया, और कई बार इस सेवा के लिए शुल्क भी वसूला। अमेरिका की प्रतिबंध चेतावनी का मुख्य केंद्र यह टोलबूथ जैसी व्यवस्था है। ओएएफसी के अनुसार, भुगतान की मांगों में केवल नकद ही नहीं, बल्कि डिजिटल परिसंपत्तियां, समायोजन (ऑफसेट), अनौपचारिक अदला-बदली, या अन्य प्रकार के वस्तु-आधारित भुगतान भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें परमार्थ दान और ईरानी दूतावासों में किए जाने वाले भुगतान भी शामिल हैं। ओएफएसी ने कहा कि वह यह चेतावनी इसलिए जारी कर रहा है ताकि अमेरिकी और गैर-अमेरिकी व्यक्तियों को इस बात से अवगत कराया जा सके कि ईरानी शासन को सुरक्षित मार्ग के लिए भुगतान करने या उससे गारंटी की मांग करने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी स्पष्ट किया कि ये जोखिम भुगतान के किसी भी तरीके पर लागू होते हैं। अमेरिका ने 13 अप्रैल को ईरान द्वारा जलडमरूमध्य बंद किए जाने के जवाब में अपनी ओर से एक नौसैनिक नाकाबंदी लागू की, जिससे किसी भी ईरानी तेल टैंकर को बाहर जाने से रोका गया और ईरान को उसकी कमजोर अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए आवश्यक तेल राजस्व से वंचित कर दिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि नाकाबंदी शुरू होने के बाद से 45 वाणिज्यिक जहाजों को वापस जाने को कहा गया है।

चीन स्थित कच्चे तेल टर्मिनल पर प्रतिबंध लगाए

वाशिंगटन। अमेरिका ने चीन स्थित एक कच्चे तेल टर्मिनल संचालक पर ईरानी संस्थाओं से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करने पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ईरान के अवैध तेल व्यापार को बाधित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। यह व्यापार ईरानी शासन की आय का मुख्य स्रोत है, जिससे आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता को वित्तीय मदद मिलती है। पिगॉट ने कहा कि मंत्रालय ने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार में शामिल कई संस्थाओं, एक व्यक्ति और एक पोत पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस कार्रवाई के तहत चीन स्थित पेट्रोलियम टर्मिनल संचालक क्विंगदाओ हाइये ऑयल टर्मिनल कंपनी लिमिटेड को निशाना बनाया गया है। इस कंपनी ने करोड़ों बैरल प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल का पिछले साल फरवरी से आयात किया है। अमेरिका ने चीनी नागरिक और क्विंगदाओ हाइये के अध्यक्ष शिंगचुन ली तथा दो पोत प्रबंधन कंपनियों-ब्रिटेन स्थित थ्राइविंग टाइम्स इंटरनेशनल व हांगकांग स्थित ऑनबोर्ड शिप मैनेजमेंट लिमिटेड-पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

ड्रोन के माध्यम से रूस के अंदरूनी क्षेत्र में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहा यूक्रेन

मास्को। यूक्रेनी ड्रोन रूस के अंदरूनी इलाकों में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहे हैं जिससे धुएं के बड़े गुबार उठ रहे हैं जिन्हें अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है और काला सागर के पर्यटन स्थलों पर विषैली बारिश भी हो रही है। इन हमलों का उद्देश्य रूस के तेल निर्यात को कम करना है क्योंकि तेल निर्यात यूक्रेन पर निरंतर रूसी आक्रमण के लिए धन का एक प्रमुख स्रोत है। हालांकि आर्थिक प्रभाव अभी तक स्पष्ट नहीं है, क्योंकि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से क्रेमलिन के खजाने में वृद्धि हुई है। फिर भी, हमलों की व्यापकता और उनके पर्यावरणीय प्रभाव से युद्ध का असर मोर्चे से दूर आम रूसियों तक पहुंच रहा है। यूक्रेन के ड्रोन ने दो सप्ताह से भी कम समय में चार बार काला सागर के किनारे तुआपसे शहर में तेल रिफाइनरी और निर्यात टर्मिनल को निशाना बनाया है, जिससे आग लग गई और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। यह शहर सीमा से करीब 450 किलोमीटर की दूरी पर है। यूक्रेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रूस के पर्म क्षेत्र में एक तेल पंपिंग स्टेशन पर लगातार दो दिनों तक हमला किया है। यह क्षेत्र यूक्रेन से 1,500 किलोमीटर (900 मील) से अधिक दूर है। रूसी मीडिया ने इन हमलों की खबर दी।

जबलपुर क्रूज हादसे में दिल्ली के परिवार के तीन लोगों की मौत की सूचना घर पहुंची तो महिलाएं बिलख पड़ीं, उन्हें संभालती और ढांढस बंधाती आस-पड़ोस की महिलाएं।

दिल्ली के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत, गृह प्रवेश में गए थे जबलपुर

नई दिल्ली, एजेंसी

जबलपुर क्रूज हादसा

- **दिल्ली लौटने से पहले बरगी बांध घूमने गया था परिवार, हो गया हादसे का शिकार**

मध्यप्रदेश में गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गए दिल्ली के एक परिवार की यात्रा नर्मदा नदी के बरगी जलाशय में क्रूज के पलटने के कारण दर्दनाक हादसे में बदल गई। इस दुर्घटना में परिवार के छह में से तीन सदस्यों की मौत हो गई। परिजन के अनुसार, दिल्ली कैंट क्षेत्र का मैसी परिवार मंगलवार को जबलपुर में एक रिश्तेदार के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के बाद उन्होंने दिल्ली लौटने से पहले घूमने का फैसला किया।

बृहस्पतिवार शाम, परिवार करीब 40 यात्रियों के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित क्रूज पर सवार हुआ, जो बरगी बांध पर तेज हवाओं और ऊंची लहरों के कारण असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में मरीना (39), उनका चार वर्षीय बेटा त्रिशन उर्फ जहां, मरीना की मां मधुर मैसी (62) की मौत हो गई। वहीं मरीना के पति प्रदीप, 14 वर्षीय बेटी सिया उर्फ पीहू और मरीना के पिता जूलियस मैसी (65) बच गए। मरीना के भाई कुलदीप मोहन ने बताया, मेरे माता-पिता, बहन, उसके बच्चे और जीजा जबलपुर गए थे। उन्हें बृहस्पतिवार को लौटना था, लेकिन वे भ्रमण पर चले गए और यह हादसा हो गया। घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य क्रूज के ऊपरी हिस्से में थे, तभी अचानक मौसम खराब हो गया। उन्होंने कहा, मेरी बहन वीडियो कॉल पर हमें नजारा दिखा रही थी। अचानक सब बदल गया। वह मुझे बचा लो...मुझे बचा लो कहकर रो रही थी और फिर फोन कट गया। उन्होंने बताया कि लहरें तेज हो गईं और क्रूज डगमगाने लगा। मोहन ने कहा, ऊपरी मंजिल से लोग नीचे भागे। क्रूज बुरी तरह हिल रहा था और पानी अंदर जाने लगा था। तब मेरे जीजा प्रदीप ने तुरंत जीवन रक्षक जैकेट ढूंढनी शुरू की। प्रदीप ने जीवनरक्षक जैकेट निकालकर यात्रियों में बांटनी शुरू की, कुछ लोगों ने जैकेट पहनी, जबकि कुछ डर के कारण पानी में कूद गए। इस हादसे में मृतकों की संख्या 10 हो गई है।

पेड़-पौधे भी करते हैं आपस में संवाद

जंगल का इंटरनेट

जंगल के सन्नाटे में हमें लगता है कि पेड़ बस शांत खड़े हैं, लेकिन ज़मीन के नीचे एक हलचल भरा संसार है। जिस तरह हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के ज़रिए एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं, पेड़ भी आपस में संवाद करते हैं, संसाधन साझा करते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं। इसे वैज्ञानिकों ने 'वुड वाइड वेब' का नाम दिया है। जब हम किसी जंगल में चलते हैं, तो हम केवल उनकी टहनियों और पत्तों को देखते हैं। लेकिन असली जादू हमारी नज़रों से ओझल, मिट्टी के नीचे होता है। पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क वास्तव में कवक के धागेनुमा जाल और पेड़ों की जड़ों के बीच का एक सहजीवी संबंध है।

न्यूज डिकोडर

नेटवर्क का बुनियादी ढांचा

पेड़ की जड़ें : जो डेटा और संसाधनों के 'हब' की तरह काम करती हैं। **माइसेलियम** : जो 'फाइबर ऑप्टिक केबल' की तरह काम करता है, संदेशों और पोषक तत्वों को एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक पहुँचाता है। पेड़ फोटोसिंथेसिस के ज़रिए चीनी (शुगर) बनाते हैं और इसका कुछ हिस्सा इन कवक को देते हैं।

करोड़ों वर्ष पुराना...पेड़ों का सोशल नेटवर्क

पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क आज का नहीं, बल्कि करोड़ों साल पुराना है। इस नेटवर्क के केंद्र में 'माइसेलियम' नाम के बारीक कवक तंतु होते हैं। ये तंतु इतने महीन होते हैं कि मिट्टी के एक चम्मच हिस्से में कई मील लंबे तंतु हो सकते हैं। ये कवक पेड़ों की जड़ों से जुड़कर एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार करते हैं जो पूरे जंगल को एक एकल इकाई के रूप में जोड़ देता है। इस नेटवर्क की खोज ने पारिस्थितिकी तंत्र (ईको सिस्टम) को देखने का हमारा नज़रिया बदल दिया है। पहले माना जाता था कि पेड़ संसाधनों (धूप, पानी, खनिज) के लिए आपस में केवल प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन 'वुड वाइड वेब' की खोज ने साबित किया कि पेड़ आपस में सहयोग करते हैं। वे न केवल भोजन (शुगर) साझा करते हैं, बल्कि आने वाले खतरों जैसे कि कीटों के हमले या सूखे की चेतावनी भी एक-दूसरे को भेजते हैं।

मदर ट्री : जंगल के मुख्य सर्वर

- जंगल के इस नेटवर्क में सबसे पुराने और बड़े पेड़ों की भूमिका 'मदर ट्री' जैसी होती है। ये नेटवर्क के सबसे बड़े 'नोड्स' होते हैं।
- पोषण : ये पेड़ अपने छोटे पौधों को पहचानते हैं और उन्हें अतिरिक्त पोषण भेजते हैं ताकि वे कम धूप वाली जगहों पर भी जीवित रह सकें।
- विरासत : जब एक मदर ट्री मरने वाला होता है, तो वह अपनी बची हुई ऊर्जा और ज्ञान नेटवर्क के ज़रिए अगली पीढ़ी को हस्तांतरित कर देता है।

पेड़ आपस में क्या बातें करते हैं

- पेड़ आपस में दो तरह से संवाद करते हैं : **रासायनिक संकेत** : जड़ों के ज़रिए रसायनों को भेजकर। **विद्युत संकेत** : कवक तंतुओं के माध्यम से कमजोर विद्युत आवेग भेजकर, जो काफी हद तक इंसानी तंत्रिका तंत्र जैसा होता है।

वे क्या संदेश देते हैं

- **चेतावनी** : अगर किसी पेड़ पर कीड़ों का हमला होता है, तो वह नेटवर्क में रासायनिक चेतावनी भेजता है। पड़ोसी पेड़ इसे प्राप्त करते ही अपनी पत्तियों में कड़वे रसायन बनाना शुरू कर देते हैं ताकि कीड़े उन्हें न खाएं।
- **संसाधन साझा करना** : यदि एक पेड़ ऐसी जगह है जहाँ धूप कम है, तो पास का पेड़ उसे अपनी अतिरिक्त चीनी भेज सकता है।

नेटवर्क के फायदे : जंगल की एकता

- **लचीलापन** : एक जुड़ा हुआ जंगल सूखे या बीमारी का सामना अकेले खड़े पेड़ों की तुलना में बेहतर कर सकता है।
- **विविधता का संरक्षण** : यह नेटवर्क अलग-अलग प्रजातियों के बीच भी काम करता है। उदाहरण के लिए, चीड़ के पेड़ और ओक के पेड़ भी आपस में संसाधन साझा कर सकते हैं।

जर्मनी से 5000 सैनिकों को वापस बुलाएगा अमेरिका

- **अगले छह से 12 महीनों के बीच योजना पर होगा अमल**

वाशिंगटन। अमेरिका अगले छह से बारह महीनों में जर्मनी से अपने करीब 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा। पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका का यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के अनुरूप है, जो उन्होंने ईरान के साथ अमेरिकी युद्ध को लेकर जर्मन नेता के साथ चल रहे टकराव के दौरान दी थी। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी जर्मनी से कुछ सैनिकों को वापस बुलाने की धमकी उस वक्त दी थी, जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा था कि ईरानी नेतृत्व द्वारा अमेरिका को अपमानित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, मर्ज ने युद्ध में वाशिंगटन की खराब रणनीति की आलोचना की थी।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य स्थिति की गहन समीक्षा के बाद लिया गया है और यह युद्ध क्षेत्र की आवश्यकताओं और जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जर्मनी में कई अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, जिनमें यूरोप और अफ्रीकी कमानों का मुख्यालय, रामस्टीन वायुसेना और लैंडस्टुहल में एक चिकित्सा केंद्र शामिल है, जहां अफगानिस्तान और इराक युद्धों में घायल हुए लोगों का इलाज किया जाता था।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष	आज सरकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है।
वृष	आज नई तकनीकी सीखने पर जोर दें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का व्यवहार आपको अचंभित कर सकता है। शाम का समय सुखद बीतेगा।
मिथुन	आज व्यावसायिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकता है। विदेश जाने की योजना बना रहे लोगों को शुभ संकेत मिलेंगे।
कर्क	आज मानसिक रूप से स्वयं को काफी मजबूत महसूस करेंगे। जटिल कार्यों को भी सरलता से पूरा कर लेंगे।
सिंह	आज आपके पराक्रम की सराहना होगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों में अनुभवी व्यक्ति की सलाह काम आएगी।
कन्या	आज मन किसी अज्ञात भय से ग्रसित रह सकता है। सुविधाओं की वस्तुओं पर खर्च बढ़ सकता है। कोई भी निवेश अभी टालें।
तुला	आज का दिन व्यापार में नए प्रयोग करने के लिए उत्तम है। रिश्तेदार से मुलाकात मन को प्रसन्न कर देगी। निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होगा।
वृश्चिक	आज का दिन उपलब्धियों भरा रहेगा। रुकी हुई पदोन्नति की खबर मिल सकती है। सामाजिक दायरे में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।
धनु	आज मांगलिक उत्सव में शामिल हो सकते हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम मिलेंगे। किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें।
मकर	आज संपत्ति से जुड़े लेन-देन में सावधानी बरतें। कार्यस्थल पर काम का बोझ बढ़ सकता है। परिवार में शांति बनाए रखें।
कुंभ	आज रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। नया प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और नए अनुबंध प्राप्त होंगे।
मीन	आज संचित धन का सही निवेश करने की योजना बनाएंगे। ससुराल पक्ष से कोई उपहार या सहयोग मिल सकता है।

लेखा-जोखा

वित्त वर्ष 2025-26 के जारी किए गए आधिकारिक आंकड़े में हुआ खुलासा

ईडी ने की रिकॉर्ड छापेमारी और कुर्की, लेकिन गिरफ्तारी घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान धनशोधन मामलों में की गई गिरफ्तारियों में लगभग 27 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन इस अवधि के दौरान कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 81,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत केंद्रीय एजेंसी द्वारा तलाशी या छापेमारी की संख्या 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग दोगुनी होकर 2,892 हो गई। अपराध से प्राप्त आय की परिभाषा, गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती तथा संपत्ति कुर्क करने के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पीएमएलए के तहत व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। अधिनियम के प्रावधानों के कारण जमानत प्राप्त करना भी अत्यंत कठिन हो जाता है क्योंकि अदालत का यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आरोपी दोषी नहीं है और जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अन्य अपराध करने की आशंका नहीं है। पिछले वित्तीय वर्ष में, ईडी ने धोखाधड़ी के पीड़ितों को कुर्क की गई संपत्तियां वापस लौटाने के अपने निर्धारित लक्ष्य को दोगुने से पार कर लिया, क्योंकि उसने उक्त अवधि के दौरान 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां वापस कीं। एजेंसी ने 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस लौटाने का लक्ष्य रखा था। एजेंसी द्वारा उसकी वार्षिक रिपोर्ट (वित्त वर्ष 2025-26) में उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अध्ययन में पाया गया कि ईडी ने उल्लेखित वित्त वर्ष में 156 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 2024-25 में यह संख्या 214 थी, यानी लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट।

प्रवर्तन निदेशालय ने दाखिल किए 812 आरोप पत्र, यह भी एक रिकॉर्ड

ईडी द्वारा की गई छापेमारी, जिसे अक्सर टेलीविजन समाचारों और अखबारों में विस्तार से दिखाया जाता है, वित्त वर्ष 2026 में पिछले वर्ष के 1,491 छापों की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़कर 2,892 हो गई। इसके चलते ईडी ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान सफलतापूर्वक 812 आरोपपत्र दाखिल किए, जो एक रिकॉर्ड है, जबकि पिछले वर्ष अदालतों में केवल 457 आरोप पत्र दाखिल किये गए थे। आंकड़ों के मुताबिक पीएमएलए जांच शुरू करने के लिए दर्ज की गई प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़कर 1,080 मामले हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2025 में केवल 775 मामले दर्ज किए गए थे। एजेंसी ने पिछले वित्त वर्ष में 32,678 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस कीं, जबकि वित्त वर्ष 2025 में धोखाधड़ी के पीड़ितों को 15,263 करोड़ रुपये की संपत्तियां सौंपी गई थीं। पिछले साल 'पीटीआई-भाषा' की खबर के अनुसार, ईडी निदेशक राहुल नवीन ने वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत में 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस दिलाने का लक्ष्य रखा था।

अमेरिका में आंध्र के युवक ने आत्महत्या की

कुरनूल। आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के मूल निवासी 26 वर्षीय युवक ने हाल में अमेरिका के शिकागो में कर्ज के बोझ से परेशान होकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने अनुरोध किया कि मृतक की पहचान गुप्त रखी जाए क्योंकि उनके माता-पिता बुजुर्ग हैं और कई बीमारियों से ग्रस्त हैं। आंध्र प्रदेश के सूचना एवं संचार मंत्री नारा लोकेश ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शोक व्यक्त किया और मृतक के शव को स्वदेश वापस लाने में सहायता का आश्वासन दिया।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 3 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 4 मई 03 .01 तक तत्पश्चात तृतीया।

दिशाशूल-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा 07 .10 तक तत्पश्चात अनुराधा।

सुडोकू - 137 का हल

1	6	9	5	4	8	2	7	3
2	3	5	7	1	9	4	8	6
4	8	7	2	6	3	1	9	5
8	2	1	9	5	6	3	4	7
9	7	6	3	2	4	8	5	1
3	5	4	1	8	7	9	6	2
7	1	3	8	9	5	6	2	4
6	9	2	4	7	1	5	3	8
5	4	8	6	3	2	7	1	9

सुडोकू -138

		2		4				
	7		5					
					2			
2						8		6
	4	1			5		9	
3		8						
			9				7	
9		4			1		5	
	8	6		5		2		

टी-20 विश्व कप में यास्तिका भाटिया भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण पूरा करेंगी, वहीं नंदिनी डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों में शामिल थीं। ये टीम में एक अलग ही सकारात्मक ऊर्जा लेकर आती हैं।

–कप्तान हरमनप्रीत कौर

IPL 2026

आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

गुजरात टाइटंस
बनाम
पंजाब किंग्स
समय - शाम 7:30 बजे

कंबोज और नूर की मदद से सीएसके ने मुंबई इंडियंस को 159 रनों पर समेटा

आईपीएल-2026 : रिकेल्टन, नमन और सूर्यकुमार यादव ही दिखा सके दम

चेन्नई, एजेंसी

अफगानिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद (26 रन देकर दो विकेट) ने अनुशासित गेंदबाजी की अगुवाई की जिसकी बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक अहम मैच मे मुंबई इंडियंस को सात विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। नूर के अलावा अंशुल कंबोज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद मेहमान टीम का प्रदर्शन काफी फीका रहा जिसमें केवल नमन ही कुछ देर टिककर खेल सके। उन्होंने 37 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। उनके अलावा रेयान रिकेल्टन ने 37 रन और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन का योगदान दिया। मुंबई इंडियस के कप्तान हार्दिक पंड्या का 23 गेंद में 18 रन बनाना टीम के संघर्ष की कहानी बयां करता है। मुकेश चौधरी ने सीएसके के लिए बेहतरीन शुरुआत की और पहले ही ओवर में सिर्फ एक रन दिया। इसके बाद आईपीएल में पदार्पण कर रहे रामकृष्ण घोष ने दूसरे ओवर में अंशुल कंबोज की गेंद पर विल जैक्स का एक शानदार कैच लपककर प्रभावित किया।

जैक्स ने ऑफ-स्टंप के बाहर आती गेंद पर आगे बढ़कर शॉट लगाने की कोशिश की और रामकृष्ण ने डीप बैकवर्ड प्वाइंट से दौड़ते हुए डाइव लगाकर कैच लिया जिससे एम ए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे। लगातार निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद दोनों ही टीम का टूर्नामेंट में आगे का सफर अब इस मैच के नतीजे पर ही टिका हुआ है। नमन धीर ने पारी की पहली बाउंड्री लगाई जब उन्होंने गेंद को फ्लिक करने की कोशिश की जो उनके बल्ले से लगकर डीप फाइन लेग की ओर हवा में उड़ गई। शानदार फॉर्म में चल रहे रेयान रिकेल्टन ने मुकेश की गेंदों पर एक्सट्रा कवर के ऊपर और डीप मिडविकेट के ऊपर लगातार दो छक्के जड़े। फिर नमन भी लय में आ गए और उन्होंने कंबोज की गेंद पर एक जोदार छक्का जड़ दिया। फिर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने प्रशांत वीर को गेंदबाजी के लिए बुलाया और रिकेलटन ने उनका स्वागत तीन छक्कों के साथ किया। यह ओवर मुंबई इंडियंस के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ जिससे उन्हें कुल 18 रन मिले। नमन ने मुकेश की गेंद पर अपना दूसरा छक्का जड़ा और इस तरह मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का समापन एक विकेट पर 57 रन के साथ किया। नमन जब 19 रन पर थे तब शिवम दुबे ने उनका कैच छोड़ दिया था जो बहुत ही आसान कैच था। लेकिन सीएसके ने तुरंत वापसी करते हुए रिकेलटन का बड़ा विकेट ले लिया। बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद ने उन्हें तब आउट किया जब रिकेलन ने घुटने पर बैठकर डीप मिडविकेट की तरफ शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उर्विल पटेल के हाथों में चली गई।

रामकृष्ण ने अपने पदार्पण ओवर में सिर्फ सात रन दिए जिसमें सूर्यकुमार यादव (12 गेंद) का लगाया एक छक्का भी शामिल था। सूर्यकुमार ने नूर की गेंद पर भी एक छक्का और एक चौका जड़ा था पर सूर्यकुमार अपनी तेज शुरुआत को एक बड़ी पारी में बदलने में फिर नाकाम रहे। रामकृष्ण की गेंद को उन्होंने कवर के ऊपर से निकालने की कोशिश की, लेकिन डीप में लपके गए। रामकृष्ण ने इस तरह अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया।मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में काफी डॉट गेंद खेली और तिलक वर्मा का बड़ा विकेट गंवा दिया जिन्होंने एक टर्न होती गेंद पर स्वीप शॉट लगाने की कोशिश की जो उनके बल्ले के ऊपरी किनारे पर लगकर गायकवाड़ के हाथों में समां गई। फिर हार्दिक कोई बड़ा शॉट लगाने में नाकाम रहे।

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते रेयान रिकेल्टन। एजेंसी

मुंबई इंडियंस

159/7 (20 ओवर)

■ विल जैक्स का रामकृष्ण बो कंबोज	01
■ रेयान रिकलटन का पटेल बो नूर	37
■ नमन धीर का सब बो ओवरटन	57
■ सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो रामकृष्ण	21
■ तिलक वर्मा का गायकवाड़ बो नूर	05
■ हार्दिक पंड्या का ब्रेविस बो कंबोज	18
■ रोबिन मिंज बो कंबोज	05
■ कृष भगत नाबाद	03
■ ट्रेंट बोल्ट नाबाद	07

अतिरिक्त : 05, विकेट पतन : 1-1, 2-59, 3-99, 4-109, 5-134, 6-139, 7-151

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-25-0, कंबोज 4-0-32-3, प्रशांत 2-0-25-0, नूर 4-0-26-2, रामकृष्ण 3-0-24-1, ओवरटन 4-0-23-1

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	8	6	1	1	13	1.043
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	9	6	3	0	12	1.420
3.	सनराइजर्स हैदराबाद	9	6	3	0	12	0.832
4.	राजस्थान रॉयल्स	10	6	4	0	12	0.510
5.	गुजरात टाइटंस	9	5	4	0	10	-0.192
6.	दिल्ली कैपिटल्स	9	4	5	0	8	-0.895
7.	चेन्नई सुपर किंग्स	8	3	5	0	6	-0.121
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	8	2	5	1	5	-0.751
9.	मुंबई इंडियंस	8	2	6	0	4	-0.784
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	8	2	6	0	4	-1.106

ऑरेंज कैप

- केएल राहुल
दिल्ली-433 रन
- अभिषेक शर्मा
हैदराबाद -425 रन
- हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद-414 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार
बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज
चेन्नई-17 विकेट
- जोफ्रा आर्चर
राजस्थान-15 विकेट

हाईलाइट

मानस धामने पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। भारत के उभरते टेनिस खिलाड़ी मानस धामने ने शनिवार को कजाखस्तान के शिमकेंट में फ्रांस के एंटोनी गिबाउडो को सीधे सेटों में हराकर पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचकर बड़ी सफलता हासिल की। अठारह साल के इस भारतीय खिलाड़ी ने क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में संयमित और आक्रामक खेल दिखाते हुए गिबाउडो को 6-4, 6-3 से हराया। इस हफ्ते के उनके शानदार प्रदर्शन से उनकी रैंकिंग और आत्मविश्वास को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है क्योंकि वह जूनियर से पेशेवर सर्किट में अपना सफर जारी रखे हुए हैं। सोमवार को उनके शीर्ष 400 में शामिल होने की संभावना है। धामने अब रविवार को फाइनल में बेल्जियम के बुवायसर गदामौरी के खिलाफ कोर्ट पर उतरकर खिताब जीतना चाहेंगे।

सूर्यवंशी को आंख दिखाने पर जैमिसन को मिला एक डिमेरिट अंक

जयपुर, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमिसन को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक अंदाज अपनाने के लिए एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल ने बयान में कहा काइल जैमीसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन किया जिसके लिए उन्हें एक डिमैरिट अंक दिया गया और उन्हें चेतावनी भी दी गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो किसी अन्य खिलाड़ी का अपमान करते हैं या उससे आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सकते हैं। यह घटना राजस्थान रॉयल्स की पारी के दूसरे ओवर में घटी, जब 15 वर्षीय सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जैमीसन आक्रामक अंदाज में उनके पास गए। सूर्यवंशी ने हालांकि किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं की लेकिन वह ऐसा कर सकते थे। जैमीसन ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में सात विकेट से जीत हासिल की थी।

पंजाब किंग्स की निगाह वापसी पर

- गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबला आज शाम
- 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर मौजूद है श्रेयस की टीम

अहमदाबाद, एजेंसी

पिछले मैच में पंजाब किंग्स का जीत का सिलसिला टूट गया और वह लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगा।

राजस्थान रॉयल्स ने इस सप्ताह के शुरू में पंजाब किंग्स के अजेय अभियान पर रोक लगा दी थी। हालांकि पंजाब किंग्स की टीम आठ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स उससे सिर्फ एक अंक पीछे हैं। लगातार छह जीत हासिल करके शुरुआती बढ़त बनाने वाली पंजाब किंग्स की गेंदबाजी विभाग को लेकर कुछ चिंताएं हैं। पंजाब के बल्लेबाजों की तरह उसके गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाए हैं। उसके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजों की कमियां खुलकर सामने नहीं आई हैं लेकिन टूर्नामेंट अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है और ऐसे में कोई कमजोरी टीम पर भारी पड़ सकती है।

अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब किंग्स के शशांक सिंह। एजेंसी

जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगा हैदराबाद

हैदराबाद। अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से खिताब के दावेदारों में शामिल हुई सनराइजर्स हैदराबाद की टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। सनराइजर्स की टीम लगातार पांच मैच जीत चुकी है और अंकतालिका में नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने अब तक छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर की टीम अभी तक संघर्ष करती रही है, लेकिन उसने अपने आखिरी दो मैच जीते हैं। 10 टीमों के टूर्नामेंट में वह आठवें स्थान पर है।

भारतीय खिलाड़ी भागते हैं डोपिंग से बचने के लिए : आईटीए प्रमुख

न्यूयॉर्क। ओलंपिक खेलों और अन्य प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में डोपिंगरोधी कार्यक्रम का प्रबंधन करने वाली संस्था अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) के प्रमुख ने भारत में डोपिंग के मामलों की उच्च दर, खिलाड़ियों को 'परीक्षण से पहले अग्रिम सूचना दिए जाने' और उनका नमूना नहीं देने पर चिंता व्यक्त की है।

आईटीए के महानिदेशक बेंजामिन कोहेन ने एक रिपोर्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह संदेश दिया है कि यदि भारत 2036 खेलों की मेजबानी करना चाहता है, तो उसे शासन और संरचनात्मक स्तर पर कई सुधार करने होंगे। 'द एथलेटिक' के अनुसार कोहेन ने कहा, 'हम भारत में डोपिंग की स्थिति को लेकर चिंतित हैं और हमें जमीनी स्तर पर हो रही कई घटनाओं के बारे में जानकारी मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'हमें ऐसे किस्से भी सुनने को मिल रहे हैं कि खिलाड़ी डोपिंग की जांच से बचने के लिए भाग जाते हैं।

महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम घोषित

- यास्तिका व नंदिनी को चुना गया व प्रतिका- अमनजोत बाहर
- हरमनप्रीत कौर करेंगी सभी टीमों की कप्तानी
- इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होंगे मुकाबले

मुंबई, एजेंसी

भारत ने शनिवार को इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में 'अनकैप्ड' (जिसने अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया। जहां विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रतिका रावल और हरलीन देओल को टीम से बाहर रखा गया, वहीं ऑलराउंडर अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण चयन से चूक गईं।

हरमनप्रीत कौर सभी टीमों की कप्तानी करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। प्रतिका को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह टेस्ट मैच 10 से 13 जुलाई के बीच लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा, वहीं हरलीन वनडे सीरीज में भारत ए टीम की अगुआई करेंगी।

नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। तेज गेंदबाज लाइन-अप में पूजा वस्त्राकर भी शामिल नहीं हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के साथ मिलकर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करती रहेंगी। अनुष्का शर्मा व उमा छेत्री के लिए जगह नहीं थी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। मुख्य टीम काफी हद तक वैसी ही है जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे महिला विश्व कप जीता था।

मुंबई में बीसीसीआई के हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाते के साथ बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत साकिया (बीच में), सिलेक्शन पैनल की चेयरपर्सन अमिता शर्मा (दाएं) और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। एजेंसी

टी-20 विश्व कप टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (दूसरी विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, स्नेह राणा।

भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

भारतीय टीम विश्व कप से पहले मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 28 मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी हिस्सा लेगी। भारत 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने अब तक टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

थॉमस कप

फाइनल के लिए भारत की फ्रांस से होगी टक्कर

कोहनी में सूजन के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे लक्ष्य

होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी

भारत को फ्रांस के खिलाफ होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले करारा झटका लगा है क्योंकि उसके स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन दाहिनी कोहनी में सूजन के कारण इसमें नहीं खेल पाएंगे और उनकी अनुपस्थिति में विश्व के 30वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत कोर्ट पर उतरेंगे।

लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में दो मैच प्वाइंट बचाकर विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन पर एक घंटे 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21 22-20 21-17 से जीत दर्ज की, जिससे भारत ने चीनी ताइपे पर 3-0 से जीत हासिल की। इस मैच के दौरान हालांकि लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई थी और वह अभी तक इससे पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) के सचिव संजय मिश्रा ने बयान में कहा क्वार्टरफाइनल के एक कड़े मुकाबले में कई बार डाइव लगाने के बाद लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई। टीम के चिकित्साकर्मियों ने गहन जांच के बाद एहतियाती तौर पर यह फैसला किया। ताकि लक्ष्य चोट से उबर सके और अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो वह फाइनल के लिए पूरी तरह से फिट हो सकें। लक्ष्य के 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) और पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा उनके पैरों में छाले भी पड़ गए हैं। लक्ष्य की अनुपस्थिति में युवा आयुष शेट्टी विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ शुरुआती एकल मैच खेलेंगे। पोपोव ने 2024 में हाइलो ओपन में भारतीय खिलाड़ी को हराया था। श्रीकांत दूसरे एकल मुकाबले में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। तीसरे एकल खिलाड़ी के रूप में एचएस प्रणय का सामना विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव से होगा, जिनका भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ 1-0 का रिकॉर्ड है। यदि मुकाबला एकल से आगे बढ़ता है तो हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन पहले युगल मुकाबले में एलोई एडम और लियो रॉसी का सामना करेंगे।



2022 में भारत ने थॉमस कप जीता था। उसने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक जीते थे

टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ेगा असर

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) के सचिव संजय मिश्रा ने कहा मुझे नहीं लगता कि यह कोई झटका है। हमारे पास अच्छी टीम है, हर कोई आत्मविश्वास से भरा है और अगर हम यह मैच जीत जाते हैं, तो उम्मीद है कि लक्ष्य फाइनल के लिए उपलब्ध रहेगा। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार मुकाबले आम तौर पर खिलाड़ियों की रैंकिंग के आधार पर होते हैं। प्रत्येक टीम के सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल और युगल खिलाड़ी आमने सामने होते हैं। यदि खिलाड़ियों को एकल और युगल दोनों में प्रतिस्पर्धा करनी है, तो उन्हें युगल में जोड़ी बनाने से पहले अपने एकल मैच पूरे करने होंगे।

सिनर ने करियर की 350वीं जीत दर्ज की

- मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में बनाई जगह

मैड्रिड, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने करियर की 350वीं जीत हासिल की और पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

सिनर ने आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 22 मैच तक बढ़ा दिया। सिनर लगातार पांचवें मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज़्वेरेव का सामना करेंगे। जर्मन खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 6-2, 7-5 से हराया। सिनर लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इससे पहले पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो में खिताब जीते थे। सिनर 2000 के दशक में जन्में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने करियर में 350 मैच जीते हैं। यही नहीं सिनर एक विशिष्ट सूची में भी शामिल हो गए हैं।

वह रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के बाद सभी नौ मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे और सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला वर्ग के फाइनल में मीरा एंड्रीवा का सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा।